सुप्रभात
रांची, गुरुवार
22.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 220

06 स्मृति शेष : बहुत याद आएंगे अमीन सयानी

सीएम ने अबुआ आवास की दी सौगात, ग्राम गाड़ी योजना शुरू की
झारखंड से भेदभाव कर रही केंद्र सरकार

- हेमंत ने घुटने नहीं टेके, तो साजिश कर जेल में डाला
- केंद्र ने कहा पीएम आवास देंगे, पर हमें नहीं दिया

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को अबुआ आवास और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की सौगात दी। मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में समारोह में चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया। साथ ही रांची समेत दक्षिणी प्रमण्डल के जिलों के अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र भी सौंपा। वहीं 80 बसों के साथ मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की। इस दौरान श्री सोरन ने केंद्र सरकार, भाजपा और केंद्रीय एजेंसी पर जम कर भड़ास निकाली। उन्होंने केंद्र पर झारखंड से भेदभाव करने का आरोप लगाया। कहा कि झारखंड से निकले खनिज की बदौलत दिल्ली, यूपी और गुजरात तक में रौनक है, पर झारखंड राज्य पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गैर-भाजपा शासित प्रदेशों की सरकारों को लगातार परेशान करती रहती है। युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जब भाजपा के आगे घुटने नहीं टेके, तो उनको केंद्रीय एजेंसी की मदद से जेल में डाल दिया। सीएम ने कहा, हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में जो काम किया, वह भाजपा के लोग 25 वर्ष में भी नहीं कर सकते। हमारी सरकार हेमंत की सभी योजनाओं को आगे बढ़ायेगी। सरकार किसी के दबाव में नहीं आयेगी।

केंद्र ने आदिवासियों से धोखा किया : सीएम श्री सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने कहा था कि 2022 तक सबको पक्के मकान देंगे, 2024 आ गया, नहीं मिला। यहां के आदिवासी-मूलवासियों के साथ कितना बड़ा धोखा किया गया। प्रधानमंत्री आवास को ले कर पीएम ने बड़ी-बड़ी बातें कीं। झारखंड से भी पीएम आवास के लिए लिस्ट भेजी गयी। पर केंद्र सरकार ने झारखंड को पैसे देने से मना कर दिए। तब जाकर तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तय किया कि हम अपने दम पर झारखंड के लोगों को पक्का मकान बनाकर देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत बाबू ने प्रदेश की जनता से जो वादे किये थे, उन सारे वादों को वह पूरा करेंगे। पलामू में सुखाड़ की समस्या को खत्म करने के लिए पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाने की योजना का शिलान्यास हो चुका है। पलामू को जल्द सुखाड़ से निजात मिल जाएगी।

भाजपा पर बरसे, कहा शर्म करें

सीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग अबुआ आवास को बबुआ आवास कहते हैं। उन्हें शर्म करनी चाहिए। भाजपा वाले सबसे लंबे समय तक सत्ता में रहे। वे बतायें कि उन्होंने राज्य के क्या किया। सीएनटी में छेड़छाड़ किया, तो जनता ने गद्दी से उतार दिया। तो अब वे लोकतांत्रिक तरीके से बनी सरकार को कमजोर करने की कोशिश में लग गये हैं। इसके लिए जांच एजेंसियों का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने झारखंड की क्या हालत कर दी थी, किसी से छिपा नहीं है। दो वर्ष में हेमंत ने जो काम कर दिया, वह भाजपा के लोग 25 वर्ष में भी नहीं कर सकते।

गांव-शहर की दूरी मिटेगी

चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की भी शुरुआत कर दी गयी है। इसके जरिये उनकी सरकार गांव और शहर की दूरी मिटा देगी। लोगों को शहर जाने में दिक्कत न हो, इसलिए इस योजना जरूरी थी। इसमें स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों को भी टिकट के पैसे नहीं देने होंगे। इससे गांव में रहने वाले गरीबों का शहर आना और वहां से लौटना आसान हो जायेगा। सीएम ने बुधवार को ही 80 बसों के साथ मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की। ये बसें गांव से शहरों को जोड़ेंगी। कार्यक्रम में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व अन्य लोग मौजूद थे।

भाजपा की साजिश सफल नहीं होने देंगे

सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि जब से झारखंड में गठबंधन की सरकार बनी, तभी से इसे गिराने की साजिशें रची जाने लगी। झारखंड के लोग समझ चुके हैं, भाजपा की नीति क्या है। झारखंड में उसकी साजिश कभी सफल नहीं होने देंगे। झारखंड की खनिज संपदा पर बाहरी लोगों की गिद्ध दृष्टि है। भाजपा की सरकार इतने दिनों तक प्रदेश में रही, उन्होंने सूबे का विकास नहीं किया। अब हमारी सरकार विकास कर रही है, तो इन्हें परेशानी हो रही है।

हमारी सरकार हेमंत पार्ट-2 है

चंपई सोरेन ने कहा कि वह बार-बार कहते हैं कि उनकी सरकार हेमंत सोरेन सरकार पार्ट-2 है। हेमंत सोरेन ने झारखंड को विकसित झारखंड बनाने का सपना देखा है। उन्होंने इसके लिए कई योजनाएं तैयार कीं हैं। चंपई सरकार उन योजनाओं को लागू करेगी और प्रदेश को खुशहाल प्रदेश बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। कोरोना काल में हेमंत सोरेन ने राज्यहित में अद्भुत काम किया। पूरे देश में झारखंड की सराहना हुई। लुंगी और हवाई चप्पल पहनने वालों के लिए हवाई जहाज की व्यवस्था की, ताकि वे सुरक्षित अपने परिवार के पास पहुंच सकें।

प्रश्न पत्र लीक का मामल और गहराया
जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने सौंप दिया इस्तीफा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीजीएल परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में उठे विवाद के बीच झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस संबंध में मुख्य सचिव झारखंड को अवगत भी करा दिया है। सीएस को लिखे गए पत्र में उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से स्वतः पद का त्याग करने का जिक्र किया है। उनके इस्तीफे की आधिकारिक पुष्टि मुख्य सचिव कार्यालय ने कर दी। पेपर लीक मामले की एसआइटी जांच कर रही है। वहीं, इस मामले में नामकुम थाने में प्राथमिक भी दर्ज की गयी है। नीरज सिन्हा 12 फरवरी 2023 को वह झारखंड डीजीपी के पद से सेवानिवृत हुए थे। इसके बाद उन्हें

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था।

एसआइटी कर रही जांच

मामले की जांच एसआइटी को सौंपी गयी। इस मामले में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो सज्जाद इमाम उर्फ शमीम समेत कई लोगों को गिरफ्तारियां हो चुकी है। इसी बीच आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने अपना त्यागपत्र मुख्य सचिव को भेज दिया है। इसमें उन्होंने इस्तीफे की व्यक्तिगत कारणों को बताया है। (शेष 11 पर)

प्रेमी शादी से मुकरा प्रेमिका ने की खुदकुशी

धनबाद। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के वासेपुर आरा मोड़ स्थित ट्रेनिंग स्कूल की समीप एक युवती ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद बैंक मोड़ थाना, भूली ओपी और राजकीय रेल थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की है। जिस लड़के से युवती प्रेम करती थी उसके घर वाले शादी से के लिए रजामंद नहीं थे। वहीं मामले में मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी मंगलवार की शाम 6:00 बजे से गायब थी और आज बेटी की लाश मिलने की जानकारी मिली। मृतका के पिता ने बताया कि पिछले 5-6 महीने से बेटी का शोएब कुरैशी नामक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब बेटी अपने प्रेमी से शादी करने की बात कही तो उसने साफ इनकार कर दिया।

आलाकमान के आश्वासन पर रांची लौटे विक्षुब्ध कांग्रेसी, कहा
बदलाव जरूरी, किसी को मंत्री बना दें, आपत्ति नहीं

प्रभात सिंह

रांची। कांग्रेस के नाराज आठ विधायक बुधवार को देर शाम दिल्ली से रांची लौट आयें। दिल्ली में पांच दिनों तक रहने और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघर से मुलाकात के बाद सभी लौटे हैं। रांची लौटे विधायकों ने साफ कर दिया कि आलाकमान ने फेरबदल के संकेत दिये हैं। बस समय का इंतजार करें। आलाकमान के आश्वासन पर ही वे झारखंड लौटे हैं। उन्होंने कहा कि आलाकमान कांग्रेस के 12 विधायकों में से किसी को भी मंत्री बना दें, उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। विधायक कुमार जयमंगल ने कहा कि आलाकमान के सामने सारी चीजों को रख दिया गया है।

उनके पास भी रिपोर्ट है। केंद्रीय नेतृत्व ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ बुधवार को पांच विधायकों राजेश कच्छप, भूषण बारा, सोनाराम सिंकु, दीपिका पांडेय सिंह और कुमार जयमंगल ने वन टू वन बहस की। इससे पहले डॉ इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला और अंबा प्रसाद ने मंगलवार को मुलाकात की थी। रांची लौटे विधायकों में अपने मंत्रियों के प्रति भारी नाराजगी देखी गयी। विधायक राजेश कच्छप का कहना है कि जो मंत्री बने हैं, वे बिल्कुल नहीं सुनते हैं। अपने आप को राजा समझते हैं और अन्य विधायकों को प्रजा। पानी सर के ऊपर आ चुका था। आलाकमान को सारी बातों से अवगत करा दिया गया है। सकारात्मक बातचीत हुई है। जल्द इसका नतीजा दिखेगा। विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि नाराजगी अभी दूर नहीं हुई है। कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री शोषण कर रहे हैं। उन्हें हटाया जाए और पार्टी के अन्य 12 विधायकों में से किसी को भी मंत्री बना दिया जाए। इसमें पार्टी के अन्य विधायकों को कोई आपत्ति नहीं होगी। विधायक भूषण बारा ने कहा कि मंत्रियों से नाराजगी सिर्फ विधायकों की नहीं है, बल्कि जिलाध्यक्षों से लेकर कार्यकर्ता तक की है। वे किसी की भी नहीं सुनते हैं। विधायकों की बातों पर भी गौर नहीं करते हैं। विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि आलाकमान ने पार्टी और जनता के लिए काम करने का निर्देश दिया है। भाजपा की नीतियों का विरोध करने और लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर लाने को कहा गया है। वे लोग पार्टी को मजबूत करेंगे और आलाकमान के निर्देशों का पालन करेंगे।

रांची में जमीन कारोबारी दंपती की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में अपराधियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। बुधवार की देर शाम बाइक सवार अपराधियों ने दंपती को गोली मार कर हत्या कर दी। यह घटना जिले के पंडरा ओपी क्षेत्र के ओझा मार्केट स्थित जनक नगर में घटना रोड नंबर चार की है। बिरसा नामक व्यक्ति और उनकी पत्नी को गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा आनन फानन में दंपति को रिम्स भेजा, पर उनकी मौत हो गयी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। दंपति को अपराधियों ने किस वजह से गोली मारी, इसकी छानबीन की जा रही है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बिरसा जमीन का कारोबार करता था।

पुलिस को घटनास्थल से सात खोखा मिला है। बिरसा की पत्नी को पेट में गोली लगी है, अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी भी मौत हो गयी। बिरसा हाल ही में जेल से बाहर निकला था और जमीन के कारोबार में जुड़ा था। पुलिस को आशंका है सूद का काम करने और जमीन के मामले में ही बिरसा की हत्या हुई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। गौरतलब हो कि इसी रोड में अपराधियों ने सगे भाई बहन की हत्या कर दी थी और मां को मारकर जख्मी कर दिया था।

हेमंत सोरेन की याचिका पर फैसला आज

रांची। प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट के विशेष कोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बजट सत्र में शामिल होने को लेकर फैसला सुरक्षित रख लिया। विशेष कोर्ट अब गुरुवार को फैसला सुनायेगा। विधायक दुल्लू महतो और नलिन सोरेन का हवाला देकर महाधिवक्ता ने अदालत में बहस की। बजट सत्र में वित्तीय बिल पेश होता है। ऐसे में हेमंत सोरेन की उपस्थिति को अनिवार्य बताया। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद ही अब हेमंत सोरेन बजट सत्र में शामिल हो सकेंगे।

रांची टेस्ट जीतने की पूरी कोशिश करेंगे : गिल

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड की टीमें 23 से 27 फरवरी तक चौथा टेस्ट खेलेंगी। ऐसे में टीम इंडिया बुधवार को जेएससीए ग्राउंड में अभ्यास के लिए पहुंची। टीम में मुख्य बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल समेत बल्लेबाज और गेंदबाज शामिल थे। नेट प्रैक्टिस से पहले बुधवार को टीम इंडिया के खिलाड़ी शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि टीम जीतने के लिए पूरी कोशिश करेगी, हम पूरी तरह से तैयार हैं। यहां धोनी के बगैर खेलने और टीम उनको यहां कितना मिस करेगी? इस सवाल पर गिल ने कहा कि रांची में ही नहीं, हम चाहें भारत में कहीं भी खेलें, हर जगह हर कोई उन्हें मिस करता है। गिल ने कहा कि टीम इंडिया इस समय

बेहद संतुलित है। रांची में ही सीरिज जीतने की पूरी कोशिश होगी। टीम के शानदार प्लेयर विराट कोहली को टीम इंडिया जरूर मिस कर रही है। अभी टीम में जो यंग स्टार हैं, वे लगातार अपने परफॉर्मेंस से छाप छोड़ रहे हैं। टीम इंडिया के परफॉर्मेंस पर उन्होंने कहा कि टीम फिलहाल हर मैच में 400 प्लस रन कर रही है, जिसे बेहतर कहा जा सकता है।

किसानों ने दिल्ली कूच रोका, बोर्डर पर बवाल 12 जवान जख्मी
सभी समस्याओं हल हम निकाल लेंगे : अर्जुन मुंडा

एजेंसी

नयी दिल्ली। किसान संगठनों ने शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली कूच करने का प्लान फिलहाल 2 दिन के लिए टाल दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा है कि खनौरी में हुई घटना पर हम चर्चा करेंगे। दिल्ली को हमारे मार्च पर दो दिन का स्टे रहेगा। हम बाद में पूरी स्थिति स्पष्ट करेंगे कि क्या करना है, हमारा

आगे का आंदोलन क्या होगा। शुक्रवार को आगे की रणनीति की घोषणा होगी। किसान नेताओं ने कहा, सरकार हमारी मांगे नहीं मान रही है। वहीं शंभू, खनौरी बॉर्डर पर जमे किसानों ने बुधवार

समस्याओं का हल पहली प्राथमिकता

कृषि मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने बुधवार को यहां कहा कि सरकार किसान संगठनों के साथ चौथे दौर की बातचीत के बाद पांचवें दौर में सभी मुद्दे जैसे की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग, फसल विविधीकरण, पराली का विषय और आंदोलनकारियों पर प्राथमिकी पर बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, मैं दोबारा किसान नेताओं को चर्चा के लिए आमंत्रित करता हूं। उन्होंने सभी से शांति बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारी पिछली बैठकों में भले ही हम किसी निष्कर्ष पर पहुंचने में विफल रहे, लेकिन उम्मीद है कि आने वाले दिनों में किसानों की समस्या का समाधान हम जरूर निकाल लेंगे। को जम कर बवाल काटा। झड़प में जींद में 12 पुलिसकर्मी घायल हो गये। चौथे दौर की वार्ता विफल हो चुकी है। पांचवें दौर के लिए किसानों को आमंत्रित किया गया है। नयी दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों के साथ सभी मुद्दों पर बात करने को तैयार है। सरकार को भरोसा है कि किसानों की सभी समस्याओं का हल हो जायेगा। (शेष 11 पर)

बजट सत्र: आज झामुमो विधायक दल की बैठक

रांची। 23 से शुरू हो रहे बजट सत्र की तैयारी को ले कर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक दूसरे को घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। महागठबंधन विधायक दल की बैठक गुरुवार को सीएम आवास में बुलायी गयी है। बैठक में बजट सत्र से पूर्व चर्चा होगी। पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के अनुसारलोकसभा में सीट बंटवारे को लेकर भी मंथन किया जायेगा। **सीएम ने दिया जिम्मा :** बजट सत्र में सीएम के विभागों के सवालों के उत्तर देने व विधायी कार्यों के लिए छह कैबिनेट मंत्रियों आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख और भोक्ता को प्राधिकृत किया है।

न्यूज डायरी

जरमुंडी के एएसआइ घूस लेते गिरफ्तार

दुमका। एसीबी की टीम ने 10 हजार रिश्वत लेते जरमुंडी थाना के एएसआइ राजकुमार सिंह को एक बिचौलिए के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बिजली चोरी के केस में मदद के नाम पर घूस ले रहे थे। इस मामले में एएसआइ के लिए बिचौलिया का काम करने वाला स्वरूप सिन्हा को भी मौके से एसीबी की टीम ने घर दबोचा है। गिरफ्तार बिचौलिया स्वरूप सिन्हा भाजपा बासुकीनाथ क्षेत्र का मंडल अध्यक्ष है। गरडी गांव के अभिषेक कुमार ने एसीबी में शिकायत की थी। बिजली चोरी केस में राहत दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये मांग रहा था। एसीबी के एसपी कैलाश करमाली ने जनता से अपील की है कि अगर कोई भी सरकारी कर्मी आपसे रिश्वत की मांग करते हैं तो आप इसकी शिकायत जरूर एसीबी से करें।

नक्सलियों की साजिश नाकाम, आइइडी बरामद

पश्चिमी सिंहभूम। टोटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में बुधवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के लगाये गये एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडी) को बरामद किया है। बम निरोधक दस्ता ने उसी स्थान पर उसे नष्ट कर दिया। उल्लेखनीय है कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है।

6 लोगों पर गिरी चट्टान, तीन की मौत, 3 घायल

जयपुर। राजस्थान में पाली की ग्रेनाइट खदान में 6 मजदूरों पर 100 टन की चट्टान गिर गयी। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गयी। उनके शव चट्टान के नीचे दबने से पूरी तरह पिचक गये थे। इन्हें कपड़े में भरकर अस्पताल ले जाया गया। वहीं, 3 लोग घायल हो गये। हादसा पाली जिले के गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र के साकदड़ा गांव (चाणद) के पास बुधवार सुबह हुआ। घटना के बाद रीको विभाग ने जांच के लिए अजमेर से टीम भेजी है।

27 को रांची आयेंगी अभिनेत्री अमीषा पटेल

रांची। चेक बाउंस से जुड़े मामले में फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल 27 फरवरी को सीआरपीसी 313 के तहत बयान दर्ज करायेंगी। रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में अमीषा पटेल, उनकी कंपनी अमीषा पटेल प्रोडक्शन और बिजनेस पार्टनर कुमार ग्रूमर का बयान दर्ज होगा। दोनों पक्षों ने मध्यस्थता के लिए समझौते की पेशकश की थी लेकिन समझौता नहीं हो पाया, जिसके बाद अदालत ने अमीषा पटेल का बयान दर्ज करने के लिए 27 की तिथि निर्धारित कर दी।

सोना (बिक्री)	58,400	रु./10 ग्राम
चांदी	74,000	रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

जेएसएससी-सीजीएल विरोध प्रदर्शन में निर्दोष छात्रों का केस वापस ले सरकार

सीएम चंपई सोरेन से झामुमो छात्र मोर्चा ने मिलकर ज्ञापन सौंपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जेएसएससी-सीजीएल के प्रश्नपत्र लीक से संबंधित 31 जनवरी को जेएसएससी कार्यालय नामकुम रांची में विरोध प्रदर्शन हुआ था। इसमें नामकुम थाना पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नामजद एव अज्ञात एफआईआर दर्ज किया गया है। इसमें बहुत से ऐसे छात्रों का नाम हैं, जो निर्दोष हैं। इस मामले को लेकर झारखण्ड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति का प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिला। उनसे मांग किया कि पुलिस द्वारा चिन्हित कर जो दोषी न हों, उसका नाम इस केस से हटा देस ताकि निर्दोष छात्रों के चरित्र में दाग न लगे।

मोर्चा के अध्यक्ष अमन तिवारी ने सीएम से आग्रह किया कि निर्दोष छात्रों का नाम वापस करने का निर्देश पुलिस प्रशासन को दें, ताकि झारखंडी छात्र युवाओं पर एक अच्छा संदेश का संचार हो। सचिव असद फेराज टिंकू ने कहा यह सरकार छात्र युवाओं की सरकार हैं। उन्हें हरसंभव सरकार की ओर से सहायता की जाएगी। मौके पर अमन तिवारी,असद फेराज टिंकू, इरफान खान, अमन ठाकुर, अतिकुर रहमान, भास्कर महतो, राहुल मुंडा, अंकित कुमार महतो, कासिफ रजा शामिल थे ।

खबर एक नजर में

अमीषा पटेल 27 को दर्ज करायेंगी बयान

रांची। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में एक्ट्रेस 27 फरवरी को सीआरपीसी 313 के तहत अपना बयान दर्ज करायेंगी। सिविल कोर्ट के ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में अमीषा पटेल, उनकी कंपनी अमीषा पटेल प्रोडक्शन और बिजनेस पार्टनर कुमार ग्रूमर का बयान दर्ज होगा। दोनों पक्षों ने मध्यस्थता के लिए समझौते की पेशकश की थी लेकिन समझौता नहीं हो पाया। इसके बाद अदालत ने अमीषा पटेल का बयान दर्ज करने के लिए 27 फरवरी की तिथि निर्धारित कर दी।

सांसद गीता कोड़ा ने कोर्ट में लगायी हाजिरी

रांची। आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपी सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने बुधवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी केके मिश्रा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर हाजिरी लगाई। मामले में अब आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई होगी। इसके पहले अभियोजन की ओर से गवाह पेश किया जायेगा । अदालत ने गवाह पेश करने की तारीख 15 मार्च निर्धारित की है। बीते 15 फरवरी को गीता कोड़ा ने सरेंडर किया था। जानकारी हो कि आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और उसका सही जानकारी नहीं देने के आरोप में चार जनवरी 2012 में अदालत में केस दर्ज किया गया है।

लोकसभा चुनाव पर सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ सीइओ की बैठक कल

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में शुक्रवार को मुख्यालय स्तर पर सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ एक बैठक होगी। इसमें राज्य अंतर्गत सभी कोटि के शहरी निकायों के प्रशासकों को बुलाया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर आहूत इस बैठक में शहरी क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ शहरों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सभी शहरी निकायों के पदाधिकारियों से सुझाव लेकर रणनीति बनाई जाएगी औरनिर्वाचन आयोग के संबंधित दिशा निर्देशों से भी सभी को अवगत कराया जाएगा। मतदान प्रतिशत के इस अंतराल को न्यूनतम करने की प्रभावी कवायद शुरू करने को लेकर ही यह बैठक बुलाई गई है।

भाजपा की मानसिकता सिख विरोधी : मथारू

रांची। कोलकाता में भाजपा नेता शिवेंद्रू अधिकारी के दौरे के दौरान ड्यूटी में तैनात आईपीएस अधिकारी को खालिस्तानी बताए जाने की घटना की राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने कड़ी शब्दों में निंदा की है। आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि ड्यूटी में तैनात आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह को भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान कहकर अपमानित किया है। यहां भाजपा की सिख विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल सरकार को पत्र लिखकर सिख आईपीएस अधिकारी को अपमानित करने वाले भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

जांच में खुलासा : झारखंड के नियम-कानून को धता बता कर जारी किया गया प्रमाण पत्र

रांची। सैनिक स्कूल तिलैया में नामांकन टेस्ट 2018 की सीबीआई जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि किस तरह अधिकारी, पंचायत सचिव, मुखिया इत्यादि डोमेसाइल या जन्म प्रमाण पत्र तैयार कराते हैं। अधिकांश मामले ऐसे मिले जिनमें अधिकारियों के द्वारा ही डोमेसाइल निर्गत किया गया। इनमें कई फेक थे। वहीं, दो उदाहरणों में जन्म प्रमाण पत्र पंचायत सचिवों के द्वारा निर्गत किया गया है वह भी बिना किसी फील्ड वेरिफिकेशन के, यानि जिस निवास व जन्म स्थान का पता दिया गया था, उसकी जांच नहीं हुई और मिली भगत कर प्रमाण पत्र निर्गत किए गये हैं। वहीं, पांच मामले ऐसे मिले जिसमें मुखिया के द्वारा जाली वंशावली को सर्टिफाइड किया गया। इस वजह से प्रमाण पत्र आसानी से निर्गत हो गये। पूरे मामले पर सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आवासीय या जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने में झारखंड सरकार की गाइडलाइन का सीधा-सीधा उल्लंघन किया गया। सर्किल ऑफिस को भी धोखे में रखकर काम कराया गया। हल्का कर्मचारियों की सारे मामले में भूमिका तय करने को कहा है ताकि भविष्य में कागजातों का सत्यापन सही से हो सके।

सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों को अपनी सरकार पर ही भरोसा नहीं : रमाकांत महतो

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा है कि विगत पांच दिनों से झारखंड छोड़ दिल्ली में डेरा जमाये कांग्रेसी विधायकों पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों को अपनी सरकार पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सभी विधायक अपनी निजी फायदे के लिए सरकार की शिकायत करने दिल्ली में डेरा जमाये बैठे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की युवा, महिला, आदिवासी मूलवासियों की समस्या को लेकर ये विधायक कभी दिल्ली नहीं गये। इन विधायकों को न तो प्रदेश नेतृत्व भाव दे रही है और न ही केंद्रीय। फिर भी विलाप जारी है। मगर कोई इनका सुननेवाला नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र खत्म हो गया है ।एक ओर जहां कांग्रेस के 12 विधायक सोरेन सरकार के मंत्रियों के प्रदर्शन पर नाराजगी जाहिर करते हैं वही, दूसरी ओर आलाकमान द्वारा भाव नहीं दिये पर राज्य विकास का घड़ियाली आंसू बहाते हैं। उन्होंने कहा है कांग्रेस पार्टी की प्रकृति रही है कि जहां उनकी साझेदारी की सरकार रहती है, वहां तो बारगेनिंग करते ही हैं।

सीएम चंपई सोरेन ने महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का किया शुभारंभ

ग्रामीण इलाकों में 15 हजार किमी बनेगी सड़क ग्राम गाड़ी योजना की बसें दौड़ेंगी सरपट : सीएम

देश में झारखंड सोने की चिड़िया, जिसपर बाहरी लोगों की है नजर

अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच किया स्वीकृति पत्र का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य के सीएम चंपई सोरेन ने बुधवार को राज्य की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना' की शुरूआत की। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के समय बनी इस योजना के शुरू होने से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए आवागमन बहुत आसान हो जाएगा। राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने ग्राम गाड़ी योजना की लॉन्चिंग के साथ-साथ रांची प्रमंडल में अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। चंपई सोरेन की सरकार में राज्य के 20 लाख से अधिक लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि अबुआ आवास योजना में 38 लाख आवेदन आये हैं। जिसमें से 20 लाख आवेदन को शॉर्टलिस्टेड किया गया है। चंपई सोरेन ने कहा कि अबुआ आवास योजना इसलिए लाना पड़ा, क्योंकि केंद्र सरकार ने हमें पीएम आवास की राशि नहीं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन महीने के अंदर नौ लाख लाभुकों को अबुआ आवास दे दिया जाएगा। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में 15 हजार किलोमीटर सड़क बनेगी, जिसपर ग्राम गाड़ी योजना की गाड़ी सरपट दौड़ेगी। उन्होंने कहा कि युवा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ भेदभाव हुआ है। राजनीतिक दल की तरह केंद्रीय जांच एजेंसियां काम कर रही हैं। हेमंत सोरेन ने राज्य की बुनियादी जरूरतों को समझ लिया था। देश में झारखंड सोने की चिड़िया है, जिसपर बाहरी लोगों की नजर पड़ी है। राज्य के आदिवासी मूलवासी जहां थे, वहीं रह गए हैं। डबल इंजन की सरकार ने 5000 से ज्यादा प्राथमिक स्कूलों को बंद कर दिया था, तो हेमंत सोरेन ने यहां के किसानों, मजदूरों को उन्नत शिक्षा देने और विदेश तक भेजने की व्यवस्था की है। बीजेपी की सरकार ने 1 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया था। हमारी सरकार ने नए राशन कार्ड बनवाये।

राज्य के मंत्री, सांसद और विधायक ने भी रखे विचार

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना क्रांतिकारी कदम : रामेश्वर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के शुभांरभ और अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि ये दोनों क्रांतिकारी कदम हैं और इससे जनजीवन में सुधार होगा।

डबल इंजन की सरकार में सिर्फ झूठ : सत्यानंद भोक्ता मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पूर्व की डबल इंजन की सरकार ने सिर्फ जुमला दिया। हेमंत सोरेन और चंपई सोरेन की सिंगल इंजन की सरकार ने रोजगार, आवास, परिवहन, पेंशन सबकुछ जनता जनार्दन को दिया है।

मजदूरों के मसीहा और गरीबों के नेता हैं चंपई : बन्ना राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि पूर्व युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और वर्तमान मुख्यमंत्री के अनुभव का लाभ राज्य को मिलेगा। बन्ना गुप्ता ने कहा कि हम टूटने और झुकने वाले लोग नहीं है।

सुपर हिट है अबुआ आवास योजना : दीपक बिरुआ अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण और परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी सोच के साथ जुड़ी अबुआ आवास योजना एक सुपरहिट योजना है। ग्राम गाड़ी योजना भी सुपरहिट होगी।

शिक्षा-रोजगार क्षेत्र में राज्य आगे बढ़ेगा : महुआ माजी सांसद महुआ माजी में कहा कि ग्राम गाड़ी योजना से शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में राज्य आगे बढ़ेगा।

ये लोग नि:शुल्क करेंगे ग्राम गाड़ी योजना के तहत सफर

- राज्य के 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले सभी वरिष्ठ नागरिक।
- राज्य के छात्र-छात्राएं।
- राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिलाएं।
- राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारी।
- दिव्यांगजन।
- एचआईवी संक्रमित व्यक्ति।
- मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान।
- लाभार्थियों के चयन में एसटी, एससी और ओबीसी को प्राथमिकता।
- लाभुकों को नए वाहन की खरीद पर पांच प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी पांच वर्षों के लिए।
- योजना के तहत चलने वाली गाड़ियों को रोड टैक्स में राहत।
- एक रुपए की टोकन राशि पर नए वाहनों को परमिट शुल्क, निबंधन शुल्क, फिटनेस टेस्ट शुल्क का आवेदन।
- योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नागरिक, वाहनों के स्वामी अपने-अपने जिलों के डीटीओ से संपर्क कर सकते हैं।

हेमंत सोरेन की सोच थी अबुआ आवास योजना : शिल्पी मांडर से कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज जिन लोगों के हाथ में अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र मिलने की खुशी है, यह निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढ़संकल्प का नतीजा है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यों को चंपई सोरेन सरकार आगे बढ़ा रही है।

राज्य के उद्योग मंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

झारखंड में औद्योगिक विकास को नयी दिशा देना प्राथमिकता : सत्यानंद भोक्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। उद्योग विभाग का मंत्रालय संभालने के बाद पहली बार प्रोजेक्ट भवन स्थित उद्योग विभाग कार्यालय में बुधवार को मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री भोक्ता ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में औद्योगिक विकास को लेकर गंभीर है। विभाग को नई दिशा देना सरकार की प्राथमिकता है। उद्योग विभाग स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है। सरकार अपने सामाजिक ढांचे, कुशल मानव संसाधन और संस्कृति के अनुरूप बेहतर कार्य करेगी।

प्रयास करें कि कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिले

कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिये जाने का प्रयास हो। उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। बंद पड़े उद्योगों को पुनः चालू करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा, ताकि बेरोजगारों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान किया जा सके। नए उद्योगों के लिए सरकार अनुकूल माहौल तैयार करेगी। इससे राज्य में नए निवेशक भी आएंगे। उद्योग के लिए मूलभूत ढांचा बेहतर होना जरूरी है। इस पर सरकार तेजी से काम करेगी। झारखंड असीम संभावनाएं वाला प्रदेश है। सरकार औद्योगिक नीति 2021 को बेहतर तरीके से लागू करेगी। इससे राज्य का विकास के साथ अतिरिक्त रोजगार और संसाधन भी सृजित होगा। समीक्षा बैठक में उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, जुडको निदेशक माधवी मिश्रा समेत कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

राज्य में सड़क-पुल की नयी परियोजनाएं जल्द : बसंत सोरेन

रांची। पथ निर्माण भवन निर्माण व जलसंसाधन विभाग के मंत्री बंसत सोरेन ने बुधवार को कहा कि पूर्व की हेमंत सोरेन की सरकार में काफी विकास कार्य हुए हैं। ऐसे में वर्तमान चंपाई सोरेन की सरकार में भी उन्हीं विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जायेगा। वह बसंत प्रोजेक्ट भवन स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़क-भवन निर्माण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही हैं। लंबित योजनाएं जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही नई सड़क-ब्रिज की की स्वीकृति दी जायेगी।

राज्य के 27 जिला शिक्षा पदाधिकारी बदले, मो. वसीम बने रांची के डीइओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य में सरकार ने विभिन्न जिलों के 27 शिक्षा पदाधिकारियों का तबादला किया है। लोहरदगा के डीईओ अपरूपा पॉल चौधरी को डीईओ खूंटी बनाया गया है। इसी तरह मो वसीम अहमद को गुमला से रांची भेजा गया है। अभय कुमार शील को गुमला का डीएसई बनाया गया है। वहीं, प्रवीण रंजन को खूंटी, अतुल कुमार चौबे को डीएसई बोकारो, मुकुल राज को डीएसई गिरिडीह, निशु कुमारी को डीएसई धनबाद, टोनी प्रेमराज टोप्पो को डीईओ पश्चिमी सिंहभूम, अजय टोपनो को डीएसई पशिचमी सिंहभूम, मनोज कुमार को डीईओ पूर्वी सिंहभूम, रणधीर कुजूर को प्राचार्य, महिला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मेदिनीनगर, पलामू, बिनोद कुमार को डीएसई देवघर, राजेश कुमार पासवान को डीएसई जामताड़ा, विनय कुमार को डीएसई कोडरमा, नयन कुमार को डीएसई पाकुड़, मिथिला टुडू को डीएसई गोड्डा, आशिष कुमार पांडेय को अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, धालभूम, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, कैलाश मिश्रा को क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, रांची (प्रतिनियुक्ति प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, झारखंड, रांची), सरिता कुमारी को प्राचार्य, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डायट), कोडरमा, रजनी देवी को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका, निर्मला कुमारी बरेलिया को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, कोलहान प्रमंडल, चाईबासा, शिवेन्द्र कुमार को उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखंड, सुशील कुमार को डीईओ पलामू, दुर्गानंद झा को डीईओ साहेबगंज, उपेंद्र नारायण को उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा नूर आलम खां को डीएसई लोहरदगा, दीपक राम को डीएसई सिमडेगा भेजा गया है। यह आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी कर दिया है।

लोबिन हेंब्रम बनायेंगे नयी पार्टी, पर अभी झामुमो छोड़ने से किया इनकार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से दो वर्षों से नाराज चल रहे झामुमो के वरिष्ठ नेता लोबिन हेंब्रम नयी पार्टी का गठन करेंगे। वर्तमान में लोबिन जिस गैर राजनीतिक संगठन झारखंड बचाओ मोर्चा के संरक्षक हैं, उसका पार्टी के तौर निबंधन की तैयारी करने में जुटे हैं। अब इस पार्टी का स्वरूप क्या होगा, कब तक निबंधन होगा, यह सपष्ट नहीं है। माना जा रहा है कि लोबिन एक समांतर संगठन या पार्टी को खड़ा करके अपनी पार्टी पर दबाव कायम रखना चाहते हैं। अगर चुनाव में राजनीतिक परिस्थिति बदलती है तो यह अलग राह पकड़ सकते हैं। लोबिन ने बताया कि वह झारखंड बचाओ मोर्चा से संरक्षक के रूप में जुड़े हैं। वह झामुमो नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दो वर्षों से सदन से लेकर सड़क तक मुखर रहे। चाहे वह खतियान आधारित स्थानीय नीति की बात हो या नियोजन नीति की या फिर जल, जंगल जमीन लूट की। जब पूर्व सीएम ने जमीन मामले में इस्तीफा दे दिया तो वे शिबू सोरेन से मिलने के बाद ही सदन में चंपाई सोरेन सरकार को समर्थन दिया। वहीं नयी पार्टी निबंधन की बात सामने आ रही है। देखना है कि आगे की राजनीति किस करवट लेती है।

नाराज कांग्रेसी विधायकों से एक-एक कर मिले केसी वेणुगोपाल, अंत में दीपिका और अनूप सिंह से मुलाकात

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पांच दिनों से दिल्ली में जमे नाराज कांग्रेसी विधायकों से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल वन टू वन मुलाकात की। केसी वेणुगोपाल एक-एक कर सबसे मिले और उनकी बातों को सुना। पार्टी की तरफ से संगठन के लिए क्या करना है, विधायकों को बताया। वेणुगोपाल राजेश कच्छप, सोना राम सिंकू और भूषण बाड़ा से मिल चुके थे, आखिरी में दीपिका और अनूप सिंह वेणुगोपाल से मिले।

5 दिनों से दिल्ली में कर रहे हैं कैंप : मंत्री के चेहरों में परिवर्तन को लेकर आठ विधायक दिल्ली में पांच दिनों से डेरा डाले हुए थे। सभी आलाकामन से मिलने दिल्ली गए थे लेकिन सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की तरफ से उन्हें समय नहीं दिया गया। झारखंड के पूर्व प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी उमंग सिंगार सभी से बार-बार मिल रहे थे। चौथे दिन से वेणुगोपाल ने सभी से मिलना शुरू किया। मंगलवार यानी पहले दिन अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी और उमाशंकर अकेला से मुलाकत हुई थी। बाकी बचे विधायकों ने बुधवार को मुलाकात की।

भविष्य में उचित निर्णय लेना का दिया था आश्वासन : पुराने चेहरों को चंपाई सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल करने के बाद से उपजे विवाद पर विधायकों ने राष्ट्रीय महासचिव से मुलाकात कर अपनी मांगो को रखा है। करीब 30 मिनट तक चली बैठक में विधायकों को आश्वासन दिया गया कि राज्य में चल रही गतिविधियों पर नजर है। आने वाले समय में पार्टी उचित निर्णय लेगी।

होटल में बैठक कर आठ विधायक गए थे दिल्ली : होटल से निकलने वाले विधायकों की संख्या आठ थी। जिसमें विधायक दीपिका सिंह पांडेय, अंबा प्रसाद, डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप, भूषण बारा, उमाशंकर अकेला, सोना राम सिंकू, जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह शामिल है।

झामुमो ने फिर चुनाव आयोग और प्रवर्तन निदेशालय-इडी की नियत पर उठाए सवाल, पूछा

भाजपा के ₹6500 करोड़ काले धन पर इसी-इडी ने क्या कार्रवाई की

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सुप्रीम कोर्ट के दो अहम निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि अब भाजपा का नया नामकरण हुआ है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल लोकतंत्र को बचाने का काम नहीं किया, बल्कि भाजपा के लोकतंत्र और तानाशाही रवैया का पदार्फाश कर दिया है। चंढ़ीगड़ मेयर चुनाव एक छोटा चुनाव नहीं था, यह चुनाव एनडीए के खिलाफ पहला दो अहम विपक्षी दलों का ज्वाइंट इलेक्शन था। जिसे भाजपा ने बैलेट की चोरी के जरिए अनैतिक तरीके से जीतने का प्रयास किया था। इस अनैतिक काम में



भाजपा मुख्य रूप से अहम भूमिका में थी, वहीं मसीह नही, मोदी पर्दे के पीछे से थे। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भाजपा का अब नया नाम घूसखोर-बैलेट चोर हो गया है। उक्त बातें पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही।

इलेक्शन कमीशन के समक्ष कई सवाल, जिसे स्पष्ट करना चाहिए: भट्टाचार्य ने इलेक्ट्रोल बांड पर इलेक्शन कमीशन और ईडी की नियत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इन्हें यह बताना चाहिए कि काले धन के जरिए भाजपा के खाते में आए 6500 करोड़ रुपए पर इलेक्शन कमीशन और ईडी ने क्या कदम उठाए। यह देश की जनता जानना चाहती है। यह देश के सामने भी स्पष्ट हो गया, ये दोनों एजेसियां कैसे और किसके इशारे पर काम रही है। इलेक्शन कमीशन ने पीएम मोदी के चुनाव के पूर्व चुनाव रिजल्ट का दावा करने वाले बयान पर क्या एक्शन लिया। पटना में राजनीतिक दलों की मीटिंग के बाद पत्रकारों का वीवीपैट वोट को लेकर उठाए गए सवालों पर सही-सही जवाब क्यों न दे पाए। लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी की लैंडिंग और फिर उड़ान भरने के दौरान आधा घंटा पहले और बाद में नो फ्लाइंग जोन घोषित करने पर क्या इलेक्शन कमीशन ने एक्शन लिया। क्या इस दौरान अगर उसी शहर या क्षेत्र में विपक्षी नेताओं को चुनावी सभा करनी है तो उसे अनुमति नहीं मिलेगी। यह सारे सवाल इलेक्शन कमीशन के साख से जुड़ा है। जिस पर इलेक्शन कमीशन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहनना गुनाह है

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बंगाल में भाजपा नेता के द्वारा एक सिख आईपीएस अधिकारी का पगड़ी पहने रहने के कारण उन्हें खालिस्तानी करार देने पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि क्या इस देश में पगड़ी पहनने से कोई खलिस्तानी हो जाता है, टोपी पहनने से वह पाकिस्तानी हो जाता है। क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहना गुनाह है। भाजपा देश में अजीब हालात पैदा कर रही है।

झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने और राज्य में बदले राजनीतिक हालात के बीच झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक 22 फरवरी को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर होगी। पार्टी महासचिव सुप्रियो ने बताया कि यह बैठक कई मायने में अहम होगी। पार्टी द्वारा जो कार्यक्रम-आंदोलन अभी चल रहा है, वह जारी रहेगा। आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। गठबंधन को लेकर दिल्ली में हुई चर्चा, लोकसभा चुनाव की तैयारी, सांगठनिक मजबूती, तैयारी, सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक जाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

स्पीड न्यूज

सरायकेला-गम्हरिया में सीएम का कार्यक्रम 24 को

जमशेदपुर। 24 फरवरी को सरायकेला टाउन हाल एवं गम्हरिया में प्रस्तावित शिलान्यास उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारतियार नें वरीय पदाधिकारियों के साथ टाउन हॉल सरायकेला एवं गम्हरिया में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का निरिक्षण कर तैयारीयों का जायजा लिया। इस क्रम में कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं चलन्त शौचालय, मेडिकल टीम की उपस्थिति तथा आदी को लेकर सम्बन्धित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

शहर पहुंचते ही अंशु शाही ने किया रक्तदान

रक्तदान करते अंशु शाही। साथ में बायें खड़े हैं प्रभुनाथ सिंह।

जमशेदपुर। लोहे के शहर में बड़े दिल वाले लोग रहते हैं, यह हमारे शहर की एक पहचान भी है। शहर के रक्तदाताओं ने भी इस पहचान को बनाया है। आज एक ऐसा ही वाक्या सामने आया जब एक नियमित रक्तदाता शहर के बाहर रहने के बाद शहर पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहला काम रक्तदान का किया और कहा कि फिर शहर से कल बाहर जाउंगा इसलिए मैं रक्तदान कर ही जाना चाहता हूं। नियमित रक्तदाता अंशु साही जिन्होने आज अपना 20वां रक्तदान किया, श्री साही ने 8 बार एसडीपी दान किया है। श्री साही को जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के प्रशासक व महाप्रबंधक संजय चौधरी तथा रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

विधायक ने कराया 90 हजार का बिल माफ

चांडिल। चांडिल हाटतोला निवासी दयामय रुहीदास की पत्नी सुषमा रुहीदास का किडनी संबंधी समस्या होने पर परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान अस्पताल में उनका बकाया बील काफी हो गया। अस्पताल के बिल चुकाने में असमर्थता की जानकारी चांडिल मुखिया मनोहर सिंह व झामुमो सोशल मिडिया प्रभारी राहुल वर्मा को दिया उन्होंने जानकारी विधायक सविता महतो को दिया। विधायक सविता महतो ने अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर 90 हजार बिल माफ कराया। इसकी जानकारी विधायक के आप्त सचिव सह झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दी।

गम्हरिया में भगवान विश्वकर्मा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

गम्हरिया। विश्वकर्मा समाज गम्हरिया की ओर से गुरुवार, 22 फरवरी को स्थानीय जगन्नाथपुर, पूंजीडुंगरी में स्थित मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा के पांचवे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के प्रमुख दिनेश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर प्रात:काल में कलश यात्रा निकाली जायेगी।

प्रतिकूलता में धैर्य भक्ति का प्रतिफल : पं विवेक

जमशेदपुर। भुइयांडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज ने श्रीकृष्ण बाल लीला, छप्पन भोग, माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा प्रसंग का कथा में वर्णन किया। कथाव्यास की वाणी से बाल कृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये।

अयोध्या से श्रीराम लला का दर्शन कर टाटा पहुंचे 1383 रामभक्त

- जत्थे में शामिल थे सुधांशु ओझा, मेनका सरदार, 51 बच्चों समेत 1332 राम भक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अयोध्या धाम में राम लला का दर्शन कर देर रात 1383 राम भक्तों की टोली जमशेदपुर लौट आयी। यह टोली स्पेशल आस्था ट्रेन से पहुंची है।

प्रभु श्री राम मंदिर अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के संयोजक सुबोध झा ने कहा कि अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के भाव मंदिर का दर्शन करने जमशेदपुर से आए जिला भाजपा अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व विधायक मेनका सरदार, झारखंड प्रदेश के प्रांतीय संघ चालक संजय जी, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह समेत 1383 राम भक्तो की टोली प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलो द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल आस्था ट्रेन से दर्शन कर वापस आये हैं।

जिला अध्यक्ष ट्रेन प्रमुख सुधांशु ओझा ने कहा कि सभी राम भक्त राम लल्ला का दर्शन कर खुशी जाहिर किये और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का सराहना किए। सुधांशु ओझा ने कहा कि अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के संयोजक सुबोध झा एवं उनके टीम के सह संयोजक मनजीत सिंह समेत 20 बोगी प्रमुख ने अच्छी तरह से अपनी जवाब देही के तहत भोजन की व्यवस्था, पुरुष एवं महिलाओं को रहने के लिए अलग-अलग स्थान पर उत्तम व्यवस्था कराने राम भक्तों को रामलाल के मंदिर का दर्शन करने के बाद सभी लोगों को अयोध्या धाम के दर्शन नगर स्टेशन पर प्रातः 4:00 बजे से लगकर अयोध्या टेंट नगर से 7 किलोमीटर दूर दर्शन नगर स्टेशन तक 1383 राम भक्तों को 120 इलेक्ट्रिक बसो के माध्यम से पहुंचकर प्रातः 8 बजे ट्रेन में बैठाने का योगदान बहुत ही सराहनीय है।

अयोध्या धाम स्टेशन से वापसी के क्रम में सुधांशु ओझा, सुबोध झा एंड टीम।

अगली आस्था स्पेशल ट्रेन पांच को टाटा से अयोध्या धाम होगी रवाना

सुबोध झा ने बताया कि अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के संयोजक ने कहा कि 5 मार्च को टाटानगर से दूसरी टोली अयोध्या धाम के आस्था स्पेशल ट्रेन दर्शन यात्रा के लिए जायेगी जो भी राम भक्त अयोध्या धाम प्रभु श्री राम मंदिर दर्शन यात्रा करना चाहते हैं । 23 फरवरी को अपना रजिस्ट्रेशन भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यलय में प्रात: 11 बजे से करा लें। सुबोध झा ने कहा अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के प्रदेश संयोजक बबन गुप्ता का बहुत ही सराहनीय योगदन समय समय पर प्राप्त होता रहा है। सुबोध झा को यात्रा में सहयोग कर रहे बोगी प्रमुख मनजीत सिंह, कुसुम पूर्ति, मुद्रता सिंह, सनातन भगत,, मनोज राम, अमरेंद्र पासवान, सुजीत एम्बेसडर, संजीत चौरसिया, विनोद कुमार, राकेश लोधी, निरंजन मिश्रा, लक्ष्मण प्रसाद राय, सुशील पांडे, सूरज कुमार सिंह, हलदर दास, विकास चंद्र, मंटू चरण दत्त, निरंजन रजक, नवीन कुमार शर्मा, कन्हैया लाल सावा, राजेश्वर प्रजापति, रीता मिश्रा का विशेष योगदान रहा और उनका सहयोग प्राप्त रहा।

पूर्वी जमशेदपुर की बस्तियों के विकास को बनेगी समग्र योजना

- स्वीकृत योजनाओं पर चुनाव की घोषणा से पहले काम शुरू करने पर सहमति
- डीसी और टाटा स्टील यूआइएसएल के साथ विधायक सरयू राय ने की बैठक
- जेएनएसी में जुस्को की तर्ज पर बनेगा पार्क एंड गार्डेन विभाग, रहेंगे दक्ष कर्मी

डीसी,डीडीसी,एसडीओ और टाटा स्टील यूआइएसएल के साथ बैठक करते विधायक सरयू राय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की पहल पर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं के लिए क्रियान्वयन और समस्याओं, समाधान के विषय पर एक बैठक आज उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के कार्यालय में हुई। बैठक में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जेएनएसी के उप नगर प्रशासक, हेड टाटा लैंड तथा जेएनएसी एवं टाटा स्टील यूआईएसएल के विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में लोकसभा चुनाव घोषित होने के पहले स्वीकृत विकास योजनाओं को आरंभ कर देने तथा लंबित योजनाओं को त्वरित गति से क्रियान्वित करने का निर्णय हुआ। बैठक में मुख्य रूप से विधायक निधि की योजनाओं का प्राक्कलन तैयार करने एवं उनका क्रियान्वयन आरंभ करने, जिला योजना की स्वीकृत योजनाओं को क्रियान्वित करने, मोहरदा पेयजलापूर्ति योजना के कार्यों को पूरा करने तथा केबुल टाउन में घर-घर बिजली देने के कार्य आरंभ करने के विषय में गंभीर एवं निर्णायक चर्चा हुई।

निर्णय हुआ कि केबुल टाउन के घर-घर में बिजली देने का कार्य शीघ्रातिशीघ्र आरंभ किया जाय। टाटा लैंड के प्रमुख ने कहा कि हम घर-घर बिजली देने के लिए तैयार है और यह काम किसी भी दिन शुरू कर सकते हैं, परंतु दिवालिया केबुल कंपनी के रेज्यूलेशन प्रोफेशनल (आर.पी.) सहयोग नहीं कर रहे हैं। निर्णय हुआ कि उपायुक्त इस बारे में एक बैठक बुलायें, जिसमें आरपी को भी बुलाया जाय, बैठक के उपरांत उपायुक्त के स्तर से केबुल टाउन इलाका में टाटा स्टील को घर-घर बिजली देने का विधिसम्मत निर्देश दे दिया जाय। टाटा स्टील के लैंड हेड ने कहा कि वर्तमान में केबुल टाउन में जैसी विद्युत संरचना उपलब्ध है, उसके आधार पर हम घर-घर बिजली देना चालू कर देंगे और तदुपरांत विद्युत संरचना को सुदृढ़ करने का काम किया जायेगा।

जल्द पूरी होगी मोहरदा पेयजलापूर्ति परियोजना

मोहरदा पेयजलापूर्ति परियोजना के पहले चरण में छुटे हुए काम को शीघ्र पूरा करने का निर्णय लिया गया। इसमें करीब 6 कि.मी. लंबाई में घर-घर पानी पंहुचाने वाला पाईपलाईन डाला जायेगा और टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर के पास एक पानी टंकी बनाई जायेगी। इस पर कुल 14 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसका क्रियान्वयन टाटा स्टील यूआईएसएल पूर्ववत करेगा। यह काम लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के पहले आरंभ हो जाए, इसके लिए आवश्यक आदेश नगर विकास विभाग के सक्षम पदाधिकारी से प्राप्त करने हेतु जेएनएसी के उप नगर प्रशासक को अधिकृत किया गया। इन योजनाओं का डीपीआर तैयार हो गया है और स्वीकृत भी हो गया है।

- जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय के सुझाव पर जमशेदपुर शहर के जनजीवन को बेहतर बनाने के लिए नाला आधारित विकास योजनाओं पर काम करने का निर्णय हुआ। टाटा स्टील और जेएनएसी का एक संयुक्त कार्यबल इसके लिए गठित करने का निर्णय हुआ, जो नियमित अंतराल पर बैठकें करेगा, नालों की सफाई, जहाँ आवश्यक हुआ वहाँ गार्डवाल बनाने की योजना तैयार करेगा, ताकि बरसात में नालों का पानी मुहल्लों में नहीं घुसे। इसके साथ ही नदी में गिरने के पहले नालों के पानी को साफ करने की योजना भी जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल के द्वारा पूरा किया जायेगा।

सूर्यधाम में कल से संगीतमय श्रीराम कथा, शोभा यात्रा आज तीन बजे से



रंगीन रौशनी से नहाया सूर्यधाम और कथा वाचिका गौरांगी गौरी।

- कथा वाचिका गौरांगी गौरी सुनायेंगी संगीतमय श्रीराम कथा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सूर्यधाम सिदगोड़ा में मां दुर्गा, श्री राधा कृष्ण एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा और श्रीआयोध्याम में बने भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर की तर्ज पर सूर्य मंदिर में बने श्रीराम मंदिर के चतुर्थ वर्षगांठ पर सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा ने भव्य शोभायात्रा एवं संगीतमय श्रीराम कथा के निमित्त सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मंदिर समिति 11 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान से वर्षगांठ समारोह और प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को भव्य बनाने की व्यापक तैयारी की है।

सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 22 फरवरी (बुधवार) को शोभा यात्रा सह नगर भ्रमण 3 बजे से निकलेगी। इसमें ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास भी शिरकत करेंगे। 23 से 29 फरवरी तक सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में संगीतमय श्रीराम कथा होगी। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्री अयोध्याधम से पधार रहे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी कथा वाचन करेंगे। प्रतिमाओं का नगर भ्रमण सह शोभायात्रा सिदगोड़ा सूर्यधाम से निकलकर भीमा रोड के रास्ते स्वामी विवेकानंद स्कूल होते हुए सिदगोड़ा बाजार के रास्ते 28 नंबर रोड होते हुए सूर्य मंदिर परिसर पहुंचेगी। शोभा यात्रा में फूलों से सुसज्जित वाहन पर मां दुर्गा, श्री-राधा कृष्ण एवं शिव परिवार विराजमान रहेंगे। वहीं, सुसज्जित रथ पर श्री रामायण, मनोरम झांकी, श्रीराम दरबार, तिलक लगाये सनातन संस्कृति के परंपरागत परिधान में शामिल पुरोहितों के समूह, बैंड-बाजा टीम, डीजे संगीत, पुष्पवर्षा एवं शानदार आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

बारीगोड़ा-गोविंदपुर आरओबी समेत कई योजनाओं को स्वीकृति

खबर मन्त्र ब्यूरो

- पीएम मोदी करेंगे ऑन लाइन शिलान्यास : सांसद विद्युतवरण महतो

जमशेदपुर। सांसद बिद्युत बरण महतो के प्रयास ने अंततः रंग लाया। टाटानगर रेलवे क्षेत्र के अनेक परियोजनाओं को रेलवे बोर्ड की स्वीकृति मिल चुकी है। इन सभी परियोजनाओं का शिलान्यास आगामी 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ऑनलाइन की जाएगी। जिन परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है उनमें से मुख्य रूप से बारीगोड़ा (एल सी 138)और गोविंदपुर (एल सी 137) का आर ओ बी का निर्माण, सलगाजोड़ी के पास रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण एवं टाटा बादाम पहाड़ रेलवे लाइन पर हल्दीपोखर से आगे एक रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त खड़कपुर डिवीजन में गालूडीह और राखामाइंस के बीच एक सबवे का निर्माण शामिल है। सांसद श्री महतो ने सूचित किया की इन सारी मांगों को लेकर वे लगातार सचेष्ट थे।

कांग्रेस नेता सुरेश मुखी की अंत्येष्टि

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश मुखी की अंत्येष्टि आज पार्वती घाट पर कर दी गई। उन्होंने बीती देर रात धातकीडीह तालाब में कूद कर जान दे दी थी। वे किसी से बक-झक के बाद दो-तीन दिन से डिप्रेशन में थे और परेशान चल रहे थे। सुरेश मुखी का का आकस्मिक निधन हो जाने पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने गहरा शोक व्यक्त किया है और पार्टी को अपूर्णिय क्षति बताया है। उनका पार्थिव शरीर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में लाया गया, जहां उनके पार्थिव शरीर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेता डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू व कांग्रेसजनों ने कांग्रेस पार्टी का झंडा प्रदान कर सम्मान किया। उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया। उनके आत्मा के शांति के लिए नमन भी किया।

सुरेश मुखी के पार्थिव शरीर पर कांग्रेस ध्वज ओढ़ाते जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर व अन्य।

एक नजर में

जुस्को ग्रीन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने जुस्को ग्रीन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक सक्रिय कदम उठाया। इस कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम के डीसीएलआर श्री गौतम कुमार की गरिमामय उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे के साथ शोभा बढ़ायी। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से मतदाता शपथ ली, जिसमें सूचित निर्णय लेने और राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। वरिष्ठ नेतृत्व टीम और जुस्को श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने गंभीरता को बढ़ा दिया और एक जागरूक और जिम्मेदार मतदाता बनाने की दिशा में सहयोगात्मक प्रयास पर जोर दिया।

बिरसानगर जोन-4 में लगाया गया पेंशन शिविर

जमशेदपुर। स्टार कोचिंग सेंटर, जोन नंबर 4 बिरसानगर में बुधवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा बिरसानगर पश्चिमी मंडल ने महिला महा पेंशन योजना का फॉर्म भरा जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने इसका लाभ उठाया। मौके पर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जिला महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नू, मंत्री विकास गुप्ता, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकाश कोया, बिरसानगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, महिला अध्यक्ष नंदिता गगराई,मंत्री आरएन दास, कोषाध्यक्ष एस एन मिश्रा, मंत्री अमरजीत सिंह, मीडिया प्रभारी धमेंद्र कुमार, महिला महामंत्री लक्ष्मी सरकार, उपाध्यक्ष बॉबी दास, मंत्री उषा देवी, महिला मीडिया प्रभारी रेनू देवी, रेखा महानंदी, भानु देवी, डॉ परिदा, रूपचंद प्रसाद, अमित राम भी थे।

सिख फॉर जस्टिस की हिमायत नहीं करते सिख

जमशेदपुर। सिख बुद्धिजीवी अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा है कि सिख फॉर जस्टिस की हिमायत अथवा समर्थन कोई भी भारतीय सिख नहीं करता है। इसके नेता गुणपंत सिंह पन्नू के खिलाफ रांची पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है और भारत सरकार इस मामले में सहयोग करें और उसे घसीटते हुए भारत लेकर आए और कठोर कानूनी कार्रवाई करें। फिर यह भी देखा जाना चाहिए कि मीडिया बेवजह उसे अहमियत क्यों दे रहा है? वही इस अधिवक्ता ने देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मांग की है कि वह पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता एवं विधायक शुभेंदु अधिकारी को दल से बाहर निकालने का काम करें। उन्होंने कर्तव्य का निर्वहन करने वाले एक आईपीएस सिख पदाधिकारी जसप्रीत सिंह पर नस्लीय टिप्पणी की है जिसे सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता और एक संवैधानिक लोकतांत्रिक देश में ऐसी टिप्पणी अपराध है और दो समुदाय को आपस में भड़काने एवं लड़ाने वाली है। ऐसे लोगों की वास्तविक जगह जेल है।

महिला विवि में मना अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

जमशेदपुर। बुधवार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के सभागार में बैंक ऑफ बड़ौदा एवं विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता द्वारा की गयी। विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव राजेंद्र कुमार जयसवाल, एफओ जावेद अहमद, मानविकी संकाय अध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार साहू, कार्यक्रम समन्वयक डॉ नूपुर अन्विता मिंज उपस्थित रहे।

एमटीएमएच में वेतन समझौता संपन्न अधिकतम मासिक 10 हजार का लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मेहर बाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (एमटीएमएच) के कर्मचारियों के लिए आज नया वेतन समझौता हुआ। समझौते पर एमटीएमएचके अध्यक्ष डा. आरएन शर्मा, निदेशक डॉक्टर सुजाता मित्रा, मानद सचिव निशिथ कुमार सिंह, मानद कोषाध्यक्ष सुश्री निशा कुमारी और एमटीएमएच इंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, महासचिव बीके डिंडा, सचिव पी गिरिश्वर और कमेटी मेंबर आसिफ इमरान ने हस्ताक्षर किए। समझौते के पास कर्मचारियों के वेतन में न्यूनतम 8000 रुप रुपए न्यूनतम लाभ हुआ है जबकि मैक्सिमम बेनिफिट 10000 मासिक है। समझौता 5 सालों के लिए किया गया है। इस समझौते से 70 कर्मचारियों को लाभ होगा।

समझौता पत्र दिखाते चेयरमैन डॉ आरएन शर्मा और यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय एंड टीम।

जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स से राइड टू क्लीन एयर साइकिलिंग रवाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी राम प्रवेश सिंह ने आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जमशेदपुर से वी. वार्टे की साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आइजोल, मिजोरम के रहने वाले वार्टे मिशन लाइफ कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अपनी 'राइड टू क्लीन एयर' साइकिलिंग पहल के माध्यम से वायु प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के मिशन पर हैं। वार्टे की यात्रा 25 जनवरी, 2024 को आइजोल से शुरू हुई, जो अगरतला, शिलांग, गुवाहाटी, रांची और अब जमशेदपुर जैसे शहरों को कवर करते हुए लगभग 2250 किमी की दूरी तय कर चुके है। वह आगे खड़गपुर, कोलकाता जाएंगे और फिर अपनी साइकिल पर दक्षिण भारत की ओर प्रस्थान करेंगे, इस दौरान वे कम दूरी की यात्राओं के लिए साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देंगे।

ब्लू डायमंड का चौथा आउटलेट बालीगुमा-घाटशिला रोड में खुला

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। डिमना चौक से 1 किमी की दूरी पर बालीगुमा-घाटशिला रोड, एनएच-33 पर स्थित ब्लू डायमंड रेस्टोरेंट का चौथा आउटलेट का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू के वरिय नेता सह समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए श्री चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि इस भव्य रेस्टोरेंट में उपलब्ध सुविधा को देखते हुए यह कह सकते हैं कि यह शुरुआती दिन से ही जमशेदपुर एवं इसके आस-पास के लोगों का पसंदीदा रेस्टोरेंट बन जायेगा।

ब्लू डायमंड के निदेशक सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि लगभग 3000 वर्गफीट में बना यह स्टेट ऑफ आर्ट रेस्टोरेंट अत्याधुनिक संसाधनों सुसज्जित है जहां एक साथ 300 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाले मल्टी कुसन रेस्टोरेंट में ग्राहक इंडियन, चाईनीज, तंदुर एवं कॉन्टीनेन्टल व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां वुड फायर पिज्जा, ओरिएंटल व्यंजन, कॉन्टीनेंटल व्यंजन, सुशी डिश, गैसट्रोनोमी व्यंजन, फ्युजन चाइनीज डिश, फ्युजन इंडियन डिश इस रेस्टोरेंट के मुख्य एवं एक्सक्लुसिव डिश हैं जो शायद और कहीं उपलब्ध नहीं हो। पुनः उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ सारे व्यंजन के गुणवत्ता एवं कीमत काफी आकर्षक है। इसके अतिरिक्त यहाँ केफेटेरिया, मॉकटेल विथ कॉकटेल का आनन्द लाइव म्युजिक, रूफ टॉप डीजे के साथ उठा सकते हैं।

निदेशक सरदार हरप्रीत सिंह सिंह ने बताया कि उद्घाटन ऑफर के तहत 1000 रुपए से अधिक के बिलिंग पर 10 प्रतिशत के डिस्काउंट (5 मार्च तक) के साथ-साथ मेंबरशिप कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। हमारे यहां के कुक सभी बाहर के अच्छे रेस्टोरेंट से मंगाये गये हैं जो अपने क्षेत्र के कुशल एवं दक्ष कुक हैं जो तरह-तरह के एक्सक्लुसिव व्यंजनों को परोसने में माहिर हैं। उक्त व्यंजनों में प्रयोग होने वाले सारे मसाले, तेल एवं अन्य सामग्री या तो ब्रांडेड कम्पनी या फिर अपने देख-रेख में बनवाते हैं। यही कारण है कि ब्लू डायमेंड का नाम न केवल जमशेदपुर बल्कि जमशेदपुर के आस-पास के क्षेत्रों के ग्राहक भी जानते हैं।

उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि चंद्रगुप्त सिंह संग ब्लू डायमंड परिवार के सदस्य।

स्पीड न्यूज

रघुराय ने संभाली सतबरवा की कमान

सतबरवा। बुधवार को सतबरवा के नये प्रभारी के रूप में रघुराय कोटवार ने योगदान दिया है। थाना प्रभारी श्री कोटवार ने कहा कि क्षेत्र में अमन-चैन और शांति हो यह मेरी पहली प्राथमिकता होगी। निर्भीक होकर लोग अपनी समस्या को रखें निश्चित रूप से समाधान होगा। वहीं उन्होंने कहा कि अपराध पर पुलिस पैनी नजर रखेगी। अपराधी को किसी भी हाल में नहीं छोड़ा जायेगा। वे पलामू जिले में पहला थाना का रूप में सतबरवा में योगदान दिया है।

अनिल सिंह ने दिया छतरपुर में योगदान

छतरपुर। नये थाना प्रभारी के रूप में अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को योगदान दिया। इससे पहले वे रांची जिला के हिंदपीढ़ी थाना में सब इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत थे। अनिल 2018 बैच के पदाधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अमन चयन कायम रहेगी, अपराधियों पर नकेल कसा जायेगा। पुलिस पब्लिक में आपसी सामंजस्य बनाकर कर क्षेत्रों में काम किया जायेगा। मौके पर छतरपुर थाना के एएसआई शुभाष मल्लिक, मुंशी उपेंद्र विश्वकर्मा, बिपिन कुमार समेत सभी पुलिसकर्मी थे।

झामुमो ने निकाला न्याय मार्च

चैनपुर पलामू। प्रखंड क्षेत्र के औसाने पंचायत से झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्य करता ने केंद्र सरकार के खिलाफ न्याय मार्च निकाला। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। साथ ही कहा कि जो राज्य में भाजपा की सरकार है उस राज्य के राज नेताओं को झूठे मुकदमे में फंसाया नहीं जा रहा है। उन लोगों को सरकार चलाने की खुली छूट मिली हुई है और जिस राज्य में भाजपा की सरकार नहीं है उस राज्य के राजनेताओं को झूठे मुकदमे में फंसा कर केंद्र सरकार गिरफ्तार कर जेल भिजवा रही है। ताकि ग्रामीण जनता के बीच झूठी अफवाह फैल सके और चुनाव में भाजपा को फायदा मिल सके। इसके लिए हरसंभव केंद्र सरकार प्रयास कर रहा है कि दूसरे दल के नेताओं को झूठे मुकदमे में फंसा कर राज्य में सरकार गिराने का और अस्थिरता ला रहा है, जो सरासर गलत है। हेमंत निर्दोष है। उन्हें केंद्र सरकार झूठा मुकदमा में फंसा कर जेल भेजवाया गया जिसे लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ झारखंड के कोने-कोने से झामुमो के कार्यकर्ता ने न्याय मार्च निकाला है। मार्च में कहा गया कि केंद्र सरकार का राज्य सरकार के साथ दोहरी रवैया का पदार्फाश किया जा सके।

रैयतों के साथ पदयात्रा कर उपायुक्त को मांग पत्र सौंपेंगे सामाजिक कार्यकर्ता

सतबरवा पलामू। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने फोरलेन सड़क निर्माण में रैयतों को उचित मुआवजा की मांग को लेकर आगामी 27 फरवरी को प्रखंड क्षेत्र के रैयतों के साथ सतबरवा से मेदिनीनगर तक पदयात्रा कर पलामू उपायुक्त को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया है। श्री सिन्हा ने बताया कि उदयपुर से मोहम्मदगंज तक बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण में प्रखंड क्षेत्र के रैयतों का सैकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया है। जिसका मुआवजा सरकार काफी कम दे रही है। कम मुआवजा को लेकर किसानों में आक्रोश है। पीएम मोदी तथा भारत सरकार के सड़क परिवहन राज्यमंत्री नितिन गडकरी को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके।

शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का 40वां जन्मदिन मनाया गया

मेदिनीनगर। सुभाष चौक स्थित शहीद मनु अखौरी रोड (कर्नल संजय अखौरी के आवास पर) 40वां जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद की दादी दया शरण, रतन अखौरी और मधु अखौरी (चाचा-चाची) एवं पूर्व सैनिक ब्रजेश कुमार शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में शहीद मनु अखौरी अमर रहे, भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। ज्ञात हो कि शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी अल्पायु में मां भारती के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जो पलामू के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। वायुसेना में फाइटर पायलट के रूप में कार्यरत पंजाब प्रांत के मुक्तसर जिले के भलाईआना में मिग-21 फाइटर प्लेन के युद्धाभ्यास के दौरान 1500 स्कूली बच्चों की जान बचाने में वीरगति को प्राप्त हुए। पूरा पलामू आज उनके कृत से गौरवान्वित है। मौके पर अविनाश वर्मा, अध्यक्ष जीसा, अविनाश देव निदेशक संत मरियम स्कूल, व्यवसायी सुरेश जैन, सरस जैन, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व चेयरमैन, नपा मेदिनीनगर, रामनाथ चंद्रवंशी, शक्ति अखौरी, अजय श्रीवास्तव, प्रिंसपल जेनिथ फीवर पब्लिक स्कूल, सुबेदार मेजर संजय शर्मा, सुबेदार मेजर सुनील सिंह, पूर्व सैनिक दिनेश गुप्ता, दया शंकर शर्मा, रमण श्रीवास्तव, कामख्या नारायण सिंह, घनश्याम तिवारी, अजय कुमार, संजू शुक्ला आदि थे। पलामू प्रमंडल में सीबीएसई 2024 दसवीं हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न : सिटी कोऑर्डिनेटर

प्रश्नपत्र देख खिल उठे छात्रों के चेहरे

मेदिनीनगर। सीबीएसई 2024 की परीक्षा पलामू प्रमंडल में बुधवार को कदाचार मुक्त संपन्न हुई। 10वीं हिंदी कोर्स ए विषय कोड 002 एवं कोर्स बी विषय कोड 085 की परीक्षा थी। पलामू प्रमंडल के सिटी को-ऑर्डिनेटर एमके डीएवी के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों गढ़वा, पलामू एवं लातेहार में यह परीक्षा चल रही है।

मंदिर की जमीन किसी कीमत पर हड़पने नहीं देंगे : डॉ शशिभूषण

- भू माफियाओं ने शाहपुर स्थित शिव पार्वती मंदिर की जमीन को हड़पने का किया प्रयास
- उपायुक्त से मिला शिष्टमंडल, कार्रवाई करने की मांग
- सनातन धर्मावलंबियों के भावना के साथ भू माफिया खिलवाड़ न करें : आलोक चौरसिया
- देश आजादी के पूर्व से शिव मंदिर के नाम से चलता आ रहा है जमीन : गुरु पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर चौक स्थित शिव पार्वती मंदिर के नाम से तीन एकड़ से अधिक जमीन है जिसे वर्ष 1939 में समर्पणनामा लिखित रूप से तत्कालीन पुजारी फकीरचंद पाठक एवं भक्त रघुनी साव व रामलखन साव को सुपुर्द किया गया है। तब से इस जमीन से जोतकोड़ कर मंदिर के रख रखाव व पुजारी के भरण पोषण का काम किया जा रहा है। इस जमीन पर भू माफियाओं की बुरी निगाह पड़ी तो भू माफिया अंचलकर्मियों के मिलीभगत से जाली कागज तैयार कर जमीन को हड़पने का काम किया। जब इसकी खबर सनातन धर्मावलंबियों को मिला तो वे लोग पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, समाजसेवी अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय को दिया गया। इन लोगों के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल उपायुक्त शशिरंजन से मिलकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से कहा गया कि 1939 में मंदिर के नाम से दानपत्र दिया गया है। जिसमें यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि यह शिवजी की संपत्ति है इसका देखरेख की जिम्मेदारी तमाम हिंदू सनातन धर्मावलंबियो को सौंपा गया है। जो सार्वजनिक संपत्ति है। मांग पत्र में कहा गया कि भू माफिया द्वारा षडयंत्र कर जमीन को लूटने का काम किया जा रहा है इसमें कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए भू माफिया द्वारा कराया गया बंदोबस्त रद्द किया जाये। इस षडयंत्र में शामिल नवल किशोर तिवारी, नंदकिशोर तिवारी दोनों पिता राजमणि तिवारी ग्राम ताली, याद अली, सुरेंद्र राम पिता चंद्रकेश राम, मनोज विश्वकर्मा, दया साव सभी चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर के निवासी हैं जो षडयंत्र कर भू माफिया के हाथ जमीन बेचने का काम कर रहे हैं। इन लोगों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए जमीन की घेराबंदी कराकर मुक्त कराया जाये।

...और क्या बोले विधायक : इस मामले में पांकी विधायक डा मेहता ने कहा कि भू माफिया का मनोबल इतना उंचा हो गया है कि वे सनातन धर्म के संपत्ती को भी हड़पने से बाज नहीं आ रहे हैं। अंचलकर्मी के मिलीभगत से भू माफिया जमीन को हड़पना चाह रहे हैं। जिसे किसी भी कीमत पर हड़पने नहीं दिया जायेगा। डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों के भावनाओं से भू माफिया खिलवाड़ न करें वरना आनेवाले समय में उन्हें अपनी गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। समाजसेवी गुरु पांडेय ने कहा कि शिव पार्वती मंदिर की जमीन देश आजादी के पूर्व वर्ष 1939 में दानपत्र किया गया था। जो आज तक चलता आ रहा है। इस पर भू माफिया षडयंत्र कर जमीन को हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। जिला प्रशासन अविलंब इस पर रोक लगाये। साथ ही भू माफियाओं पर कानूनी कार्रवाई करे।

ये थे शिष्टमंडल में

शिष्टमंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, बासुदेव प्रसाद, अनिल कुमार, पप्पू जायसवाल, बिपिन कुमार गुप्ता, अजय कुमार पाल, परमानंद प्रसाद, भागवती गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता समेत कई लोग थे।

भाजपा ने बिश्रामपुर प्रखंड में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया, डॉ ईश्वर सागर बोले

भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचायें

- पीएम मोदी के कार्यकाल में देश ने एक से बढ़कर एक रचा इतिहास : भानु प्रताप

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते डॉ ईश्वर व उपस्थित अन्य।

बिश्रामपुर। बिश्रामपुर प्रखंड के आरसी आईटी कार्यालय सभागार में बुधवार को लाभार्थी संपर्क अभियान में लोकसभा कार्यशाला की गयी। जिसका शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जिसमें भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही एवं कार्यक्रम प्रभारी आरती कुजूर शामिल थे। कार्यक्रम प्रभारी ने सरल ऐप एवं संपर्क अभियान के तकनीकी विषयों की जानकारी दी। यह अभियान 25 फरवरी तक प्रत्येक प्रखंड स्तर पर लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला होनी है। चंद्रवंशी के द्वारा कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में जो कार्य जनहित में किये गये हैं उसे सिर्फ लाभार्थी ही नहीं बल्कि प्रखंड, पंचायत व गांव घर के प्रत्येक मतदाताओं के बीच पहुंचायें। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी के द्वारा कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश स्तर पर भाजपा संपर्क अभियान चला रहा है। इस अभियान में हमारे समर्पित कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर-घर जाकर संपर्क करेंगे और मोदी जी के द्वारा भेजे गए पत्र को उन्हें दिया जायेगा। जिसमें हम सब कार्यकर्ताओं को मोदी जी का दूत बनकर उन्हें नमस्कार करना है।

स्वीप की बैठक में मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम के आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को मतदाता जागरूकता को लेकर कई टास्क सौंपे। उन्होंने सभी से इस बार 80 प्रतिशत मतदान पार के संकल्प के साथ स्कूली बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिला एवं पुरुषों को मताधिकार के उपयोग के लिये जागरूक करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) गतिविधियों के माध्यम से सभी पात्र मतदाताओं को इस दिशा में जागरूक किया जायेगा। प्रत्येक पात्र मतदाता का मत लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक बनता है।

कृषि, आपूर्ति, पोस्ट ऑफिस सहित अन्य विभागों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश : मेदिनीनगर नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने कृषि पदाधिकारी को विभाग के एटीएम व बीटीएम का सहयोग लेते हुए उनके माध्यम से लोगों के बीच मतदान संबंधित जागरूकता कराने पर बल दिया। इस तरह श्रम अधीक्षक को प्रवासी श्रमिकों से संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिकों से ई-कार्ड, टेलीफोन, एसएमएस के जरिये संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इसी तरह सभी पीडीएस डीलरों के माध्यम से भी सभी कार्डधारियों को शत-प्रतिशत मतदान कराने पर बल दिया गया।

डीडीयू रेल प्रबंधक कर रहे यात्रियों का आर्थिक शोषण : मनोज शर्मा

- यात्रियों की सुविधा जल्द बहाल कराने समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर रेल उपभोक्ता समिति ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। डीडीयू रेलखंड में लगातार रेल प्रशासन के द्वारा यात्री सुविधाओं को बाधित कर केवल माल ढुलाई और अपने कार्यों से यात्रियों को आर्थिक शोषण के खिलाफ रेल उपभोक्ता समिति ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जपला रेल परिसर में धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमतोष ने किया वहीं संचालन राज अली उर्फ जाकिर अली ने की। रेल उपभोक्ता समिति के पलामू प्रवक्ता मनोज शर्मा ने कहा को रेल विभाग से इस क्षेत्र की जनता के साथ लगातार उपेक्षित और आर्थिक शोषण किया जाता रहा है जबकि अपना माल ढुलाई और अन्य कार्य इस सेक्शन से सबसे ज्यादा है और जनता त्राहिमाम कर रही है। जबकि इस क्षेत्र की जनता की लाइफ लाइन रेल ही है जिला मुख्यालय 100 किमी और राजधानी तथा शिक्षा, चिकित्सा, अन्य जनता की रोजगारों के कार्य यात्री रेल पर निर्भर करती हैं।

आपकी लगन-मेहनत जरूर रंग लायेगी : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गयी है। अलग अलग चयनित विषयों की परीक्षा निर्धारित है। आज से संत मरियम विद्यालय के बच्चों के बोर्ड परीक्षा की शुरुआत है मौके पर चेयरमैन अविनाश देव ने सभी बच्चों को समूह में बुला कर मानसिक तौर पर बच्चों को सशक्त किया। हौसला के साथ शांतिप्रिय ढंग से एकाग्र हो कर इम्तिहान लिखने का नसीहत दिया। दही गुड़ खिला कर परीक्षा केंद्र के लिए विदा किया गया। आवासीय बच्चों को अपने मां पिता अभिभावक की कमी न खले इसके लिए, परीक्षा हॉल तक वे खुद सशरीर उपस्थित रहें। बच्चों को उत्प्रेरित करते अविनाश देव ने कहा की परीक्षा हॉल सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहे, और आप प्रत्येक प्रश्न को आत्मविश्वास के साथ हल करें। सभी परीक्षा में आपको कामयाबी मिले! आपकी लगन और मेहनत अवश्य रंग लाएगी। जीवन की गाड़ी सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए बोर्ड परीक्षा में बेहतर करने का प्रयास करना है।

आशीर्वाद देने पहुंची किन्नरों पर हमला, छेड़खानी

- किन्नरों ने शहर थाना पहुंच कर दर्ज करायी प्राथमिकी
- किन्नरों के प्रति लोग अपनी सोच बदलें : आईसा सिंह

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के माली मुहल्ला में बुधवार को किन्नर समाज के पलामू जिलाध्यक्ष आईसा सिंह के नेतृत्व में अन्य किन्नर एक मारवाड़ी परिवार के घर जाकर बच्चे को नाच गान के साथ आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। किन्नरों ने उस मारवाड़ी परिवार से बक्सीस मांगी, तो परिवार के सदस्यों ने अभद्र व्यवहार करते हुए किन्नरों के साथ बदसलूकी की। धक्का देते हुए घर से बाहर निकाल दिया। इतना ही नहीं इन लोगों के साथ छेड़खानी भी की गयी। यह हरकत देख किन्नरों ने शहर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया है। समाज के अध्यक्ष आईसा सिंह ने कहा कि ईश्वर इस जगत में मानव जाति की सृष्टि की है। उसी में हम सभी किन्नर भी आते हैं। लेकिन हम किन्नरों के साथ भगवान ने जो नाइंसाफी की है उसका खमियाजा हमें दूसरे समुदाय से भुगतना पड़ता है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि हम किन्नरों के साथ अपनी सोच व नजरिया को बदलें। हमसभी भी उसी समाज का एक हिस्सा हैं। हमारे साथ न जनप्रतिनिधि न ही प्रशासन और न ही आमजनों के द्वारा सहयोग मिलता है। जबकि हम सभी इसी समाज से आते हैं। इसके साथ किन्नर एक सप्ताह पूर्व बाईपास रोड स्थित एक ब्राह्मण परिवार के घर में भी धक्का-मुक्की की थी। इसमें किन्नर रूही सिंह, ऋतिका श्रीवास्तव, माहीनुर शेख, काजल वर्मा अन्य शामिल थे।

पंचायत सहजकर्ता दल को मिला जीपीडीपी का वार्षिक प्लान योजना चुनने का प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत सहज कर्ता दल ने जीपीडीपी का वार्षिक प्लान योजना चयनीत हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया। प्रशिक्षण के समापन पर बुधवार को प्रखंड प्रमुख उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि सरकार के कई प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही है जिसकी जानकारी ग्रामीण तक पहुंचे व ग्रामीणों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। कहा कि सुदूरवती क्षेत्र तक विकास की गंगा कैसे बहे इसके लिए सरकार जनप्रतिनिधि और अधिकारियों का सहयोग जरूरी है तभी सरकार सुदूरवर्ती क्षेत्र तक विकास कार्य कर सकती है। यही कारण है कि सरकार सभी प्रखंड में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करा रही है। प्रशिक्षण से जनप्रतिनिधि और अधिकारी को काम में कोई कठिनाई नहीं होगी।

बेटिकट यात्रियों से वसूला जुर्माना: बीएम

मेदिनीनगर। बरवाडीह-डालटनगंज स्टेशन के बीच यात्री ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना टिकट के यात्रा करनेवाले यात्रियों से जुर्माना के तौर पर 10,500 रुपये वसूली की गयी। टीटीई बीएम पांडेय ने बताया कि यात्री ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं डालटनगंज प्लेटफार्म पर प्लेटफार्म टिकट की जांच की गयी। इसमें कई लोग बिना प्लेटफार्म टिकट के पकड़े गये।

प्रभु श्रीराम की कथा सकल लोक में हितकारी है : स्वामी धीरेंद्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

- प्रभु नाम का रसपान करने से जीवन सार्थक होता है : मानस मोहिनी संध्या देवी
- जनकपुरी मंदिर प्रांगण में महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भीड़

मेदिनीनगर। बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ के सायंकालीन सत्र में चित्रकूट से पधारे श्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कथा सकल लोक हितकारी है। जो लोग श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान राम की कथा का रसपान करते हैं, उनके सारे पाप एवं संताप मिट जाते हैं। जिसके हृदय में अनुराग पलता है, वही भगवान की कथा सुनता है। बगैर अनुराग भगवान की भक्ति-दर्शन नहीं होता। उन्होंने श्रीरामचरित मानस के प्रसंग सीता स्वयंवर की मार्मिक व्याख्या की।

उपायुक्त के निर्देश पर छतरपुर पहुंचे डीएमओ

मेदिनीनगर। अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार छतरपुर पहुंचे एवं थाना क्षेत्र के चराई एवं बरडीहा में संचालित हो रहे दर्जनों क्रशरों की जांच की। जांच के क्रम में डीएमओ ने विभाग द्वारा बंद क्रशरों का सत्यापन भी किया, जबकि संचालित क्रशरों पर पहुंच कर स्टॉक चिप्स समेत अन्य नियमों की जांच की। जांच के दौरान डीएमओ ने संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार के द्वारा जो क्रशर संचालन को लेकर नियम बनाये गये हैं, उसके तहत ही क्रशर का संचालन करना सुनिश्चित करें।

इन क्रशरों की हुई जांच : जयमाता स्टोन, माँजा बरडीहा, जयमाता दी स्टोन, चराई, जय शतंवंडी स्टोन बरडीहा, मंतिक स्टोन, चराई, विष्णु स्टोन, बरडीहा, मां टंडिया स्टोन, चराई वासुदेव स्टोन, चराई, बजरंग स्टोन, बरडीहा, श्री राम स्टोन, बरडीहा, गुप्ता स्टोन, बरडीहा, सर्व जय मां लीलोरी स्टोन, चराई, वैष्णव माता चिप्स, चराई मां स्टोन क्रशर, जय मां स्टोन, महादेवा चिप्स, बरडीहा, जय मां विंध्यासिनी स्टोन, बरडीहा, अशोक कुमार सिंह, बरडीहा के नाम शामिल है।

भारत में पंचायती राज व्यवस्था विषय पर डिग्री कॉलेज में सेमिनार आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

तरहसी पलामू। सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज तरहसी में राजनीतिक विज्ञान विषय ने एक दिवसीय सेमिनार किया। सेमिनार का विषय भारत में पंचायती राज व्यवस्था था। सेमिनार की अध्यक्षता प्रोफेसर इंचार्ज प्रो प्रभाकर ओझा ने की और संचालन राजनीतिक विज्ञान विषय के विभागाध्यक्ष प्रो सिम्पी कुमारी गुप्ता ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका प्रो सविता पाण्डेय ने किया। इस सेमिनार में मुख्य प्रवक्ता एमके कॉलेज पांकी के सहायक प्राध्यापक प्रो पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सरकार के द्वारा दी गई योजनाओं और विधि व्यवस्था को गांव गांव तक पहुंचाना है जिससे ग्रामीण जनता का विकास हो सके। प्रवक्ता योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज मेदिनीनगर के प्रो ओम प्रकाश सिंह ने महिलाओं की बदलते स्थिति से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था लागू होने से महिलाएं काफी सशक्त हुई है। देश के कई राज्यों में उनका आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गयी है। नैक सलाहकार संतोष कुमार, ओम प्रकाश मिश्रा, प्रो सुषमा कुमारी, प्रो अनुभा बरवा, प्रो कुसुम शर्मा, प्रो अर्चना कुमारी, प्रो स्वाती सहाय, प्रो कमला कुमारी, पुष्पा कुमारी, महाविद्यालय के सभी व्याख्याताण एवं छात्र छात्राओं ने इस सेमिनार में बढ़ चढ़ कर भाग लिये।

खामडीह यज्ञ में शामिल हुए पिछड़ा वर्ग के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कथा वाचक व अन्य पदधारी।

सतबरवा पलामू। सतबरवा खामडीह में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में कमेटी के सदस्यों ने आमंत्रित किया। आमंत्रण को स्वीकार करते हुए पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता एवं अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने तुरंत यज्ञ समिति के यज्ञ शाला में जाकर परिक्रमा किया व श्री राम चरित मानस कथा मंच पर जाकर कथा वाचक का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथावाचक द्वारा जो आध्यात्मिक ज्ञान की अमृत गंगा बहाई जा रही है।

उसमें सभी धर्मावलंबियों से ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाकर अपने आप को धन्य करने का आग्रह किया। साथ ही यज्ञाचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया व यज्ञ भगवान से प्रार्थना किया कि पूरे खामडीह सहित भारतवर्ष में यज्ञ भगवान का आशीर्वाद बना रहे व कमिटी के लोगों के ऊपर भी आशीर्वाद बना रहे ताकि इससे भी बढ़कर इनके द्वारा धार्मिक पुनीत कार्य किया जाये। मौके पर बिहारी प्रसाद, सुरेश साहू, ललन साहू, अजय साहू एवं कमेटी के लोग उपस्थित थे।

सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा (भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VI

झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार

प्रारम्भिक अधिसूचना

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना सं0 .... दिनांक ....

चूंकि झारखण्ड सरकार / उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – पाकरटांड़, थाना नं0–30, थाना – पाकरटांड़, अंचल –पाकरटांड़, जिला – सिमडेगा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – बीरु (एन0एच0 143 पर) तामड़ा सिकरियाटांड़ रामरेखा (कोचेडेगा–रामरेखाधाम पथ पर) चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम – पाकरटांड़, थाना नं0– 30, थाना – पाकरटांड़, अंचल – पाकरटांड़, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **14.974** एकड़ यानि **6.05976** हेक्टेयर मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

क्र० सं०	खाता सं०	सर्वे भूखण्ड सं०	स्वमित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम	सीमा भूखण्ड संख्या उ०	द०	पू०	प०	वृक्ष किस्म	वृक्ष संख्या	संरचनाएँ प्रकार	प्लिंथ एरिया Sft.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	293	3641	रैयती	दोन III	0.024	लुकस झोरा खड़िया वो मंगरा खड़िया पे0 महतो खड़िया	3637	अंश	सीमाना कोबांग	3640				
2	292	3640	रैयती	दोन III	0.017	लुकस झोरा खड़िया वो मरकुस वो बरनाबास पे0 लालु खड़िया	3637	अंश	3641	3639				
3	292	3639	रैयती	टांड़ III	0.022	लुकस झोरा खड़िया वो मरकुस वो बरनाबास पे0 लालु खड़िया	3637	अंश	3640	3644				
4	292	3644	रैयती	टांड़ III	0.126	लुकस झोरा खड़िया वो मरकुस वो बरनाबास पे0 लालु खड़िया	3637	अंश	3639	3645	पाकर –8	8		
5	292	3638	रैयती	परती कदीम	0.051	लुकस झोरा खड़िया वो मरकुस वो बरनाबास पे0 लालु खड़िया	3637	अंश	3644	3644	बरगद –1	1		
6	292	3433	रैयती	बाग आम टांड़ III	0.005	लुकस झोरा खड़िया वो मरकुस वो बरनाबास पे0 लालु खड़िया	अंश	3637	3634	3632			मिट्टी का घेरा दिलीप कुल्लू	
7	292	3433	रैयती	बाग आम टांड़ III		लुकस झोरा खड़िया वो मरकुस वो बरनाबास पे0 लालु खड़िया	अंश	3637	3634	3632			विनोद कुल्लू का कच्चा मकान छत चदरा का	
8	292	3301	रैयती	दोन III	0.01	लुकस झोरा खड़िया वो मरकुस वो बरनाबास पे0 लालु खड़िया	3289	3303	अंश	3289				
9	292	3303	रैयती	दोन तीन	0.007	लुकस झोरा खड़िया वो मरकुस वो बरनाबास पे0 लालु खड़िया	3301	अंश	अंश	3289				
10	70	3636	रैयती		0.008	इसदोर खड़िया वल्द चमरा खड़िया	अंश	3637	3637	3637				
11	130	3633	रैयती	दोन II	0.001	तिनतु पहान वल्द लुकस पहान वो इसदोर पहान पे0 चमरा पहान वगैरह	अंश	3637	3637	3632				
12	130	3632	रैयती	दोन III	0.003	तिनतु पहान वल्द लुकस पहान वो इसदोर पहान पे0 चमरा पहान वगैरह	अंश	3637	3633	3631				
13	130	3631	रैयती	दोन III	0.005	तिनतु पहान वल्द लुकस पहान वो इसदोर पहान पे0 चमरा पहान वगैरह	अंश	3637	3632	3630	आम–1 सागवान 1 सेमर–1	3		
14	130	3645	रैयती	टांड़	0.1	तिनतु पहान वल्द लुकस पहान वो इसदोर पहान पे0 चमरा पहान वगैरह	3637	अंश	3644	3700	सागवान 1 बरगद 1 छतियान1 बांस झुण्ड 1	4		
15	130	3616	रैयती	टांड़ II	0.031	तिनतु पहान वल्द लुकस पहान वो इसदोर पहान पे0 चमरा पहान वगैरह	अंश	3637	3630	3637	गम्हार –2 बांस झुण्ड 6	8		
16	130	3937	रैयती	टांड़ II	0.026	तिनतु पहान वल्द लुकस पहान वो गाजु वो इसदोर पे0 चमरा पहान वगैरह	3610	अंश	3610	3938	कुसुम 1	1		
17	130	3947	रैयती	टांड़ II	0.075	तिनतु पहान वल्द लुकस पहान वो गाजु वो इसदोर पे0 चमरा पहान वगैरह	3610	अंश	3946	3610	महुआ –1 आम–1 कटहल–1 करंज–1 पामर–1	5		
18	130	3189	रैयती	टांड़ II	0.092	तिनतु पहान वल्द लुकस पहान वो गाजु वो इसदोर पे0 चमरा पहान वगैरह	3455	अंश	3188	3190				
19	130	3190	रैयती	दोन II	0.044	तिनतु पहान वल्द लुकरा पहान वो गाजु वो इसदोर पे0 चमरा पहान वगैरह	3201	अंश	3189	3199	डुमर –2	2		
20	130	3199	रैयती	दोन I	0.182	तिनतु पहान वल्द लुकरा पहान वो गाजु वो इसदोर पे0 चमरा पहान वगैरह	अंश	अंश	3201	3224				
21	130	3224	रैयती	टांड़ III	0.12	तिनतु पहान वल्द लुकरा पहान वो गाजु वो इसदोर पे0 चमरा पहान वगैरह	अंश	3225	3199	3220	सेमर –2 छतियान –2	4		
22	130	3225	रैयती	टांड़ II	0.089	तिनतु पहान वल्द लुकरा पहान वो गाजु वो इसदोर पे0 चमरा पहान वगैरह	3224	अंश	3224	3219	महुआ–2	2		
23	130	3213	रैयती	टांड़ III	0.211	तिनतु पहान वल्द लुकरा पहान वो गाजु वो इसदोर पे0 चमरा पहान वगैरह	अंश	अंश	3221	3243	महुआ–2 जामुन–3 आम–1 छतियान –2	8		
24	171	3630	रैयती	टांड़ II	0.041	सीता देवी पति हवड़ा चीक वगैरह	अंश	3637	3637	3637				
25	67	3700	रैयती	टांड़ II	0.054	अगनेस खड़िया पिता वातर खड़िया वगै0	3637	अंश	3645	3701	बांस झुड –3	3		
26	67	3701	रैयती	टांड़ II	0.062	अगनेस खड़िया पिता वातर खड़िया वगै0	3637	अंश	3700	3702	सागवान 1 बरगद 1 छतियान1 बांस झुण्ड 1	4		
27	67	3702	रैयती	टांड़ II	0.078	अगनेस खड़िया पिता वातर खड़िया वगै0	3637	अंश	3701	3703	सागवान –1 नीम –1		चापाकल –1	
28	67	3703	रैयती	टांड़ II	0.15	अगनेस खड़िया पिता वातर खड़िया वगै0	3637	अंश	3702	3704	आम–6 बरगद–1 जामुन–1 डाहु –2	10		
29	67	3704	रैयती	टांड़ II	0.098	अगनेस खड़िया पिता वातर खड़िया वगै0	3637	अंश	3703	3610	जामुन–1	1		
30	67	3185	रैयती	टांड़ II	0.091	अगनेस खड़िया पिता वातर खड़िया वगै0	3455	अंश	3539	3186	बरगद –1 छतियान –1 बांस झुड–2	4		
31	67	3186	रैयती	टांड़ II	0.117	अगनेस खड़िया पिता वातर खड़िया वगै0	3455	अंश	3185	3187	सागवान–1 बांस झुड–1	2		
32	67	3187	रैयती	टांड़ III	0.098	ज्योति कुल्लू पति – अजय कुल्लू	3455	अंश	3186	3188				
33	361	3637	गै0म0	रास्ता	0.61	गै0म0 आम रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता				
34	360	3549	गै0म0	नाला	0.03	गै0म0 मालिक	नाला	नाला	नाला	नाला				
35	360	3946	गै0म0	परती कदीम	0.105	गै0म0 मालिक	3610	3939	3610	3947				
36	361	3610	गै0म0	रास्ता	0.914	गै0म0 आम रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता				
37	54	3609	रैयती		0.019	गोदे उरांव पिता मोझे उरांव वो सुकरु उरांव पिता लब्बु उरांव	अंश	3610	3610	3610	कुसुम –1	1		
38	194	3607	रैयती	टांड़ II	0.005	गंगवा उरांव वो रतनु उरांव पे0 बिलसु उरांव	अंश	3610	3610	3553	आम –1	1		
39	76	3553	रैयती	टांड़ II	0.066	साधु उरांव पिता– शिला उरांव वो0 तुरिया उरांव वगै0	अंश	3610	3607	3552	पाकर–1 आम–1	2		
40	76	3552	रैयती	टांड़ III	0.056	साधु उरांव पिता– शिला उरांव वो0 तुरिया उरांव वगै0	अंश	3610	3553	3610	पुटकल–1 पाकर–1 आम–1	3		
41	153	3949	रैयती	टांड़ II	0.047	विश्वा उरांव वो 0 गन्दुर उरांव पे0 गुवास उरांव	3610	अंश	3947	3950	महुआ–1 बांस –2	3		
42	243	3550	रैयती		0.005	जुनास खड़िया पिता असरु खड़िया वो अम्बरीयस खड़िया वगै0	अंश	3610	3551	3549				
43	243	3950	रैयती		0.034	जुनास खड़िया पिता असरु खड़िया वो अम्बरीयस खड़िया वगै0	3610	अंश	3949	3549	सेमर –1 कदम–1	2		
44	30	3547	रैयती	दोन I	0.006	अगस्तुस उरांव वो जगरीया उरांव वो ढीढु उरांव पे0 लगड़ा उरांव	अंश	3455	3449	3455	आम–1	1		
45	30	3966	रैयती	परती कदीम	0.042	अगस्तुस उरांव वो जगरीया उरांव वो ढीढु उरांव पे0 लगड़ा उरांव	3455	अंश	3549	3967	छतीयान –1	1		
46	30	3546	रैयती	दोन I	0.007	अगस्तुस उरांव वो जगरीया उरांव वो ढीढु उरांव पे0 लगड़ा उरांव	अंश	3455	3455	3455				
47	93	3967	रैयती	दोन II	0.108	अंजलुस खड़िया वो मिखाएल खड़िया पे0 इगनेस खड़िया	3455	अंश	3966	4007	आम–1	1		
48	93	4007	रैयती	दोन I	0.172	अंजलुस खड़िया वो मिखाएल खड़िया पे0 इगनेस खड़िया	3455	अंश	3967	4008				
49	93	4008	रैयती	टांड़ II	0.033	अंजलुस खड़िया वो मिखाएल खड़िया पे0 इगनेस खड़िया	3455	अंश	4007	3549	सागवान –1	1		
50	5	3201	रैयती	दोन III	0.039	आयतु उरांव वो बमुआ उरांव पे0 लोहरा उरांव वगै0	अंश	3190	3189	3199				
51	74	3220	रैयती		0.022	पूना जोहन खड़िया पिता– मांगु खड़िया वगै0	अंश	अंश	3201	3224	महुआ –2	2		
52	74	3219	रैयती		0.08	पूना जोहन खड़िया पिता– मांगु खड़िया वगै0	3221	अंश	3225	3221				
53	74	3221	रैयती		0.091	पूना जोहन खड़िया पिता– मांगु खड़िया वगै0	3213	3217	अंश	3213				
54	74	3217	रैयती		0.018	पूना जोहन खड़िया पिता– मांगु खड़िया वगै0	3221	अंश	3219	3213				
55	203	3214	रैयती	दोन III	0.021	रोकना मरकुस खड़िया पिता – मुदु खड़िया	3243	अंश	3213	3243	छतियान–1	1		
56	160	3244	रैयती	परती कदीम	0.192	पुनित राम साव वो महावीर राम साव पे0 राम स्वय साव	अंश	अंश	3247	3289	आम –3 सागवान –1 सेमर –1 छतियान–1	6	कालीचरण प्रसाद साहु का पक्का ईट का घेरा	
57	115	3294	रैयती	टांड़ III	0.027	सबिना खड़ियाईन पति स्तानिसलास खड़िया	अंश	3293	3295	2947				
58	115	3292	रैयती	टांड़ III	0.055	सबिना खड़ियाईन पति स्तानिसलास खड़िया	3293	अंश	3290	2950				
59	360	3551	गै0म0	परती पत्थर	0.03	गै0म0 मलिक	अंश	3610	3552	3550				
60	361	3455	गै0म0	रास्ता	0.453	गै0 म0 आम	अंश	4008	3846	3435				
61	203	3435	रैयती		0.005	रोकना मरकुस खड़िया पिता – मुदु खड़िया	अंश	3455	3455	3433			बिरजिनिया का घर छत चदरा का पक्का ईटा का घेरा	
62	360	3188	गै0म0	परती पत्थर	0.032	गै0म0 मलिक	3455	अंश	अंश	3189	आम –1	1		
63	2	3243	गै0म0	परती कदीम	0.335	गै0म0 जीरात	अंश	अंश	3213	3244	सीसम–2	2		
64	360	3291	गै0म0	झाड़ी जंगल	0.155	गै0म0 मलिक	अंश	अंश	3298	3292				
65	360	3298	गै0म0	नदी	0.127	गै0म0 मलिक	अंश	अंश	3289	3291				
66	361	3293	रैयती	रास्ता	0.046	गै0म0 आम	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता				
67	114	2947	रैयती	परती कदीम	0.065	सबिना खड़ियाईन पति स्तानिसलास खड़िया	अंश	2901	2901	2943	सागवान–1 बेल–1	2		
68	114	2948	रैयती	परती कदीम	0.076	सबिना खड़ियाईन पति स्तानिसलास खड़िया	2901	अंश	2901	2901	सागवान–5 सेमर –1 तेतरा–1 छतियान–1	8		
69	114	2942	रैयती	टांड़ III	0.405	सबिना खड़ियाईन पति स्तानिसलास खड़िया	अंश	2901	2943	2915				
70	114	2756	रैयती	टांड़ III	0.015	सबिना खड़ियाईन पति स्तानिसलास खड़िया	2901	अंश	2950	2757			तारसियस केरकेट्टा वल्द स्तानिसलास केरकेट्टा का मकान चदरा छत	
71	360	2950	गै0म0	झाड़ी जंगल	0.138	गै0म0 मलिक	2901	अंश	मिलान सीट 6	2901	आम–3 सागवान–1 सेमर –5 छतियान–5 तेतरा–2	9		
72	360	2943	गै0म0	झाड़ी जंगल	0.201	गै0म0 मलिक	अंश	2901	2947	2942	सागवान–1 बकम–1 सेमर–1	3		
73	360	2941	गै0म0	झाड़ी जंगल	0.077	गै0म0 मलिक	2942	2901	2942	2942				
74	361	2901	गै0म0	रास्ता	1.836	गै0म0 आम रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता			मितेश्वर लाल पिता सुरेश लाल का मकान	
75	296	2914	रैयती	टांड़ तीन	0.011	कोलोस्टिका कुल्लू पति स्व0जोहन कुल्लू	अंश	3901	2915	2913				
76	296	2915	रैयती	टांड़ II	0.028	कोलोस्टिका कुल्लू पति स्व0जोहन कुल्लू	अंश	2901	2942	2914				
77	68	2908	रैयती		0.007	लाडो खड़िया वो मिखाएल खड़िया पे0 चमरा खड़िया	अंश	2901	2913	2906				
78	15	2906	रैयती	टांड़ III	0.174	अब्रहम उरांव पिता सूकरु उरांव	अंश	2901	2901	2902	सेमर –1	1		
79	4	2902	रैयती	आम बाग टांड़ II	0.136	बकाशत	अंश	2901	2906	2901				
80	360	2757	गै0म0	परती कदीम	0.364	गै0म0मालिक	2901	अंश	2756	2901	गम्हार –6 आम–2 नीम –3 इमली–1 पाकरी –1	13		
81	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक	2901	अंश	2756	2901	आम –1	1	गणेश मेहर का मकान छत अस्बेस्टस का गेट	
82	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक	2901	अंश	2756	2901			मकान एवं बरामदा दीवार	
83	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक	2901	अंश	2756	2901			मकान खपरैल	
84	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक	2901	अंश	2756	2901			मकान खपरैल	
85	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक							मकान खपरैल	
86	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक	2901	अंश	2756	2901			पक्का मकान	
87	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक							मकान	
88	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक	2901	अंश	2756	2901			मकान	
89	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक							चदरा सेड	
90	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक	2901	अंश	2756	2901			जोन कुल्लू पक्का खपरैल मकान	
91	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक							अलार टेटे का पक्का खपरैल मकान	
92	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक	2901	अंश	2756	2901			सुरजन डुगडुंग का पक्का मकान खपरैल	
93	360	2757	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक							सलीम केरकेट्टा का कच्चा मकान	
94	296	2759	रैयती	टांड़ II	0.102	सुशिल कुमार लुगुन पित जुलियुस लुगुन	2761	अंश	अंश	2762				
95	296	2759	रैयती	टांड़ II		कोलोस्टिका खड़ियाईन पति जोहन खड़िया	2761	अंश	अंश	2762			कोलोस्टिका का मकान	
96	296	2759	रैयती	टांड़ II		कोलोस्टिका खड़ियाईन पति जोहन खड़िया	2761	अंश	अंश	2762			एरनेस्ट का मकान	
97	296	2759	रैयती	टांड़ II		इसदोर लुगुन वल्द बेनेदिक लुगुन	2761	अंश	अंश	2762			इसोदोर का कच्चा मकान	
98	296	2759	रैयती	टांड़ II		कोलोस्टिका खड़ियाईन पति जोहन खड़िया	2761	अंश	अंश	2762			राम कुमार साहु का मकान छत अस्बेस्टस	
99	360	2761	गै0म0	परती कदीम	0.103	गै0 म0 मालिक	अंश	2759	2757	अंश				
100	132	2762	रैयती	टांड़ II	0.163	डाकी खड़िया पिता जटा खड़िया वगै	2761	अंश	2759	2766			चर्च पक्का	
101	132	2762	रैयती	टांड़ II		डाकी खड़िया पिता जटा खड़िया वगै	2761	अंश	2759	2766	इमली –1	1		
102	132	2762	रैयती	टांड़ II		डाकी खड़िया पिता जटा खड़िया वगै	2761	अंश	2759	2839				
103	68	2838	रैयती		0.002	लाडो खड़िया वो मिखाएल खड़िया पे0 चमरा खड़िया	अंश	2890	2839	2835	डुमर पेड़		कच्चा मकान	
104	68	2838	रैयती			लाडो खड़िया वो मिखाएल खड़िया पे0 चमरा खड़िया	अंश	2890	2839	2835			कच्चा मकान	
105	68	2838	रैयती			लाडो खड़िया वो मिखाएल खड़िया पे0 चमरा खड़िया	अंश	2890	2839	2835			कच्चा मकान	
106	361	2766	गै0म0	रास्ता	0.017	गै0म0 आम	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता			पक्का मकान	
107	361	2766	गै0म0	रास्ता		गै0म0 आम	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता				
108	132	2835	रैयती	टांड़ I	0.007	डाकी खड़िया पिता जटा खड़िया वगै	अंश	2790	2790	2828	पीपल –1	1		
109	132	2828	रैयती		0.001	डाकी खड़िया पिता जटा खड़िया वगै	अंश	2790	2835	2790			कच्चा मकान	
110	132	2828	रैयती			डाकी खड़िया पिता जटा खड़िया वगै	अंश	2790	2835	2790	बेर –1	1	कच्चा मकान	
111	285	2825	रैयती	परती कदीम	0.002	रामनाथ चीक वल्द पलटु चीक वो जगु वो रामु पे0 रुपधन चीक	अंश	2790	2790	2814				
112	86	2814	रैयती	परती कदीम	0.009	जगमोहन चीक उर्फ भोको चीक पिता बरन चीक बगै0	अंश	2790	2825	2790				
113	86	2814	रैयती	परती कदीम		राम किशुनसाव पिता गुलाब साव	अंश	2790	2825	2790			कच्चा मकान	
114	88	2768	रैयती	टांड़ III	0.04	मोहन कुम्हार वो बसंत कुम्हार वो पे0 भीखु कुम्हार	2790	अंश	2767	2788			पक्का एवं कच्चा मकान	
115	88	2768	रैयती	टांड़ III		मोहन कुम्हार वो बसंत कुम्हार वो पे0 भीखु कुम्हार	2790	अंश	2767	2788			पक्का एवं कच्चा मकान	
116	88	2768	रैयती	टांड़ III		मोहन कुम्हार वो बसंत कुम्हार वो पे0 भीखु कुम्हार	2790	अंश	2767	2788	आम –1	1	पक्का मकान	
117	264	2788	रैयती		0.026	मुटा उरांव पिता सुरा उरांव वगै0	2790	अंश	2768	2789			कच्चा मकान	
118	264	2788	रैयती			मुटा उरांव पिता सुरा उरांव वगै0	2790	अंश	2768	2789			कच्चा मकान	
119	264	2789	रैयती		0.11	मुटा उरांव पिता सुरा उरांव वगै0	2790	अंश	2788	2790			कच्चा मकान	
120	264	2789	रैयती			मुटा उरांव पिता सुरा उरांव वगै0	2790	अंश	2788	2790			कच्चा मकान	
121	125	2781	रैयती		0.024	दुकरु खड़िया पिता डहरु खड़िया वगै0	2790	अंश	2782	1880			पक्का बाउन्डरी	
122	315	2782	रैयती	टांड़ I	0.019	जहरु लोहर पिता बहिरा लोहार वगै0	2790	अंश	2783	2781			मकान करकट	
123	315	2783	रैयती	मकान /सहन	0.008	जहरु लोहर पिता बहिरा लोहार वगै0	2790	अंश	2790	2782			माकान करकट	
124	33	2867	रैयती		0.067	बनसु खड़िया वो0 भोटा वो अंजेलुस वो अगस्तुस पे0 लेपा खड़िया	अंश	2790	2790	1871	सेमर–1 कटहल –1	2		
125	39	2791	रैयती		0.018	मंगरा खड़िया वल्द सुकरा खड़िया	अंश	2790	2790	2790	अमरुद –1	1	कच्चा मकान	
126	39	2791	रैयती			मंगरा खड़िया वल्द सुकरा खड़िया	अंश	2790	2790	2790			कच्चा मकान	
127	199	2811	रैयती	टांड़ II	0.041	बुटना खड़िया पिता अम्बु खड़िया	अंश	2790	2790	2790	आम –1	1		
128	199	2767	रैयती	टांड़	0.089	विरसा खड़िया वो मंगरा पिता बुटना खड़िया	2790	अंश	2766	2768			मकान	
129	33	2780	रैयती		0.043	बंसु खड़िया वगै0	1880	अंश	2867	1880	कुआं–1	1		
130	361	1880	गै0म0	रास्ता	1.007	गै0म0आम	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता			कच्चा मकान	
131	361	1880	गै0म0	रास्ता		गै0म0आम	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता			पक्का मकान	
132	361	1880	गै0म0	रास्ता		गै0म0आम	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता			पक्का मकान	
133	361	1880	गै0म0	रास्ता		गै0म0आम	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता	कटलह–1 पकरी–1	2		
134	184	1885	रैयती		0.285	वासदेव पाण्डे पिता हित नारायण पाण्डे	1880	अंश	1880	1880	पुटकल – 1 बेर – 1	2	पक्का मकान	
135	184	1885	रैयती			वासदेव पाण्डेपिता हित नारायण पाण्डे	1880	अंश	1880	1880			पक्का मकान	
136	184	1885	रैयती			वासदेव पाण्डेपिता हित नारायण पाण्डे	1880	अंश	1880	1880			पक्का करकट मकान	
137	86	1874	रैयती	टांड़ II	0.141	जगमोहन चीक उर्फ भोको चीक वल्द बरन चीक बगै0	अंश	1885	अंश	1876	पीपल–1 सेमर –1 पकरी–1 करंज –1 गुलैची–1	5	पक्का एवं कच्चा मकान	
138	86	1884	रैयती	टांड़ II	0.046	जगमोहन चीक उर्फ भोको चीक वल्द बरन चीक बगै0	1880	अंश	अंश	1880				
139	86	1876	रैयती	टांड़ III	0.145	जगमोहन चीक उर्फ भोको चीक वल्द बरन चीक बगै0	अंश	1880	1874	1877				
140	360	1877	गै0म0	झाड़ी जंगल	0.036	गै0म0 मालिक	अंश	1880	1876	1878				
141	65	1898	रैयती		0.04	धुलु खड़िया वो फिक वो जुलियुस पे0 घासी खड़िया वगै0	1880	अंश	अंश	1899				
142	360	1879	गै0म0	परती कदीम	0.13	गै0म0मालिक	अंश	1880	1878	1899	मकान			
143	360	1879	गै0म0	परती कदीम		गै0म0मालिक	अंश	1880	1878	1899	मकान			
144	114	1840	रैयती	दोन III	0.007	सबिना खड़ियाईन पति स्तानिसलास खड़िया	अंश	1879	अंश	1835				
145	170	1835	रैयती	टांड़ III	0.072	डोमर चीक वो ढीढु चीक पे0 विश्वनाथ चीक वगै0	1839	1899	1840	1834				
146	169	1836	रैयती	टांड़ III	0.074 / 0.11	छटन चीक पिता फागु चीक वगै0	1839	अंश	1835	1839				
147	58	1899	रैयती		0.082	जोहन खड़िया पिता रेयोन खड़िया वगै0	1835	अंश	1879	अंश				
148	360	1839	गै0म0	झाड़ी जंगल	0.42	गै0म0मालिक	अंश	अंश	1840	1785				
149	360	1839	गै0म0	झाड़ी जंगल		गै0म0मालिक	अंश	अंश	1840	1785				
150	169	1786	रैयती	परती कदीम	0.098	छटन चीक पिता फागु चीक वगै0	1784	अंश	1839	1783				
151	33	1784	रैयती		0.11	बंसु खड़िया वो0 भोटा खड़िया वो अंजलुस वो अगस्तुस पे0 लेपा खड़िया	अंश	1786	1785	1783	सेमर –1	1		
152	33	1785	रैयती		0.118	बंसु खड़िया वो0 भोटा खड़िया वो अंजलुस वो अगस्तुस पे0 लेपा खड़िया	अंश	1839	1839	1784				
153	57	1782	रैयती		0.107	एलेन तिर्की पति बिलोकन तिर्की	अंश	अंश	1783	1787				
154	57	1783	रैयती		0.046	एलेन तिर्की पति बिलोकन तिर्की	1784	अंश	1786	1782				
155	360	1787	गै0म0	झाड़ी जंगल	0.213	गै0म0मालिक	अंश	अंश	1782	1788				
156	356	1788	रैयती	परती कदीम	0.017	एतो झोरा वो दुवा वो बुधु वो बिरसु पे0 लादु झोरा	अंश	1787	1787	3350				
157	356	1790	रैयती	टांड़ III	0.004	एतो झोरा वो दुवा वो बुधु वो बिरसु पे0 लादु झोरा	1782	अंश	1789	1787	सेमर–1	1		
158	40	1878	रैयती	टांड़ III	0.048	मंगरा खड़िया वल्द बहिरा खड़िया	अंश	1880	1877	1879			मकान	
159	193	1789	रैयती	टांड़ III	0.034	बिरसु झोरा पिता लादु झोरा व	1782	अंश	1787	1787				
160	360	2350	गै0म0	नदी	0.35	गै0म0 मालिक	नदी	नदी	नदी	नदी				
161	361	2790	गै0म0	रास्ता	0.479	गै0म0 आम रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता	रास्ता				
162	360	3289	गै0म0	झाड़ी जंगल	0.306	गै0म0 मालिक	अंश	अंश	3303	अंश				
कुल					14.974									

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या – 30 / 2013 की धारा –11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में किसी प्रकार कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / उपायुक्त सिमडेगा–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा – 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपत्तियों हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR.NO. 319738 Land Reforms(23-24):D

उपायुक्त, सिमडेगा।

विकसित भारत की बात

फिस्कल प्रूडेंस के रास्ते पर चलते हुए, सरकार की ओर से बार-बार कहा गया कि वह वित्त वर्ष 2026 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 फीसदी तक कम करना चाहती है। अंतरिम बजट के दौरान, फाइनेंस मिनिस्टर सीतारमण ने राजकोषीय घाटे को लेकर बड़ी जानकारी दी। सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 फीसदी के पिछले लक्ष्य से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। वहीं वित्त वर्ष 2025 के लिए ये लक्ष्य जीडीपी का 5.1 फीसदी निर्धारित किया गया है। फाइनेंशियल ईयर 2025 के लिए शुद्ध उधारी 11.75 लाख करोड़ रुपये देखने को मिली है जबकि केंद्र की सकल उधारी 14.13 लाख करोड़ रुपये देखी गई है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025 के लिए रक्षा क्षेत्र में आवंटन को 4 फीसदी बढ़ाकर 6.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। ये वित्त वर्ष 2024 के बजटीय अनुमान 5.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि टैक्स ढांचे में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, चाहे वह प्रत्यक्ष कर हो या अप्रत्यक्ष। हालांकि, सॉवरेन वेल्थ फंड और पेंशन फंड में किए गए निवेश को एक और साल के लिए टैक्स फ्री कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2025 में कुल राजस्व प्राप्ति अब 30 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जो वित्त वर्ष 2024 में 26.99 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 के लिए पूंजीगत व्यय परिव्यय का बजट 11 फीसदी बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी का 3.4 फीसदी कर दिया गया है। पिछले चार साल में पूंजीगत व्यय तीन गुना होने से आर्थिक विकास और रोजगार सृजन पर कई गुना प्रभाव पड़ा है। यह बजट देश के हर वर्ग को प्रभावित करता है।

दो करोड़ आवास

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया। इससे किराए के मकानों या झुग्गी-झोपड़ी, चॉल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों को अपना मकान खरीदने या बनाने में मदद मिलेगी। मिडिल क्लास को ध्यान में रखते हुए रूफटॉप सोलर एनर्जी को लेकर भी बड़ी घोषणा की। सर्वोदय इससे मध्यम वर्ग को हर साल बिजली में खर्च होने वाली बड़ी राशि बचाने में मदद मिलेगी। सरकार ने साथ ही पीएम-आवास के लिए भी आवंटन बढ़ा दिया है। सरकार और दो करोड़ आवास बनायेगी। सरकार किराए के घरों, झुग्गियों, चॉलों और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के योग्य वर्गों को अपना घर खरीदने या बनाने में मदद करने के लिए एक योजना शुरू करेगी। कोविड के कारण चुनौतियों के बावजूद, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) का कार्यान्वयन जारी रहा और हम तीन करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं। इससे उत्पन्न होने वाली आवश्यकता को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे।' अंतरिम बजट में आवास को बढ़ावा देना बाजार के नजरिए से एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव है, क्योंकि इससे सीमेंट, स्टील और सभी निर्माण संबंधित क्षेत्रों को फायदा होगा। जैसा कि अनुमान था, अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई, लेकिन इसने देश भर में बुनियादी ढांचे के उन्नयन और कनेक्टिविटी के निर्माण पर अपना ध्यान जारी रखा। इससे न केवल शीर्ष शहरों में बल्कि देश भर के टियर 2 और 3 शहरों में रियल एस्टेट वृद्धि को लाभ होगा।आसान पुनर्विकास के लिए झुग्गियों जैसे अतिक्रमण क्षेत्रों को मुक्त करने की संभावना है। आवास का आर्थिक,सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व है।

प्रभावी पहल का इंतजार

- विकास सक्सेना

> आजादी के बाद लगभग पांच सौ रियासतों का भारत में विलय हुआ लेकिन राजनैतिक नेतृत्व की ढुलमुल नीति के चलते जम्मू और कश्मीर के एक बड़े हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। दरअसल स्वतंत्र राज्य की चाहत में कश्मीर के महाराजा हरीसिंह लम्बे समय तक असमंजस की स्थिति में रहे। निर्णय लेने में देरी के चलते शेख अब्दुल्ला जो पहले भारत के साथ विलय के पक्षधर से उनका मन बदलने लगा और वह स्वतंत्र राज्य की मांग करने लगे।

बीते कुछ वर्षों में देश की सामरिक और विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। पड़ोसी देशों के दुस्साहस का सीमा पर हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है तो दूसरी ओर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर सार्थक कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। दुनियाभर में भारत की साख और प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके बावजूद हमारे देश का बड़ा भू-भाग और उसमें रह रहे नागरिक पाकिस्तान और चीन के कब्जे में हैं। इन क्षेत्रों में रह रहे हमारे नागरिक नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। पाकिस्तान की सेना यहां के बाशिंदों के मानवाधिकारों को आए दिन रौंदती रहती है। हालांकि तीन दशक पहले देश की संसद ने इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने का संकल्प पारित किया था। लेकिन संसद द्वारा पारित इस संकल्प की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

देश के इतिहास में 22 फरवरी, 1994 का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारी संसद ने ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित करके संकल्प व्यक्त किया था कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू और कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। संसद में पारित इस संकल्प में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में चल रहे आतंकी शिविरों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। और कहा गया कि भारत में अशांति, वैमनस्य और विध्वंस पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें हथियार और धन मुहैया कराया जा रहा है। इसके अलावा भारत में घुसपैठ करने के लिए भी आतंकियों की मदद की जा रही है। प्रस्ताव में चार बिंदुओं में संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हरसंभव प्रयास करेगा। दूसरे बिंदु में कहा गया है कि भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता है कि वह उन अलगाववादी और आतंकवादी शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब दें, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हों। तीसरे बिंदु में मांग की गई है कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों को खाली करे, जिन्हें उसने कब्जाया और अतिक्रमण किया हुआ है। चौथे बिन्दु में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कुछ लोगों का कहना है कि शिमला समझौते के चलते भारतीय संसद द्वारा पारित इस संकल्प के कोई मायने नहीं हैं। दरअसल 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप स्वीकार करने की ऐतिहासिक भूल हुई थी। लेकिन जानकारों का मानना है कि शिमला समझौते का कूटनीतिक समझदारी से प्रयोग करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर को दोबारा भारत में शामिल किया जा सकता है। शिमला समझौते में दोनों देशों ने तय किया था कि वे इन विवादों को आपसी बातचीत से हल करेंगे। इन्हें अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान लगातार इस शर्त का उल्लंघन करता रहता है यानी उसने खुद शिमला समझौता तोड़ दिया है। इसके अलावा यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि हम जिसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी (पीओके) और पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है वह कश्मीर का हिस्सा है ही नहीं वह तो जम्मू का भाग है। वह न तो कश्मीर का अंश था और न ही इस रूप में उसका समझौता हो सकता था। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की भाषा भी कश्मीरी नहीं थी यहां के लोग जिस भाषा का प्रयोग करते हैं वह डोगरी और मीरपुरी का मिश्रण है।

आजादी के बाद लगभग पांच सौ रियासतों का भारत में विलय हुआ लेकिन राजनैतिक नेतृत्व की ढुलमुल नीति के चलते जम्मू और कश्मीर के एक बड़े हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। दरअसल स्वतंत्र राज्य की चाहत में कश्मीर के महाराजा हरीसिंह लम्बे समय तक असमंजस की स्थिति में रहे। निर्णय लेने में देरी के चलते शेख अब्दुल्ला जो पहले भारत के साथ विलय के पक्षधर से उनका मन बदलने लगा और वह स्वतंत्र राज्य की मांग करने लगे। इस बीच पाकिस्तान की तत्कालीन सरकार और सेना ने कबाइली लड़ाकों के साथ मिलकर कश्मीर पर हमला कर दिया। अत्याधुनिक हथियारों के साथ आए इन हमलावरों ने मानवता को तार-तार करते हुए गैर मुस्लिमों की हत्या, लूटपाट और महिलाओं के साथ बलात्कार शुरू कर दिए। हालात इतने खराब हो गए कि खुद महाराजा हरीसिंह ने श्रीनगर से पलायन कर 25अक्टूबर 1947 को जम्मू आकर सुरक्षित स्थान पर शरण ली। कश्मीर को बचाने के लिए उन्होंने 26अक्टूबर 1947 को भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए। कश्मीर के भारत में विलय के बाद 27अक्टूबर 1947 को भारतीय सैनिकों का पहला जत्था जम्मू-कश्मीर पहुंचा। उसने बहादुरी से पाकिस्तानी सेना और कबाइलियों को कश्मीर से बाहर धकेल दिया। हालांकि महाराजा हरीसिंह ने बिना शर्त पूरे कश्मीर का भारत में विलय कर दिया था लेकिन इसे रणनीतिक चूक और नासमझी कहा जाए या अपनी छवि चमकाने की कवायद कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू इस मामले के संयुक्त राष्ट्र संघ में ले गए सामरिक बढ़त के बावजूद पाकिस्तान के कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली कराए बिना संघर्ष विराम पर सहमति जता दी गई। नतीजन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लगभग एक लाख 26हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र पर पाकिस्तान और चीन का अवैध कब्जा है। इसमें मीरपुर मुजफ्फराबाद (जम्मू और कश्मीर) का 14हजार वर्ग किलोमीटर, गिलगित बाल्टिस्तान (लद्दाख) का लगभग 75हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है। गिलगित बाल्टिस्तान की शक्सगाम घाटी जिसका क्षेत्रफल लगभग 5600 वर्ग किलोमीटर है को पाकिस्तान ने मार्च 1963 में चीन को उपहार में दे दिया। इसके अलावा 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद से लद्दाख के लगभग 37 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर चीन ने अवैध कब्जा कर रखा है जिसे अक्साई चीन कहा जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव की सरकार ने 22 फरवरी 1994 को संसद में एकमत से संकल्प पारित किया कि विदेशी कब्जे वाले जम्मू- कश्मीर क्षेत्र को वापस लेने के लिए भारत हर संभव प्रयास करेगा। लेकिन संसद में दिसम्बर 2019 में नागरिकता संशोधन कानून पर चर्चा के दौरान हैरानी तो तब हुई जब कई विपक्षी सांसदों ने भारत की सीमा अफगानिस्तान से न लगने की बात कही। या तो उन्हें भारत की भौगोलिक स्थिति की जानकारी नहीं थी या वे पाकिस्तान और चीन के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के क्षेत्र को भूल चुके हैं।

महाशिवरात्रि

बन रहे दुर्लभ संयोग

महाशिवरात्रि पर्व को शिव-पार्वती विवाह की तिथि के रूप में मनाया जाता है, लेकिन यह बात कम ही लोग जानते हैं कि शिव-पार्वती का विवाह फाल्गुन फरवरी-मार्च मास में नहीं बल्कि मार्गशीर्ष माह नवंबर-दिसंबर में हुआ था। श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय तिवारी के अनुसार महाशिवरात्रि पर भगवान शिव पहली बार लिंग रूप में प्रकट हुए थे। वैसे कुछ अन्य विद्वानों का मानना है कि शिवलिंग में शिव और पार्वती दोनों समाहित हैं। दोनों ही एक साथ पहली बार इस स्वरूप में प्रकट हुए थे, इस कारण महाशिवरात्रि को भी शिव-पार्वती विवाह की तिथि के रूप में मनाया जाता है। शिवमहापुराण के रुद्रसंहिता के अनुसार शिव-पार्वती के विवाह की तिथि मार्गशीर्ष माह (अगहन मास) के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को आता है। वहीं, ईशान संहिता में वर्णन है कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान लिंग रूप में प्रकट हुए थे। इसी को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है।

माघकृष्ण चतुर्दश्यामादिदेवो महानिशिशिवलिंगतयोद्गतः कोटिसूर्यसमप्रभ॥ (ईशान संहिता)

शिव पुराणः शिव विवाह की तिथि मार्गशीर्ष में शिवपुराण के 35 वें अध्याय में रुद्र संहिता के अनुसार महर्षि वशिष्ठ ने राजा हिमालय को भगवान शिव और पार्वती विवाह के लिए समझाते हुए विवाह का मुहूर्त मार्गशीर्ष माह में होना तय किया था। जिसके बारे में इस संहिता ग्रंथ के 58 से 61 वें श्लोक में बताया गया है। शिवरात्रि पर विशेष संयोग : भारतीय पंचांग के अनुसार महीने के कृष्ण पक्ष की चौदस जो शिवरात्रि का दिन है इस बार 8 मार्च शुक्रवार को सर्वार्थ सिद्धि योग पड़ने से ये दिन सर्वाधिक शुभ संयोग वाला है। जिससे शिव पूजा का महत्व और बढ़ जाएगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग शिव योग सिद्ध योग श्रवण नक्षत्र का अद्भुत संयोग रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग के दौरान किए गए सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होती है। ऐसे में इस शुभ समय शिवरात्रि मनाई जा रही है, इस बार शिव भक्तों को दोगुना फल मिलेगा। शिव योगशिव योग में ध्यान और मंत्र जाप करना शुभ माना जाता है, इस शुभ समय पर भोलेनाथ की पूजा करने उनकी कृपा प्राप्त होती है।

सेवा से ज्ञान

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

सेवा से ज्ञान होता है। सेवा में किसी प्रकार की शंका करें तो फिर बुद्धि भ्रमित हो जाएगी। बुद्धि का दो रुप होता है संसयात्मक और निश्चयात्मक। निश्चयात्मक बुद्धि ज्ञान का होता है और संशयात्मक बुद्धि अज्ञान का होता है उल्टा कर देता है। इसलिये कभी भी जो सेवा मिले उसमें पूर्ण निष्ठा के साथ सेवा की जाती है तब वह सेवा ज्ञान की ओर ले जाती है। जहां उसमें इस प्रकार की बुद्धि लगाना प्रारंभ किये कि यह सेवा ठीक है नहीं है मुझे इसका लाभ हो, नहीं होगा- वह बुद्धि संशयात्मक होती है। गरुड़ जी मनुष्य थे और कागभुशण्डिजी भी मनुष्य थे। कभी भी इस तरह की नासमझी नहीं रखनी चाहिए कि वे चिड़िया थे। मनुष्यों का भी गुण स्वभाव के अनुसार नामाकरण चिड़िया का,पशु का कर दिया जाता है। कभी भी ये समझना चाहिए कि वे मनुष्य थे जामवंतजी मनुष्य थे। जामवंतजी भालू नहीं थे। अगर वे भालू होते तो उनकी लड़की की शादी द्वापरकाल में कृष्णजी से नहीं हुई होती। क्या उनकी शादी भलूनी से हई थी। जामवंती के पुत्र साम्ब थे और उसकी शादी दुर्योधन के पुत्र लक्ष्मण से हुई थी ये सब मनुष्य थे।

जो सेवा हमें मिल गयी उसकी सेवा में हमें ज्ञान मिल जाता है, अन्यत्र नहीं मिलता है। प्रकृति का मतलब यह होता है कि इसके हर कण में भगवान हैं। यह बोला जाता है तो लोग नहीं बूझते हैं कि यही प्रत्येक कण भगवान है। हर कण भगवान नहीं हैं। बल्कि इसका मतलब है कि एक कण की जहां हमें सेवा मिले वही से ज्ञान होगा।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे।

–अवधेशानंद गिरी, जूना आखड़ा

सोशल मीडिया

छात्रवृत्ति में दो से तीन गुना वृद्धि की गई। यहां के किसान, श्रमिक और गरीब के प्रतिभाशाली बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा का अवसर दिया गया। गांव के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए उत्कृष्ट विद्यालय शुरू किया गया है।

– चंपई सोरेन



आज जयपुर, राजस्थान में आयोजित प्रबुद्ध सम्मलेन में प्रबुद्ध नागरिकों के साथ मोदी जी के कार्यकाल की ऐतिहासिक उपलब्धियों और भावी भारत के निर्माण की उनकी योजनाओं पर संवाद किया।

– अमित शाह

कॉर्टून वर्ल्ड

नये युग का बरताव ...

साभार कॉर्टून मूवमेंट

लेटर टू एडीटर

राजनीतिक पराभव

अपनी निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है पूरी मृदंग की थाप के साथ। अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। मतदाता इस ठगोरी में क्यूं आ जाता है। सार्थक पड़ताल के लिए साधुवाद! **– मीरा गौतम, रांची**

जनता की नियति

चुनाव चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं। जनता हर बार नेताओं के शब्दजाल और आंकड़ों की बाजीगरी के जाल में फंस जाती है। अब चुनावों में ठगा जाना जनता की नियति बन गई है।

– राममूरत सिंह, हजारीबाग

राजनीतिक दलों के बाजीगर और चुनावी शतरंज

ललित गर्ग

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर शतरंज की बिसात बिछ रही है। कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने शतरंज की चालों की तरह अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर शतरंज की चालें चलते हुए एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। एक-एक मोहरे को ठीक जगह रख रहे हैं। कोई प्यादों से लड़ने की, तो कोई वजीर से लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। कुछ प्यादे, वजीर बनने की फिराक में हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 का लक्ष्य लेकर ही चालें चल रही है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी अपनी चालों को फीट करने में जुटें हैं। शतरंज की एक विशेषता है कि राजा कभी अकेले से शिकस्त नहीं खाता और यही हम आगामी चुनाव के बन रहे दृश्यों से महसूस कर रहे हैं।

राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है। शतरंज

के खेल की भांति राजनीति में भी कब किस घोड़े को और किस सैनिक को ऊंट को मारना है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके, ये कला आनी चाहिए। इस कला में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। वह राजनीतिक शतरंज की चालों में माहिर है और उसकी दृष्टि नये बन रहे राजनीतिक जोड़-तोड़ पर लगी है। भाजपा की एक चाल के बाद विरोधी कितनी चाल चल सकता है, भाजपा के घोड़े ऊंट सैनिक को मारने के लिए विपक्षी दल क्या चाले चल सकते हैं, इस बात का भाजपा को पहले से ज्ञान है, उसे यह भी पता है कि वह कितने प्यादों को खो सकता है। उसे बचाने का खेल भाजपा खेलने लगी है।

शतरंज में सफेद मोहरों की चाल पहले होती है और हर एक चाल की वरीयता मायने रखती है। ठीक इसी सोच पर भाजपा सभी चुनावी चालों में आगे रहना चाहती हैं। पर शुरूआत किस चाल से करें, जिसकी काट नहीं हो, यह भाजपा अच्छी तरह जानती हैं। तभी उसने प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़ी पहले चलने वाली चाले चलते हुए नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही पांच राजनीतिक रत्नों को ह्यभारत रत्नह्न सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाते हुए शह-मात का खेल खेल रही है। शतरंज के खेल की तरह राजनीति के खेल में भी घोड़ा ढाई घर आगे और ढाई घर पीछे चलकर मारता है, परिपक्व एवं मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों एवं राजनीतिक दलों की यही चालें शुरू हो चुकी है।

स्मति शेष : बहुत याद आयेंगे अमीन सयानी

संजय तिवारी

विश्व में हिंदी के लोकप्रिय रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी अब नहीं रहे। अपनी आवाज में यादों का सागर छोड़ कर उन्होंने विदा ले ली है। उन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में प्रसिद्धि और लोकप्रियता हासिल की जब उन्होंने रेडियो सीलोन के प्रसारण पर अपने बिनाका गीतमाला कार्यक्रम को प्रस्तुत किया । वह आज भी सर्वाधिक अनुकरणीय उद्घोषकों में से एक थे। पारंपरिक ₹भाइयों और बहनों₹ के विपरीत भीड़ को ₹बहनों और भाइयों₹ के साथ संबोधित करने की उनकी शैली को अभी भी एक मधुर स्पर्श के साथ एक घोषणा के रूप में माना जाता है। अमीन सयानी वस्तुत हिंदी भाषा के लिए एक ऐसी अमूल्य निधि हैं जिनको सदैव याद किया जायेगा।

हिंदी में आवाज के इस जादूगर ने 1951 से अब तक 54,000 से अधिक रेडियो कार्यक्रमों और 19,000 स्पॉट/जिंगल्स का निर्माण, संचालन (या भाषण) किया है। अमीन सयानी को उनके भाई हामिद सयानी ने ऑल इंडिया रेडियो , बॉम्बे से परिचित कराया था। अमीन ने वहां दस वर्षों तक अंग्रेजी कार्यक्रमों में भाग लिया। बाद में, उन्होंने भारत में ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में मदद की। सयानी वर्षों तक भूत बंगला , टीन डेवियन ,बॉक्सर और कत्ल जैसी विभिन्न फिल्मों का भी हिस्सा रहे । इन सभी फिल्मों में वह किसी न किसी कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका में नजर आये।

(21 दिसंबर 1932 - 20 फरवरी 2024)

अमीन सयानी ने महात्मा गांधी के निर्देशों के तहत नव-साक्षरों के लिए एक पाक्षिक पत्रिका के संपादन, प्रकाशन और मुद्रण में अपनी मां कुलसुम सयानी की सहायता की । पाक्षिक, रहबर (1940 से 1960), एक साथ देवनागरी (हिंदी), उर्दू और गुजराती लिपियों में प्रकाशित हुआ था - लेकिन सभी गांधी द्वारा प्रचारित सरल हिंदुस्तानी भाषा में। यह सरल संचार का आधार था जिसने उन्हें व्यावसायिक प्रसारण के अपने लंबे करियर में मदद की और 2007 में नई दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदी भवन द्वारा उन्हें हिंदी रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उनके बारे में एक कम ज्ञात तथ्य यह है कि उन्होंने 1960-62 के दौरान टाटा ऑयल मिल्स लिमिटेड के विपणन विभाग में ब्रांड एक्जीक्यूटिव के रूप में काम किया था - मुख्य रूप से उनके टॉयलेट साबुनः हमाम और जय की देखभाल करते थे। ऑल इंडिया रेडियो (1951 से), आकाशवाणी की वाणिज्यिक सेवा (1970 से) और विभिन्न विदेशी स्टेशनों (1976 से) के बीच, सयानी ने 54,000 से अधिक रेडियो कार्यक्रमों और 19,000 स्पॉट/जिंगल्स का निर्माण, संचालन (या उनके लिए भाषण) किया है। (यह तथ्य लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है)।

कुछ बेहतर ज्ञात रेडियो शो : सिबाका (पूर्व में बिनाका) गीतमाला : 1952 से प्रसारण - मुख्य रूप से रेडियो सीलोन पर , और बाद में विविध भारती (एआईआर) पर - कुल 42 वर्षों से अधिक समय तक। 4 साल के अंतराल के बाद इसे फिर से पुनर्जीवित किया गया, और 2 साल के लिए कोलगेट सिबाका गीतमाला के रूप में विविध भारती के राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95705-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

चंपई सोरेन से मिले मुकेश राउत

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सह झामुमो के सोशल मीडिया सेल के प्रभारी मुकेश राउत ने हजारीबाग में झारखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से औपचारिक मुलाकात की। मुकेश राउत सीएम चंपाई सोरेन को बुके देकर स्वागत किया। राउत ने कहा कि निश्चित तौर पर सोरेन के कार्यकाल में झारखंड सरकार के द्वारा जनता के हित में अधिक से अधिक कार्य किए जाएंगे। इस सरकार में सभी झारखंडवासियों के हित में कार्य किया जायगा। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा झारखंड में जातीय जनगणना कराने का निर्णय झारखंड के विकास के लिए एक बड़ा कदम साबित होगा। जिसका लाभ सीधे तौर पर झारखंडवासियों को मिलेगा। चंपई सोरेन ने कहा कि बचे हुए इस 10 महीने के कार्यकाल में यह सरकार कई नई योजनाओं पर काम करने जा रही है जिससे झारखंड की जनता को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा की अबुआ आवास योजना के तहत लाखों गरीबों को पक्का मकान मुहैया कराया जा रहा है। इससे लोगों के चेहरे पर खुशी देखी जा रही है। चंपई सोरेन ने कहा की बहुत जल्द हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाहर होंगे और फिर से झारखंड विकाश की नई दिशा लिखने को तैयार होंगे। उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन विकाश की जो नई लकीर खींची है, इसका परिणाम आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

ट्रांसपोर्टरों का आंदोलन स्थगित

भुरकुंडा (रामगढ़)। तेरह सूत्री मांगो को लेकर मंगलवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। वार्ता में तय किया गया की हाई पावर कमेटी का फैसला एवं आरए माइनिंग से निकाले गए पांच मजदूरों को पुनः रखने के सवाल पर दस दिन का समय लिया गया है। साथ ही बेरोजगारों को रोजगार देने के संबंध में भी बैठक कर रूपरेखा बनाने की बात प्रबंधन द्वारा कही गई। प्रबंधन के सकारात्मक आश्वासन के बाद यूनियन ने 22 फरवरी को आहुत ट्रांसपोर्टिंग ठप आंदोलन स्थगित कर दिया। वार्ता में महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, स्टाफ ऑफिसर कार्मिक अजय कुमार, स्टाफ ऑफिसर सिविल आरके प्रधान, पीओ उरीमारी दिलीप कुमार, बिरसा एसओएम बीरेंद्र सिंह, एरिया मेडिकल ऑफिसर उपस्थित थे। वहीं यूनियन के ओर से महासचिव सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, गुरुदयाल ठाकुर, विश्वरंजन सिन्हा, व्यास पांडेय, विकाश कांत सिन्हा, अजीत कुमार, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र मिश्रा, संतोष ठाकुर, शंकर सिंह, बिनोद कुमार, बलराज, बिनोद कुमार सिंह, अनिल राम, शंकर प्रसाद, मो. जशीम, शिवनंदन दास, कमल सिंह, विक्रांत साहू, मनोज करमाली आदि मौजूद थे।

जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में दिशा की बैठक

रामगढ़। जिला समाहरणालय सभागार में सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चैधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। बैठक के दौरान पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों पर चर्चा की गई। जिसके उपरांत सांसद के द्वारा मिशन अमृत सरोवर एवं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग-अलग पंचायतों में बनाए गए खेल मैदानों की जानकारी ली गई। यथावत सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। सांसद ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल से जिले में लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर कनेक्शन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उन्हें ठीक करने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया।

शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में व्याख्यान

रजरप्पा। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में रिसर्च सेल एंड आईक्यूएसी के तत्वावधान तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन डॉ. चेतलाल प्रसाद, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत गीत प्रशिक्षुओं में स्नेहा, ज्योति, मुस्कान, सिमरन, पूनम के द्वारा गाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश व्याख्याता राजेश महतो के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा आईसीटी की संपूर्ण जानकारी जैसे कंप्यूटर ज्ञान, शिक्षकों की गुणवत्ता, नई शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा में आईसीटी का प्रयोग, डिजिटल युग संबंधी बातों पर चर्चा किया एवं प्रशिक्षुओं से प्रश्नोत्तरी का जवाब दिया। प्रश्न पूछने वाले प्रशिक्षुओं में यादव अजित कुमार, अमित कुमार रॉय, पंकज कुमार, रश्मि, शांता, आनंद कुमार गुप्ता, सुभाष प्रसाद, पूजा कुमारी, चांदनी, अशोक करमाली इत्यादि रहे। आयोजक बाबूचंद प्रसाद के अथक प्रयास एवं मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।

भुरकुंडा सीएचपी में युवक से छीना मोबाइल और 500 रुपये

▸▸ युवक को किया घायल, पुलिस पांच लोगों से कर रही पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोलियरी के सीएचपी मार्ग में पिछले एक सप्ताह में बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने तीन बार छिनतई की। भुरकुंडा पुलिस पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताते चलें कि मंगलवार की रात्रि करीब साढे आठ बजे न्यू बैरक निवासी मनीष राजभर रीवर साइड से अपने घर आ रहा था। इसी क्रम में सीएचपी मार्ग में बाइक सवार दो अपराधी मनीष को हथियार का भय दिखाकर मारपीट करते हुये 500 रुपए नकदी सहित मोबाइल छिनकर भाग निकले। घटना के बाद घायल मनीष भुरकुंडा थाना में मारपीट और छिनतई का मामला दर्ज कराया। दर्ज मामला में उसने कहा है कि दो नकाबपोश बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर उनके मेरे साथ मारपीट करते हुये मोबाइल और पैसा छिनकर फरार हो गये। मनीष ने भागते हुये अपराधियों

के बाइक का नंबर 2925 देख लिया। इधर पिछले 16 फरवरी की रात्रि भी अपराधियों ने जवाहरनगर निवासी उपेंद्र शर्मा से हथियार का भय दिखाकर नगद और मोबाइल की छिनतई की थी। वहीं एक दिन पूर्व एक सीसीएलकर्मी के साथ भी सीएचपी मार्ग में ही नगद छिनतई की गई थी। सीएचपी में छिनतई की घटना को लेकर पुलिस ने क्षेत्र में छापेमारी करते हुये पांच युवकों को हिरासत में लिया है। साथ ही पांचों से पुछताछ कर रही है। इधर पुलिस मामले को लेकर कुछ भी बताने से इंकार कर रही है।

बरही विस क्षेत्र में होगा बदलाव : अरुण साहू

तिलेश्वर साहू सेना की बैठक में संगठन मजबूती को ले हुयी चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना की प्रखंड स्तरीय कमिटी की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के विधायक प्रत्याशी अरुण साहू शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार व संचालन बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती एवं विस्तार, बरही विधानसभा के प्रत्येक गांवों में कार्यक्रम, संगठन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, जनता की समस्याओं का समाधान हेतु कार्य एवं बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने कहा कि पूरा बरही विधानसभा अभी बदलाव के पक्ष में है और सभी हमारी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। हमें उनके भरोसे को बरकरार रखना है। इसके लिए हमें पूरे विधानसभा में जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़कर कार्य करना होगा ताकि हम उनके सपनों को साकार करने में सक्षम हो सकें। बैठक में प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, प्रखंड उपाध्यक्ष भोली पासवान, समसुद्दीन अंसारी, चमारी ठाकुर, करसो पंचायत अध्यक्ष प्रभु भुइयां, धनवार पंचायत प्रभारी शौकत अंसारी सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

बदनाम करने की हो रही है कोशिश : प्रशांत

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुधबाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा पंचायत के वाट्सअप ग्रुप में मैसेज कर उपमुखिया प्रशांत कुमार पर स्थानीय व्यक्ति से पैसा लेकर काम करने का आरोप लगाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बावत उपमुखिया प्रशांत कुमार ने रामगढ़ डीसी व पतरातू बीडीओ को पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में उपमुखिया प्रशांत कुमार ने पैसे लेकर काम करने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मुखिया ने मुझपर जो आरोप लगाया है वह पूरी तरह निराधार व बेबुनियाद है। उन्होंने कहा है की मेरी बढ़ती लोकप्रियता को देखकर मुखिया तथा उनके पति के द्वारा मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। पंचायत में मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

डहरभंगा पंचायत सचिवालय में लगा वृद्धा पेंशन कैंप

खबर मन्त्र संवाददाता

टाटीझरिया। झारखंड राज्य मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के निर्देशानुसार पंचायतो में मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन लाभान्वित योजना 50 वर्ष के अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति महिलाए को दिया जाना है और अत्यंत पिछड़ा जाति, सामान्य जाति वर्ग के 60 वर्षीय महिला पुरुष लाभुकों का 21 फरवरी 2024 को आवेदन जमा लिया गया। जिसे लेकर टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा पंचायत में कर्मियों को प्रतिनियुक्ति कर शिविर लगाया गया। डहरभंगा पंचायत भवन प्रांगण में पंचायत कि स्थानीय मुखिया रेखा देवी पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे तथा बीएलओ की उपस्थिति में 84 आवेदन जमा लिया गया। शिविर में लाभुको ने स्थानीय मुखिया रेखा देवी और पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे के हाथों में आवेदन दिया। शिविर में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंचायत के वार्ड सदस्य, पसंस, मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव समेत अन्य कई समाज सेवी जुटे थे।

बरही आइलेक्स पब्लिक स्कूल में लगा कराटे प्रशिक्षण शिविर

बरही। आईलेक्स पब्लिक स्कूल में कराटे ग्रेडिंग सह प्रशिक्षण कैंप लगा। छात्रओं ने शानदार प्रदर्शन किया। बेहतर करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षक सिहान उदय ने कहा कि संस्थान के निदेशक शैलेश कुमार इतने ऊर्जावान है कि उनके कुशल मार्गदर्शन में बच्चों में भी ऊर्जा देखने को मिलती है। उन्होंने मैनेजर सुषमा भारती का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्कूल के कराटे शिक्षिका प्रिया कुमारी का प्रशंसा की।

रुद्र महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत रांची रोड मरार बरवाटांड़ स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में 19 फरवरी से प्रारंभ हुए 5 दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। यज्ञाचार्य विकास पांडेय व उनके सहयोगी ब्राह्मणों की टोली के मुखारविंद से निकल रहे मंत्रोच्चारण का आनंद धर्म प्रेमी ले रहे हैं। एक ओर जहां ब्राह्मणों की टोली द्वारा अनवरत मंत्रोच्चारण व पूजा पाठ किया जा रहा है वहीं धर्म प्रेमी महिला पुरुष व बच्चे स्नान कर व स्वच्छ वस्त्र धारण कर भक्ति मुद्रा में यज्ञ स्थल पहुंचकर परिक्रमा व पूजा पाठ करने में लगे हैं इस महायज्ञ को संपन्न कराने में यज्ञ समिति अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा व उनकी पूरी टीम पूरी तन्मयता से लगे हैं। महायज्ञ के दूसरे दिन 20 फरवरी को प्रातः वेद पाठ, बेदी

पूजन, मंडप पूजन, अरणीमंथन, अग्नि स्थापन, हवन, अन्नाधिवास, घृताधिवास, पुष्पाधिवास, आरती पुष्पांजलि के पश्चात रात्रि में कथा वाचन होगा। यज्ञ के तीसरे दिन प्रातः वेद पाठ वेदी पूजन मंडप पूजन हवन फलाधिवास,धूपाधिवास, मिष्ठानाधिवास सहित विविध अधिवास स्नापन ,नगर भ्रमण, सय्याधिवास, आरती, पुष्पांजलि के बाद रात्रि में कथा वाचन होगा। यज्ञ के चौथे दिन प्रातः वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, षोडशोपचार पूजन,हवन, आरती पुष्पांजलि व कथा वाचन तथा महायज्ञ के अंतिम दिन 23 फरवरी को अन्य दिनों की तरह धार्मिक कर्मकांड के पश्चात हवन, पूर्णाहुति आरती पुष्पांजलि के बाद प्रसाद वितरण व भव्य भंडारा प्रारंभ होगा। महायज्ञ संपन्न कराने को लेकर महायज्ञ समिति अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह, लोचन प्रसाद सचिव रोहित करमाली, सह सचिव महावीर रजवार, कोषाध्यक्ष रामू रजवार, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार बेदिया, संजय रजवार, श्याम सुंदर, मनोज रजवार, गोविंद रजवार, शंकर सोनी, दिनेश करमाली, राजेश करमाली, मनोज साव, आनंद, अजय यादव, अविनाश उपाध्याय, पवन साव, अभिषेक साव, नंदकिशोर राम, कपिल, जयकृष्ण बेदिया, महावीर करमाली, कौलेश्वर रजवार आदि जुटे हैं।

जनता मजदूर संघ का वनभोज आयोजित

कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के आरा कोलियरी के नेहरू पार्क में जनता मजदूर संघ सीसीएल कुजू क्षेत्रीय समिति का वनभोज सह मिलन समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने किया। समारोह में सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सह संघ के केंद्रीय सचिव सुखदेव प्रसाद, करमा पीओ पवन कुमार, खान मैनेजर संजय सिंह, सीसीएल अधिकारी अभिज्ञान कुमार शामिल हुए। संघ के केंद्रीय सचिव सुखदेव प्रसाद ने कहा कि जनता मजदूर संघ सबसे बड़ा संघ है। हमारा संघ कार्यकर्ताओं के लिए हर वक्त सुख व दुख में खड़ा है। संगठन के केंद्रीय सचिव होने के नाते आप सबों की हर समस्या का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उठाया वनभोज का लुत्फ

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ धर्म व झूठ की बुनियाद पर सत्ता पर बैठी है भाजपा : आशीष सहाय

कटकमसांडी। प्रखंड मुख्यालय स्थित चंदवा टोंगरी में बीएलए बनाने को लेकर कांग्रेस का प्रखंडस्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर मौजूद बतौर मुख्य अतिथि सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय के पौत्र आशीष सहाय ने कहा कि भाजपा धर्म व झूठ की बुनियाद पर आज दस वर्षो से सत्ता पर बैठी है। कांग्रेस का काम धर्म की राजनीति नहीं। बल्कि साम्प्रदायिक सौहार्द व जनहित राजनीति करती है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की नीति धर्म के नाम पर सत्ता हासिल करना नहीं। बल्कि लोकतंत्र व संविधान को बचाना है। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि भाजपा के मुंह में राम राम है और दिल में नाथू राम है। उन्होंने प्रखंड व पंचायत अध्यक्ष व सचिव को प्रखंड में बूथ मैनेजमेंट को दुरुस्त करने व बीएलए के गठन कर चयनित सूची को शीघ्र जिला कांग्रेस कार्यालय में उपलब्ध कराने की बात कही। इधर ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु देवी ने कहा कि भाजपा के काल में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। हमे सत्ता परिवर्तन कर लोकतंत्र व संविधान को बचाना है। कार्यक्रम में जिला महिला अध्यक्ष बेबी देवी, संगीता देवी, जिला महासचिव असगरी अंजुम, डांटो

मुखिया कुवांरी बखला, प्रवक्ता निसार खान, राजकिशोर सिंह, विनोद कुशवाहा, मनोज मोदी, प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव,इंद्रदेव यादव सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता व विभिन्न पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष व सचिव मौजूद थे।

एक नजर में

यज्ञ में शामिल हुए मनीष जायसवाल

हजारीबाग। शहर के जयप्रभा नगर कॉलोनी में आयोजित माता संतोषी प्राण-प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल स्थानीय श्रद्धालुओं संग शामिल हुए और भक्तिभाव में लीन मुहल्ले वासियों के साथ नगर भ्रमण में साथ रहे। यहां यज्ञ समिति के लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल का बड़ा ही आत्मिय स्वागत फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान किया। नगर भ्रमण में नर- नारी के साथ बच्चे और मासूम भी आस्था में लीन दिखे । मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की यज्ञ जैसे सत्प्रयोजन समाज को जहां संगठित करता है वहीं धार्मिक और आध्यात्मिक मनोभाव का भी संचार पर सकारात्मक संचार होता है। मौके पर कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, अखौरी ब्रजेश सहाय, भाजयुमो नेता आशीष गुप्ता सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आरोग्यम अस्पताल में लगा मोतियाबिंद शिविर

हजारीबाग। जिले का सबसे सर्वश्रेष्ठ आरोग्यम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लोगों को अपनी सुविधा परिपूर्ण उपलब्ध करा रहा है, इसी बीच आंखों की इलाज से जूझ रहे मरीजों के लिए आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में विभिन्न लगाया जा रहा है इसी शिविर के बीच बुधवार को आरोग्यम अस्पताल के आई केयर सेंटर में आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2:00 बजे तक चला। यह शिविर निःशुल्क थी, इस बीच 100 से भी अधिक मरीज का इलाज किया गया जिसमें कई बुजुर्ग मरीज शामिल थे। आगे की इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड से सभी का इलाज किया जाएगा। रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विवेक कुमार के द्वारा सभी का इलाज किया गया। डॉ विवेक कुमार पिछले कई दिनों से हजारीबाग जिलेवासियों की सेवा में तत्पर है। मौके पर आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि जनता की देखभाल तथा सुनिश्चित स्वास्थ्य लाभ देने के लिए अस्पताल तत्पर है। पिछले कई महीनो से लगातार ग्रामीण इलाकों में आंखों का जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी बीच बुधवार को आरोग्यम अस्पताल के आई केयर सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 से भी अधिक मरीजों ने लाभ लिया यह शिविर आगे भी निरंतर रूप से लगाया जाएगा। मौके पर डॉ विवेक कुमार के टीम के साथ न. टेकनियान विकास कुमार, निशा कुमारी, नार्शिग स्टाफ रुखसाना,सुमन,गणेश कुमार, ललीता कुमारी, राजिब फैर्जा, मनीष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

हजारीबाग में ब्रह्मर्षि समाज का वनभोज आज

हजारीबाग। राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी सहित देश में संगठित किसान आंदोलन के जनक एवं किसानों के मसीहा स्वामी सहजानंद सरस्वती की 135 वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को स्वामी सहजानंद सेवा संस्थान, हजारीबाग द्वारा उनकी जयंती को समारोह के रूप में मनाया जायेगा। इसे लेकर संस्थान द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले भर के ब्रह्मर्षियों को सूचना के साथ सम्मेलन में आने हेतु निमंत्रण दिया गया है। सम्मेलन स्थल शहर के डीवीसी चौक और परिसदन के बीच स्थित प्रोवेश रिसॉर्ट परिसर का निरीक्षण किया गया। वनभोज हेतु व्यंजनों को लेकर चर्चा की गई। समाज द्वारा लगातार बैठकों का आयोजन कर समाज के लोगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर इस सम्मेलन को सफल और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन के दौरान समाज के आदर्श स्वामी सहजानंद सरस्वती जी को याद करते हुए उन्हें नमन किया जाएगा और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प सभी लोग लेंगे ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह इस कार्यक्रम के संयोजक है । कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर समाज के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिन कन्हैया शर्मा, प्रवक्ता डॉ आनंद कुमार शाही, रंजन चौधरी, प्रकाश शर्मा, राजू सिंह, प्रफुल सिंह, दिनेश्वर सिंह, अजय शर्मा, जितनाथ सिंह, कन्हैया शर्मा, रामनिवास शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग जुटे हुए हैं।

वाहन से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

हजारीबाग। लोकसभा चुनाव में अबकी बार, 80 पार' अभियान के तहत लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान किये जाने के प्रति जागरूक करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर केरेडारी प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर ईवीएम वीवीपीएटी प्रदर्शनी वाहन को भेजा रहा है। जहां मतदाताओं को ईवीएम मशीन कैसे कार्य करती है और कैसे मतदान करना है से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी सभी मतदाताओं को दिया जा रहा है। जागरुकता अभियान के पहले दिन बुधवार को प्रखंड के दुरस्त मतदान केंद्र मनातू, बकचोमा और गोंदा स्थित मतदान केंद्रों पर ईवीएम प्रदर्शनी वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जबकि पचड़ा, नवाखाप, बुकरु, भदईखाप, पेटो और सायल में 22 फरवरी को, चट्टी बरियातू , पगार,जोरदाग,तरहेसा, बालेदेवरी में 23 फरवरी को, बेंगवरी, बसरिया, हेवई, पहरा, जमीरा, बेलतू में 26 फरवरी को, कंडाबेर, सिरमा, पतरा खुर्द, बारियातू, गरीखुर्द, देवरिया खुर्द में 27 फरवरी को, रांकीकला, कोदवे, पतराकला में 28 फरवरी को, बेला, कराली, केरेडारी, कैमो, कौलेश्वर बागी में 29 फरवरी को, जोको, सलगा, कुठान, नीरी, बुंडू, किरीगढ़ा में 01 मार्च को वहीं खपिया, बढ़का, हेंदेगीर, लोहरसा, पताल और कोले मतदान केंद्र पर 02 मार्च को ईवीएम वीवीपीएटी प्रदर्शनी वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सुरेश प्रसाद मेहता शामिल थे।

स्पीड न्यूज

सिसई के ओलमुंडा कोयल नदी बालू घाट पर एसडीओ ने की छापामारी

गुमला। अनुमण्डल पदाधिकारी गुमला राजीव नीरज द्वारा गुप्त सूचना के आधार मंगलवार की रात्रि सिसई प्रखण्ड के ओलमुण्डा के असरो कोयल नदी के डोंगा बालुघाट में छापेमारी की। छापेमारी के समय अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सुरेश यादव, प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी गुमला, अंचलाधिकारी सिसई एवं थाना प्रभारी सिसई उपस्थित थे। छापेमारी के समय बालु डोंगाघाट स्थल पर भारी मात्रा में अवैध रूप से बालू डम्प किया हुआ पाया गया। उक्त के आलोक में बालु डोंगाघाट स्थल पर भारी मात्रा में डम्प किये हुए बालु को जब्त कर सभी संबंधित व्यक्यिों पर कार्रवाई करने का निर्देश प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी गुमला को दिया गया।

महाशिवरात्रि पर दूधेश्वरीधाम में होगा भव्य कलश यात्रा व अखंड हरिकीर्तन

गुमला। शहर के सोसो मोड़ भलदम चट्टी स्थित मां दूधेश्वरी स्वयं शंभू धाम के प्रांगण में महाशिवरात्रि को लेकर बैठक आहूत की गई। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। जिसके लिए एक कमिटी का निर्माण कर अध्यक्ष जयंती देवी, उपाध्यक्ष श्वेता देवी, सचिव पुनम मिश्रा, सहसचिव सीता देवी, कोषाध्यक्ष अनिता सिंह, सह कोषाध्यक्ष शान्ती देवी तथा कार्यकारिणी सदस्य में 21 महिलाएं क्रमशः जुही रानी, पुनी देवी, कौशल्या देवी, मधेश्वरी देवी, अंजु देवी, मीरा देवी, लीला देवी, चिंता देवी, अनिता देवी, निधि कुमारी, सरस्वती देवी, प्रभा देवी, कमला देवी, हेमंती देवी, जयंती देवी, पोको देवी, मंजु देवी, पुनम देवी, सुनिता देवी, मिन्ता तिवारी तथा आरती देवी के नामों का चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि के दिन दूधेश्वरीधाम में सुबह 8.30 बजे से 1001 का भव्य कलश यात्रा, पूर्वाह्न 11:30 बजे से 24 घंटे का हरे अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ तदोपरांत भंडारा एवं प्रसाद वितरण का निर्णय लिया गया। बैठक में राकेश कुमार सिंह, अनिल मिश्रा, धरमु गोप, अशोक कुमार साहू, मृत्युंजय कुमार, डॉ राजकुमार सिंह, शिबू गोप, आलोक कुमार, राज गोप, यशराज सिंह, कार्तिक मुंडा, भोला दास, आनंद किशोर पंडा, रमेश कुमार गोप तथा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

60 हेक्टेयर भूमि में तेलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण संपन्न

गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा तेलहनी फसलों को बढ़ावा देने हेतु संचालित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा जिला के कुल 60 हैक्टेयर भूमि में वर्ष 2023–24 में सरसों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में गुमला प्रखंड के खोरा जामटोली, संवरिया, लूटो, जारी प्रखंड के तिल्हैटोली, घाघरा प्रखण्ड के चुन्दरी एवं सेहल बंशीटोली गांव के कुल 30 किसानों को राई सरसों की फसल कटाई उपरांत प्रबंधन विषयक पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों के यहां गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन करना है। प्रशिक्षण के तकनीकी सत्र में विभिन्न वैज्ञानिकों डॉक्टर नीरज कुमार वैश्य, इंजीनियर एनो राई, अटल बिहारी तिवारी, डॉ निशा तिवारी एवं मृत्युंजय कुमार सिंह के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में किसान कलवारी उरॉव, बचन देव उरॉव, जितेंद्र सिंह, बुद्धू उरांव, भोला उरांव सहित इत्यादि किसान उपस्थित थे।

हेमंत सोरेन को नहीं छोडा गया तो होगा उग्र आंदोलन : फिलोमिना

जारी। जारी प्रखंड में बुधवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष फिलोमिना लकड़ा के नेतृत्व में न्याय यात्रा निकाला। न्याय यात्रा जारी बाजार टांड़ से आरंभ होकर प्रखंड के सभी मुख्य मार्गों में भ्रमण करने के बाद जरमाना पारिश मैदान पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। न्याय यात्रा में सैकड़ो की संख्या मे झामुमो कार्यकर्ता जेल का ताला टूटेगा, हेमन्त सोरेन छुटेगा, केन्द्र सरकार होश मे आओ, ईडी और सीबीआई की मनमानी नही चलेगी आदि नारा लगा रहे थे। वहीं झामुमो के प्रखंड महिला अध्यक्ष फिलोमिना लकड़ा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते बीजेपी के लोगों के द्वारा झूठा आरोप लगाकर फंसा कर हमारे आदिवासियों के मसीहा मुख्यमंत्री को जेल भेजने का काम किया। हम आदिवासी कभी माफ नही करेंगे। अगर इस न्याय यात्रा से अगर मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ा गया तो हम सभी उग्र अन्दोलन करेंगे। मौके पर नोवेल लकड़ा, मनीरा एक्का, इबलिन कुजूर, गुलाम मुस्तफा रकेश खाखा सहित सैकड़ो महिला पुरूष न्याय यात्रा मे शामिल थे।

घाघरा में दूसरे दिन मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन को लेकर लगा शिविर

घाघरा। घाघरा प्रखंड में दूसरे दिन 6 पंचायत में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन को लेकर बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चुंदरी, घाघरा, देवाकी, दीरगांव, डुको, कुगांव पंचायत में लगा। शिविर में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के पुरुषों एवं महिलाओं का आवेदन के साथ–साथ सभी वर्ग के महिला का आवेदन लिया गया। शिविर में मुखिया बिनीता कुमारी, पूनम भगत, सहित कई मुखिया, पंचायत सेवक, कृषक मित्र,रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका सहित कई कर्मी उपस्थित है।

मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य प्रेम कच्छप भाईचारे का मिसाल थे : भूषण

गुमला। मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य प्रेम कच्छप के असमायिक निधन पर विंग्स आईटी इंस्टीट्यूट पालकोट रोड गुमला में मिशन बदलाव सदस्यों की बैठक हुई। जहां स्व प्रेम कच्छप की आत्मा की शांति के लिए सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मौके पर भूषण भगत ने कहा कि प्रेम कच्छप जैसा क्रांतिकारी स्वभाव का व्यक्ति और समाज के लिए कुछ कर गुजरने वाला व्यक्तित्व कभी कभार ही देखने को मिलता है। प्रेम कच्छप भाईचारे के मिसाल के लिये हमेशा याद किया जाएगा। मिशन बदलाव संस्थापक सदस्य अमित सिंह ने कहा कि प्रेम भाई आप जितना मेहनत मिशन बदलाव के लिए जमीन स्तर पर लोंगो के समस्याओं के समाधान के लिये ईमानदारी कोशिश किया और आज ये असर है कि शहर में बनाया गया संगठन ग्रामीणों क्षेत्र तक पहुंच चुका है। शोक सभा में मिशन बदलाव के रजनीश कुमार, जितेश मिंज,प्रदीप वर्मा, सैयदा खातुन, ज्योति वर्मा, ज्योति ग्लोइरिया कुजूर, बिमला कुजूर, लखन गोप, जितेंद्र ओहदर, तबरेज आलम, सुशील उरांव उपस्थित थे।

सेन्हा में 780 विद्यार्थियों ने दिया विज्ञान विषय की परीक्षा

सेन्हा–लोहरदगा। झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु एवं कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में विज्ञान विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ। इस मौके पर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण जिला से आए उड़नदस्ता दल के द्वारा की गई। वही परीक्षा से पूर्व दण्डाधिकारियों द्वारा छात्र छात्राओं का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षा केंद्रों में प्रवेश कराया गया। जिसे नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु स्थित परीक्षा केंद्र में 478 विद्यार्थियों में से 474 छात्र छात्राओं ने और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 311 में से 306 विद्यार्थियों ने विज्ञान का परीक्षा दिया। 9 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। वही केन्द्रधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा व अभिषेक गौरव ने बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुआ, सीसीटीवी द्वारा परीक्षा की निगरानी के साथ दंडाधिकारी मनोज कुमार सिंह व संजीत कुमार, एसआई शशिकांत कुमार व एएसआई राजेश राम लोहरा दलबल के साथ मौजूद थे।

भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन जल्दः आशा लकड़ा

भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा स्तरीय विशेष संगठनात्मक बैठक संपन्न

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। भाजपा की लोकसभा स्तरीय विशेष संगठनात्मक बैठक बुधवार को बिरसा मुंडा पार्क स्थित आनंदमयी भवन में जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन जल्द होगा। जिसमें लोकसभा चुनाव की विशेष तैयारी पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में लोहरदगा लोकसभा के पांचों विधानसभा क्रमशः गुमला, सिसई, विशुनपुर, लोहरदगा और मांडर के टोटल 32 मण्डल के सभी 321 पंचायत (शक्तिकेन्द्र) के अंतर्गत पड़ने वाले 1748 बूथ समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे। इसके अलावे उन्होंने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले जिला कार्यसमिति, जिला के सभी मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य एवं पदाधिकारी, मण्डल एवं मण्डल मोर्चा के सभी कार्यसमिति के सदस्य एवं सभी पंचायतों (शक्तिकेन्द्रों) के संयोजक एवं सह संयोजक के साथ सभी बूथ अध्यक्ष सहित बूथ समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे। बैठक में मंच का संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर एवं धन्यवाद ज्ञापन लोहरदगा जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव ने की। बैठक में गुमला जिला, लोहरदगा जिला, एवं मांडर विधानसभा के पदाधिकारी शामिल थे। लोकसभा स्तरीय विशेष संगठनात्मक बैठक में जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, प्रदेश भाजपा महामंत्री मनोज सिंह,सह संयोजक सन्नी टोप्पो, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, पूर्व विधायक श्री कमलेश उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह, भूपन साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लालमोहन साहू जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, जिला महामंत्री मिसिर कुजूर, अशोक उरांव, सागर उरांव, भैरव सिंह, नवीन कुमार, बालकृष्ण सिंह, हर्षनाथ महतो, जगनन्दन पौराणिक, अनिल उरांव, दिनेश्वर प्रसाद, जिला मंत्री संजय कुमार साहू, कौशलेंद्र जमुआर एवं छोटे सोनी, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ीपाड़ा लोहरदगा के प्रार्थना सभा में कुड़ुख भाषा में प्रार्थना का आयोजन स्वर्ग ती सुंदर नम्है लुरकुड़िया, बिलीचा लगी रे नम्है लुरकुड़िया। शनि शनि खद्दर लुरकुड़िया बरे नर, बिलीचा लगी रे नम्है लुरकुड़िया। प्रस्तुत किया। जिसका अर्थ है स्वर्ग से सुंदर हमारा विद्यालय, चमक रहा है। छोटे-छोटे बच्चे विद्यालय आ रहे हैं, चमक रहा है हमारा विद्यालय। एक-एक करके बच्चे विद्यालय आ रहे हैं। इस अवसर पर लोहरदगा जिला के ख्याति प्राप्त कलाकार धनेश लोहरा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। धनेश लोहरा को अभी हाल ही में नागपुरी भाषा के लोकगीत आधारित कार्यक्रम 'भारत का अमृत कलश' में झारखंड राज्य के विजेता के रूप में अमृत कलश प्रदान किया गया है। भारत का अमृत कलश कार्यक्रम डीडी नेशनल में आगामी 24 फरवरी से संध्या 7:00 बजे शनिवार एवं रविवार को प्रसारित किया जाना है। प्रधानाध्यापक अरूण राम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यूनेस्को द्वारा प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य विश्व में भाषाओं एवं सांस्कृतिक विविधता और बहूभाषिता को बढ़ावा देना है। बच्चों को अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान प्रेम और गर्व की भावना उत्पन्न करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार, अजय कुमार, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, माता समिति के सदस्य सुमन देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी, किरण देवी, प्रशिक्षु शिक्षिका मिलिता बघवार एवं नेहा लकड़ा उपस्थित थे।

चेंबर के पदाधिकारी मिले विभागीय अभियंता से

गुमला शहर में जलापूर्ति ठप

कार्यपालक अभियंता ने कहा समस्या का समाधान हो गया है आज से मिलेगा पानी

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। गुमला शहर में चार दिनों से जलापूर्ति ठप रहने पर बुधवार को चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में सदस्यों ने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता मंतोष कुमार से मुलाकात की। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष ने शहर में चरमरायी पेयजल आपूर्ति समस्या पर कार्यपालक अभियंता का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि चार दिनों से जलापूर्ति नहीं होने से शहरवासी परेशान हैं। उन्होंने जल्द से जल्द जलापूर्ति व्यवस्था निर्वाध करने की अपील की। जिसपर कार्यपालक अभियंता मंतोष कुमार मनी ने बताया की कुछ तकनीकी खराबी आने के कारण शहर में जलापूर्ति बंद थी। परंतु उसे ठीक कर लिया गया है। गुरूवार से गुमला के शहर वासियों को सुचारु रूप से पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। मंतोष कुमार मनी ने कहा की गुमला शहर में बार बार पानी की सप्लाई में परेशानी आने का कारण नगर परिषद के द्वारा जलापूर्ति का सारा टैक्स वसूलना और जिम्मेदारी नहीं लेना है। नगर परिषद क्षेत्र में पानी का सप्लाई सुचारु रूप से हो इस पर ध्यान दें। लेकिन वे अपनी जिम्मेवारी से पल्ला झाड़ते नजर आती है। इसके लिए विभागीय सचिव का आदेश आया हुआ है की नगर परिषद गुमला शहर में जलापूर्ति का सारा कार्य देखेगी। परंतु आदेश की अनदेखी हो रही है। उपायुक्त को भी इससे अवगत कराया गया है। परंतु समस्या निरंतर बनी हुई है। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की इस गंभीर विषय पर उपायुक्त गुमला से मिलकर सार्थक पहल की जाएगी। मौके पर पूर्व अध्यक्ष सरजू साहू और मीडिया प्रभारी आनंद गुप्ता मौजूद थे।

सरकार ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में काम के साथ साथ रोजगार की दिशा में भी बेहतर कार्य किया है : एसपी

जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड के निर्देश पर पलाश (जेएसएलपीएस), लोहरदगा द्वारा नगर भवन में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2024 का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एसपी ने कहा कि झारखण्ड में राज्य सरकार ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में काम के साथ-साथ रोजगार की दिशा में भी बेहतर कार्य किया है। कार्यक्रम में युवाओं की इतनी संख्या से पता चलता है कि जेएसएलपीएस की टीम ने जिला में इस कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु बेहतर कार्य किया है। युवाओं के कॅरियर को नई दिशा देने के लिए यह एक बेहतर कदम है। इस मेला में लड़कियों की संख्या अधिक होना बेहतर है। एक महिला अगर को रोजगार मिलता है तो उससे पूरे परिवार को लाभ मिलता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर किसी को बाहर किसी राज्य में जाकर रोजगार करने में भय लगता है या वहां किसी प्रकार की परेशानी होती है तो जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह आपके साथ है। जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा ने कहा कि कौशल विकास के तहत परिवार के एक सदस्य को कुशल बनाकर रोजगार से जोड़े जाने का कार्य किया जा रहा है। बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि बच्चों व महिलाओं के अधिकारों के लिए कई स्पॉन्सरशिप योजनाएं चलाई जा रही हैं। बच्चों को किसी प्रकार उसके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है तो टॉल फ्री नम्बर 112 और महिलाओं से संबंधित मामलों के लिए टॉल फ्री नम्बर 181 पर कॉल किया जा सकता है। क्रिएटिव इंजीनियर्स के एचआर एन मुखर्जी और आईएसएस कोलकाता के प्रबंधक अमिताभ दास ने भी युवाओं को रोजगार संबंधित विषयों के बारे में जानकारी दी। जिला स्तरीय रोजगार सृजन कार्यक्रम में 756 युवाओं ने अपना पंजीकरण करवाया, जिसमें 250 युवाओं का विभिन्न पदों हेतु चयन भी किया गया।

वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर जागरूकता रथ रवाना

लोहरदगा। राज्य योजनांतर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के जीवन स्तर को सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार ने 50-60 वर्ष के महिलाओं (सभी वर्ग) और पुरूषों (सिर्फ एसटी वर्ग) को पेंशन योजना का लाभ दिये जाने का निर्णय लिया है। इस योजना का प्रचार-प्रसार प्रखण्डों के पंचायत स्तर तक कराने के लिए बुधवार को जिला मुख्यालय से दो जागरूकता रथों को अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा और अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखा कर प्रखण्डों के लिए रवाना किया गया। रथों द्वारा सभी 66 पंचायतों में अगले तीन दिनों तक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कर्मीगण उपस्थित थे।

ओलावृष्टि प्रभावितों को मिलेगा मुआवजा : सुखदेव भगत

खबर मंत्र संवाददाता

कैरो। प्रखंड के ग्राम गितिलगढ़ के ओलावृष्टि से प्रभावित किसान बुधवार को पूर्व विधायक सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर ओलावृष्टि से नुकसान हुए फसलों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग किए। किसानों ने भगत को बताया कि गितिलगढ़ में ओलावृष्टि से सैकड़ो एकड़ में लगे मटर, गोभी, आलू, गेहूं, प्याज इत्यादि अनेक फसल बुरी तरह से नष्ट हो गया है । इससे सैकड़ो किसानों को भारी नुकसान हुआ है। बहुत से किसान कर्ज लेकर फसल लगाए थे। मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को समुचित मुआवजा दिलाया जाएगा। इसके लिए वे विधानसभा सत्र के दौरान आपदा विभाग के मंत्री से मिलकर किसानों को समुचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे ।श्री भगत ने कहा कि किसानों को दोहरा मार पड़ा है। महंगाई से पहले ही किसान परेशान हैं तो दूसरी ओर ओलावृष्टि ने किसानों का कमर तोड़ दिया है ।श्री भगत मौके पर से ही कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला आपदा विभाग के पदाधिकारी से वार्ता कर ओलावृष्टि से हुए किसानों के फसलों का क्षितिपूरक रिपोर्ट शीट तैयार कर मुआवजा देने की प्रक्रिया प्रारंभ करें। भगत ने कहा कि झारखंड सरकार एक संवेदनशील सरकार है यह सरकार किसानों को समुचित मुआवजा देगी। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार साहू, कामेश्वर टाना भगत, मंटू भगत, एतवा उरांव, कंदो उरांव, रोजवा उरांव, हवऊ उरांव, दिनिया उरांव, लच्छू उरांव, टेटे उरांव, करमदयाल उरांव, शंकर उरांव, प्रणय उरांव सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

लोहरदगा : हिंदी मिडिल स्कूल में शीघ्र होगा शिक्षकों का पदस्थापन : आलोक साहू



लोहरदगा। जनता की शिकायत पर लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार साहू बुधवार को हिंदी मध्य विद्यालय थाना रोड लोहरदगा पहुंचकर वहां के शिक्षिका मंजू देवी से मुलाकात कर स्कूल के वस्तु स्थिति अवगत हुए। शिक्षिका ने साहू को बताया कि यहां एक से आठ तक पढ़ाई होता है, अभी लगभग 250 छात्र नामांकित है लेकिन यहां सिर्फ एक शिक्षक है। जिसके कारण बच्चों का पढ़ाई कराने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने साहू से स्कूल में शिक्षकों का पदस्थापन कराने की मांग किए। साहू ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों को देखना चाहिए कि यहां सिर्फ एक शिक्षक बचे हैं। जो सीधे रूप से विभागीय लापरवाही को दशार्ता है। साहू ने मौके पर से ही जिला शिक्षा अधीक्षक से वार्ता कर समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र शिक्षकों का पदस्थापन करने की बात कही। शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि शिक्षकों का पदस्थापना करा दिया जाएगा।

सनातन धर्म की रक्षा के लिए विहिप तैयार : महेंद्र

लोहरदगा। विश्व हिंदू परिषद धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान के को लेकर विश्व हिंदू परिषद के लोहरदगा नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो के अध्यक्षता में धर्म रक्षा निधि अभियान शुरू किया गया। जिसके तहत लोहरदगा नगर के घर घर जाकर निधि संग्रह किया गया। बजरंग दल के संयोजक सचिन साहू और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता इस अभियान में लगे हुए हैं। निधि समर्पण कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व हिंदू परिषद के पूर्ण कालिक सदस्यों को सहयोग करना और हिंदू धर्म की रक्षा करना विश्व हिंदू परिषद का कार्य है। इसके लिए निधि समर्पण अभियान किया जा रहा है। मौके पर रामभक्त मौजूद थे।

भंडरा के नये थाना प्रभारी अरबिंद ने दिया योगदान

भंडरा। भंडरा थाना प्रभारी के रूप में अरबिंद कुमार सिंह ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। निर्वतामन थाना प्रभारी गौतम कुमार ने उन्हें पदभार सौंपा। गौतम कुमार बीस माह तक भंडरा थाना में प्रभारी के रूप में रहे। थाना से तबादला करते हुए उन्हें जमशेदपुर भेजा गया है। वहीं उनके स्थान पर अरविंद कुमार सिंह को भंडरा का नया प्रभारी बनाया गया है। वही अवर निरीक्षक पप्पू कुमार गुप्ता ने भंडरा थाना थाने में अवर निरीक्षक के पद में अपना योगदान दिया। बुधवार को भंडरा थाना प्रभारी के पद पर योगदान देने के बाद अरबिंद कुमार सिंह कहा कि उनकी प्राथमिकता अपराध पर अंकुश को रोकने के साथ विधि व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से भंडरा में अमन–चैन रहेगा। जनता से मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाया जाएगा। ताकि कोई भी व्यक्ति थाना में अपनी समस्या को लेकर बेहिचक मिल सके। जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना और क्षेत्र में अमन शांति स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा, पप्पू गुप्ता, लाल महतो, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, जुल्फान अंसारी, तैयब खान, शाहिद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

उपायुक्त के निर्देश पर अबुआ आवास के नाम पर पैसे लेने वाले पंचायत सेवक को हटाया

ग्रामीणों ने की थी शिकायत दिया था पैसा मांगने की ऑडियो रिकार्डिंग

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। अबुआ आवास के नाम पर पैसे की उगाही करने वाले पंचायत सेवक की सेवा उपायुक्त के निर्देश पर समाप्त कर दिया गया है। बसिया प्रखंड के ग्रामीणों के द्वारा अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करने के नाम पर पंचायत स्वयंसेवक बसिया के द्वारा पैसा मांगने का आरोप डीसी के समक्ष की थी। जिसे सुनते हुए उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मामले का जांच करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी कार्य हेतु किसी भी लाभुक से पैसा मांगना नियम के विरूद्ध है। इस प्रकार की जानकारी यदि मिलती है तो संबंधित व्यक्ति पर अवश्य कार्रवाई की जाएगी। उक्त मामले के जांचोपरांत उप विकास आयुक्त कार्यालय से जारी जांच के आधार पर स्वयंसेवक प्रखण्ड बसिया को 20 फरवरी को प्रभाव से कार्यमुक्त करते हुए सेवा समाप्त किया गया है। बीडीओ बसिया सुप्रिया भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से पंचायत स्वयंसेवक के द्वारा अवैध रूप से पैसा मांगने की सूचना उन्हें मिली थी। कुछ आवेदकों ने दो सप्ताह पूर्व उपायुक्त से मुलाकात करते हुए पूरी जानकारी एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग को उपायुक्त को दिया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने जांच हेतु निर्देश जारी किया था। जांच में पुष्टि के पश्चात पंचायत सेवक को उनके कार्य से मुक्त करते हुए उनपर आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है।

फुफेरी बहन की शादी में गये भाई की पीट पीटकर हत्या

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के गढ़सारू डैम के पास अपराधियों ने पत्थर से कुचकर और लाठी डंडे से पीटकर 30 वर्षीय दीपक उरांव की हत्या कर दी। घटना की सूचना पर बुधवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और थानेदार दल बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार दीपक परसा निवासी अपने फुफेरी बहन के शादी समारोह मे शामिल होने गढ़सारू गांव मंगलवार को गया था। शादी समारोह से रात्रि 11:30 बजे बाईक लेकर निकला था। उसी दौरान अपराधियो ने गढ़सारू डैम के पास दीपक को लाठी डंडा से पिटकर और पत्थर से कुचकर हत्या कर दी। सुबह डैम की ओर गये ग्रामीणो ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है कि शादी से पूर्व छेका कार्यक्रम में गड़सारू गांव के कुछ युवक के साथ मृतक दीपक का बकझक हुआ था। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

धर्म की रक्षा के लिए सभी लोगो को आगे आना चाहिये : सांसद

कसीरा गांव में जीर्णोधार के बाद देवी मंडप का सुदर्शन भगत व जिप उपाध्यक्ष ने किया उदघाटन

खबर मंत्र संवाददाता

देवी मंडप का उदघाटन करते सांसद व जिप उपाध्यक्ष।

गुमला। गुमला प्रखंड के कसीरा गांव में बुधवार को देवी मंडप का जीर्णोद्धार के बाद पुनः प्राण प्रतिष्ठा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सांसद सुदर्शन भगत, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने फीता काटकर मंदिर का उदघाटन किया। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव में विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यजमान कृष्णा साहू, गजिंद्र साहू, हजारी साहू ने पूजन किया। आचार्य जन्मजेय पाठक के नेतृत्व में मंदिर परिसर में कलश स्थापना के बाद पूजा अर्चना, हवन व आरती सम्पन कराया गया। उत्तम साहू ने बताया कि गांव में सभी सनातनियो के सहयोग मंदिर का नवनिर्माण कराया गया है। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा की धर्म की रक्षा के लिए सभी लोगो को आगे आना चाहिए। काफी लंबी लड़ाई के बाद अभी अयोध्या में राममंदिर का निर्माण सभी लोगो के सहयोग से सम्भव हो पाया है। देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी जी के पास है और इस दौरान सभी क्षेत्र में देश उतरोतर विकास कर रहा है। चाहे वह गांव का विकास से जुड़ा हो या धार्मिक सदभाव का। जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि विकास व शिक्षा के साथ धर्म की रक्षा की जरूरत है। धर्म की रक्षा से ही सृष्टि चलति है। उन्होंने सभी लोगो को मुरकुंडा में 29 फरवरी से होने वाले सहस्त्र चंडी महायज्ञ में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के श्री डोमन साहू, धीरज किशोर साहू, उत्तम साहू, गोविंदा साहू, विकास साहू, जीतु साहू, विकेंद्र साहू केदार साहू, रोपना साहू, सरोज साहू, विवेक साहू, दयानन्द महली, भूषण साहू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए सांसद

गुमला। गुमला सदर प्रखंड के कलिगा पंचायत के समसेरा दीपाटोली में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सांसद सुदर्शन भगत और जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी शामिल हुई। यहां पर ग्रामीणों के सहयोग से शिव मंदिर का निर्माण किया गया है। जिसका प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस अवसर पर शनिचर बड़ाइक, मुखिया राजकुमार खड़िया, देवेन्द्र सिंह, रामश्री साहू, पूरण ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

आदिवासी नेता सांसद बनने के बाद मुंह बंद कर लेते हैं : नबी कुमार सरनिया

आदिवासियों की मांग पूरी नहीं हो पाती है

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले के समाहरणालय मैदान में जनजातीय उद्यमिता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का आयोजन नेशनल एसटी एससी हब के द्वारा किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में असम के कोकराझार लोकसभा से निर्दलीय सांसद नबी कुमार सरनिया और आदिवासी धर्म गुरु बंधन तिग्गा शामिल हुए। यह सम्मेलन का आयोजन एसटी एससी उधीमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। वही सांसद नब कुमार सरनिया ने आदिवासी सांसदों पर आदिवासी समाज के हितों की मांग पर पार्टी के नाम पर चुपी साधने का आरोप लगाया है। सांसद ने कहा देश के आदिवासी नेता बीजेपी और कांग्रेस से सांसद बनने के बाद मुंह बंद कर लेते हैं और आदिवासियों की मांग पूरी नहीं हो पाती है। आदिवासियों की हमेशा से मांग धर्म कोड की रही है लेकिन सांसदों की कमी कारण आदिवासियत का बात नही होता है। झारखंड में भी हमलोग चुनाव लड़ने का तैयारी कर रहे हैं शिबू सोरेन गुरु जी से इसके लिए बात की जायेगी ताकि एकजुट होकर हम बेहतर कार्य कर सके। वही सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने कहा सरकार जिस तरह से आदिवासियों के लिए कार्य करना चाहिए नही कर रही है। इसलिए हमलोग आदिवासियों को जगरुख्कर रहे हैं ताकि आदिवासी योजनाओं का लाभ ले सके। इस मौके पर कलिंदर उरांव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

डीसी और एसपी ने विनोद राठौर के साथ बांधा समां

नायक नहीं खलनायक हूं... के गाने की धुन पर झूमे श्रोता

मंच पर विनोद राठौर के साथ गीत गाते डीसी एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी। जिले के डीसी अबु इमरान और एसपी राकेश रंजन बुधवार को दिनभर सुर्खियों में छाए रहे। तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम में डीसी और एसपी ने मंच पर मशहूर सिंगर विनोद कुमार के साथ 'छुपाना भी नहीं आता... जतन भी नहीं आता, हमें तुमसे मोहब्बत है बताना भी नहीं आता' गाना गाकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। डीसी और एसपी के अंदर छिपी सिंगिंग की इस प्रतिभा को देख सब हैरान रह गए। डीसी और एसपी की मधुर आवाज सुनकर कार्यक्रम में मौजूद अफसर और दर्शक तालियां बजाने से खुद को नहीं रोक पाए। पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों के गड़गड़ाहट से गूंज उठा। फिर इस समारोह में मौजूद सभी ने डीसी और एसपी की सुरीली आवाज की जमकर तारीफ की।

महोत्सव में सिंगर विनोद राठौड़ ने बिखेरा संगीत का जादू



इटखोरी। तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे देर शाम तक हजारों की भीड़ महोत्सव में शामिल रही और बेहतरीन प्रस्तुतियों का लोगों ने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में देश के जाने माने व स्थानीय कलाकारों ने अपना जलवा बिखेरा। दुसरे दिन की प्रस्तुति की शुरूआत सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप के द्वारा छऊ नृत्य से हुई। शालिनी दुबे और उनकी ग्रुप ने अगली प्रस्तुति दी। लोक गायिका साक्षी प्रिया दुबे और उनकी ग्रुप की ओर से लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। चौथी प्रस्तुति किस्सु राहुल और उनके ग्रुप ने दी। किस्सु राहुल और उनके ग्रुप ने देशभक्ति बॉलीवुड, भोजपुरी और नागपुरी गानों पर डांस किया। पांचवीं प्रस्तुति रोहित आर के एंड ग्रुप की ओर से झालीवुड गाना और डांस की शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद बारी आई बॉलीवुड के मशहूर सिंगर विनोद राठौर की। बॉलीवुड सिंगर विनोद राठौड़ ने नायक नहीं खलनायक हूं मैं... से बैक एंट्री ली तो तालियों की गड़गड़ाहट ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राठौड़ ने ह्यएम बोले तो मुन्ना भाई एमबीबीएस..., छुपाना भी नहीं आता बताना भी नहीं आता हमें तुमसे..., कोई ना कोई चाहिए प्यार करने वाला... गीत गा ऐसा समां बांधा की हर कोई थिरक उठा। उन्होंने अपने एक-एक कर कई हिट गाने सुनाकर श्रोताओं को मदहोश कर दिया। कार्यक्रम के पश्चात सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन ने सभी कलाकारों को मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित भी किया।

सांसद और विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का उठाया लुत्फ

कार्यक्रम का लुत्फ उठाते सांसद व विधायक

इटखोरी। तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन सांसद सुनील कुमार सिंह और सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का घंटो आनंद लिया।

महोत्सव गैलेरी

गायक विनोद राठौर को मोमेंटो देकर सम्मानित करते सांसद सुनील कुमार सिंह सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास और डीसी अबु इमरान

देशभक्ति गीत पर शानदार प्रस्तुति देते किस्सु राहुल ग्रुप

गायिका शालिनी दुबे को मोमेंटो देकर सम्मानित करते डीसी व विधायक

छऊ नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार

स्पीड न्यूज

मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन को लेकर दूसरे दिन भी पंचायतों में लगाया गया शिविर

कोडरमा। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ योग्य लाभार्थियों को देने को लेकर बुधवार को भी विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाकर लाभुकों से आवेदन प्राप्त किया गया। गौरतलब हो कि योजना के तहत 50 वर्ष या इससे अधिक आयु की महिलाओं, एससी व एसटी वर्ग के लोगों को पेंशन का लाभ देने के उद्देश्य को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न पंचायतों में 20 फरवरी से लेकर 22 फरवरी तक पंचायत स्तरीय शिविर लगाया जा रहा है, इन शिविरों के माध्यम से योग्य लाभार्थियों को पेंशन का लाभ देने को लेकर आवेदन प्राप्त किया जा रहा है, बुधवार को आयोजित पंचायत स्तरीय शिविरों में भारी संख्या में लोग शामिल हुए और पेंशन को लेकर आवेदन दिए। इस दौरान पंचायतों के मुखिया के द्वारा ग्रामीणों को पेंशन योजना का लाभ लेने की जानकारी दी।

विधायक ने नौ करोड़ से बने गेरूआ पुल का किया उद्घाटन

टंडवा। दो साल पहले जो गेरुआ पुल बरसात का भेंट चढ़ गया था वह विधायक किसुन दास के प्रयास से बनकर कंप्लीट हो गया। विधायक के आग्रह को सीएम ने स्वीकारा और नौ करोड़ की लागत से पुल बन कर तैयार हो गया। लिहाजा इस पुल का उद्घाटन टंडवा वासियों की मांग पर विधायक किसुन दास ने आज किया। आवागमन बहाल होने से लोग खुश हैं और विधायक को दुवाये दे रहे हैं। विधायक ने कहा भरोसा रखें लोगों की उम्मीदो पर खरा उतरेंगे। सिमरिया विस की विकास हो रही है। जिसमें और तेजी आयेगी। बताते चलें कि सीएम हेमंत सोरेन इस पुल का उद्घाटन ऑनलाइन कर चुके थे। पर टंडवा वासियों के भावना का सम्मान करते हुए विधायक ने एक बार फिर उद्घाटन कर खुशियों की हवा दे दी।

24वें उप विकास आयुक्त के रूप में पवन कुमार मंडल ने ग्रहण किया पदभार

चतरा। जिले के 24 वें उप विकास आयुक्त के रूप में बुधवार को अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल ने निवर्तमान उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता से उप विकास आयुक्त कार्यालय चतरा में उन्होंने पदभार ग्रहण किया। उप विकास आयुक्त का पदभार ग्रहण करते समय नवनियुक्त उप विकास आयुक्त ने निवर्तमान उप विकास आयुक्त द्वारा चतरा क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जिले में किए गए विकास कार्यो को वह आगे ले जाने हेतु प्रयासरत रहेंगे।

मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए शिविर आयोजित

रमना। प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर सिलीदाग मुखिया अनीता देवी ने बताया कि यह शिविर गुरुवार को भी आयोजित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि वृद्धा पेंशन का उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दिया गया है। ये सभी वर्ग की महिलाओं के लिए है, जो भी महिलाएं इस अहर्ता को पूरा करती है वे सभी मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना के लिए फर्म भर सकते हैं।

कांडी में नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

कांडी। प्रखंड क्षेत्र के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत हाई स्कूल गरदाहा के खेल मैदान में महंथ श्री रामचन्द्र पूरी मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। झारखंड विकास पार्टी के सौजन्य से आयोजित इस नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पार्टी के अध्यक्ष व विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी रजनीश कुमार दुबे उर्फ विकास दुबे व जिला पार्षद नेहा कुमारी ने फीता काटकर किया।

भाजपा ने लोकसभा संचालन समिति गठन को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। झुमरीतिलैया भारतीय जनता पार्टी के कोडरमा लोकसभा की संचालन समिति गठन को लेकर शिव वाटिका झुमरीतिलैया में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी एवं लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि कोडरमा लोकसभा प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह, सह संयोजक प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव सम्मिलित हुई। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं कहा कि लोकसभा चुनाव हमारे सामने हैं हमें पूरे क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की उपलब्धियां के बारे में बताना है और लोकसभा का चुनाव हमें 430 लाख की जगह इस बार 6 लाख से जीत दर्ज करा कर झारखंड में कोडरमा को सबसे ज्यादा बहुमत से जिताने का आह्वान करना है। बैठक में लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह ने चुनाव संचालन समिति के लिए प्रभारी कालीचरण सिंह को 37 विभागों का 6 विधानसभा से सूची के लिए नामबद कराया। वहीं मुख्य अतिथि कालीचरण सिंह ने गिरिडीह जिलाध्यक्ष महादेव दुबे और कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी से 6 विधानसभा से 37 विभाग के लिए दो-दो आदमियों की सूची बनाई एवं 29 तक विधानसभा की संचालन समिति बनाने के लिए आग्रह किया। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कार्यकर्ता तन मन से कार्य में जुट जाएं और भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जनउपयोगी उपलब्धियां के बारे में सभी को बताएं। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को पूरे लोकसभा के हर लाभार्थी के घर जाना है। मौके पर बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, नितेश चंद्रवंशी, रमेश सिंह, रवि मोदी, वीरेंद्र सिंह, सुरेश यादव, रामनाथ सिंह, सुनील मेहता, कुमकुम देवी, रीता देवी, वीरेंद्र मेहता, दिनेश यादव, राजकुमार यादव, कैरव भारती आदि लोग मौजूद थे।

मंत्री से मिलकर युवा नेता ने किया उम्मीदवारी पेश

मझिआंव। प्रखंड क्षेत्र निवासी सह युवा कर्मठ स्वच्छ छवि के माने जाने वाले भाजपा कार्यकर्ता रविंद्र पासवान ने भारत सरकार में कृषि व जनजातीय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से नई दिल्ली में मिलकर पलामू लोकसभा सीट से उम्मीदवारी पेश किया है। बताते चले की 2024 में लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू लोकसभा सीट से उम्मीदवार के लिए सर गर्मी तेज हो गई है। इधर पूर्व सांसद घूरन राम को बीजेपी में शामिल हो जाने पर तरह-तरह की चर्चा बनी हुई है। इार इंडिया गठबंधन से किसको लोकसभा प्रत्याशी उम्मीदवार किसको बनाया जाएगा यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी देते हुए रविंद्र पासवान ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र की जनता का भलाई हो और आवाज सुनी जा सके इसलिए मैं क्षेत्रीय होने के को लेकर बायोडाटा के साथ भारत सरकार में कृषि एवं जनजातीय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से नई दिल्ली में मुलाकात कर आम जनता की बात को रखते हुए अपना उम्मीदवारी पेश किया हूं।

ताराटांड़ में चल रहे महायज्ञ का समापन आज

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत चोपनाडीह पंचायत स्थित बेलाडीह ताराटांड़ में 14 फरवरी से चल रहे श्री श्री 1008 श्री शतचंडी नवदिवसीय महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा का समापन 22 फरवरी को हवन, पूजन के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। उक्त बातों की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष मुंशी यादव, सचिव बाबूलाल यादव, युवा अध्यक्ष विकास विकल, युवा सचिव विकास यादव ने संयुक्त रूप से दी। वहीं उन्होंने बताया कि समापन के अवसर पर भोजपुरी गायक गोलू राजा बनाम निशा उपाध्याय का कार्यक्रम होगा।

सावी शिवांगी की प्रवचन कथा में उमड़ा जनसैलाब

उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र के मझिआंव खुर्द में राधा कृष्ण बालिका विद्यालय के समीप मां भगवती शीतला माता की नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन के प्रवचन में वृंदावन से आई श्रीमद् भागवत कथा वाचिका सावी शिवांगी मिश्रा के प्रवचन में महिला एवं पुरुष श्रोता श्रद्धालुओ का जन सैलाब उमड़ पड़ा। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि धरती पर जब-जब राक्षस रूपी पापियों का अत्याचार बढ़ा है। तब तब उनका समूल सर्वनाश के लिए द्वापर एवं त्रेता युग में ारती पर भगवान श्री कृष्ण एवं पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का अवतार हुआ है। प्रवचन में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग के दौरान राधा कृष्ण के बाल स्वरूप में दो नन्हे मुन्ने बच्चों को वस्त्राभिषेक करा कर कथा स्टेज पर जीवंत झांकी के रूप में विराजमान कराया गया। उसके पाश्चात्य गोपियों के रूप में हजारों की संख्या में प्रवचन में आए श्रोता श्रद्धालुओं ने फूलों एवं रंग अबिरों की जमकर होली खेली एवं सावी शिवांगी मिश्रा की भक्तिमय गीत काली कमली वाला तो दिलदार, मेरे मन का मोहन मेरा यार है। आज बिरज में होली है री सखियां।

भगवान शिव की प्रस्तावित मंदिर निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखंड के मकरी पंचायत के गेरेडियिडिह टोला शिव चबुतरा के समीप भगवान शिव की प्रस्तावित मंदिर निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चर के साथ हुआ।

प्रस्तावित भोले शंकर के मंदिर के भूमिपूजन मकरी पंचायत के मुखिया सरीता देवी ने रखी। तत्पश्चात् भूमि पूजन, शिलान्यास व धर्मवजा का पूजन किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा गाए जा रहे मांगलिक गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने संकल्प लिया कि इस मंदिर का निर्माण कार्य अविलंब पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर अतिथिजनों का तिलक लगाकर, फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया।

भूमि पूजन करते मुखिया

श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ महोत्सव

कांडी। प्रखंड के ग्राम राणाडीह में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ महोत्सव के चौंतीसवें अधिवेशन के छठे दिन अयोध्या धाम से पधारी देवी धर्ममूर्ति ने राम सीता विवाह का संगीतमय कथा कही। देवी धर्ममूर्ति ने कहा कि भगवान ने धनुष तोड़ कर सभी भक्तों का कल्याण कर दिया। भक्ति के स्वरूप जानकी जी को लेकर भगवान अयोध्या पधारे। संगीतमय कथा में वाद्य यंत्र आर्गन अभिषेक कुमार, तबला जय पाण्डेय पैड यश कुमार व झांकी तैयार करवाने में राम जी ज्योतिषी सहयोग कर रहे हैं। उक्त सभी लोग अयोध्या से ही पधारे हैं।

सदर अस्पताल में जन औषधि केंद्र का उद्घाटन, केंद्रीय मंत्री ने कहा

सस्ती व बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्रधानमंत्री की सोच

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। सदर अस्पताल परिसर में बुधवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, डीडीसी ऋतुराज एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। वहीं उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सदर अस्पताल में भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत देश के 11,752वें जेनरिक स्टोर का केंद्र खोला जा रहा है, इस जन औषधि केंद्र में सभी तरह की बीमारियों की दवाओं के अलावे सर्जिकल आइटम उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा की देश के नागरिकों को सस्ती और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है और इसी सोच के तहत जिलेवासियों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस केंद्र की शुरुआत की गई है। उन्होंने सदर अस्पताल के चिकित्सकों को भी मरीजों के लिए जेनरिक दवाइयां प्रिस्क्राइब करने की सलाह दी।

जन औषधि के प्रति लोगों का बढ़ा है रुझान : शालिनी

पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बेहतर सुविधा की शुरुआत सदर अस्पताल में हुआ है, केंद्र की शुरुआत होने से अस्पताल आने वाले मरीजों को काफी लाभ होगा, उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। मौके पर एसीएमओ डॉ.रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ.मनोज कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. शरद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. रविकांत,शिव शंकर राम सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 117 / जि0प0, दिनांक 20.02.2024 द्वारा पलामू जिला अन्तर्गत 09 पंचायत भवनों के नव निर्माण से संबंधित निर्गत अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 11/2023-24 जिसका PR No- 319695 District (23-24) D है, में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा खोलने की तिथि 01.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे के स्थान पर दिनांक 02.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे किया जाता है।

शेष सभी सूचनाएं यथावत रहेंगे।

ह0 / –
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 319791 (Palamu) 23-24 (D)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

Very Short e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-25/2023-24

Letter no - 229 Date:- 20.02.2024

1.	Name of the work	Construction of Checkdam at Devaniadah Nala Block-Barkatha, District- Hazaribag
2.	Estimated Cost (Rs.)	Rs.- 43,21,900.00
3.	Time of Completion	11 Months
4.	Date of Publication of e-Tender on website	26.02.2024 at 3:00 P.M
5.	Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online	02.03.2024 up to 5:00 P.M
6.	Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD	02.03.2024 up to 5:00 P.M
7.	Date of opening of e-Tender	04.03.2024 at 03:00 P.M
8.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag
9.	Contact no. of e-Procurement officer	06546-270485
10.	E-mail of e- Procurement officer	eemidhbg-cemr-jhr@nic.in

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 319789 (Minor Irrigation)23-24*D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

Very Short e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-23/2023-24

Letter no - 227 Date:- 20.02.2024

1.	Name of the work	Construction of Checkdam on Dhubi Nala Block-Padma, District- Hazaribag
2.	Estimated Cost (Rs.)	Rs.- 72,99,100.00
3.	Time of Completion	11 Months
4.	Date of Publication of e-Tender on website	26.02.2024 at 3:00 P.M
5.	Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online	02.03.2024 up to 5:00 P.M
6.	Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD	02.03.2024 up to 5:00 P.M
7.	Date of opening of e-Tender	04.03.2024 at 03:00 P.M
8.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag
9.	Contact no. of e-Procurement officer	06546-270485
10.	E-mail of e-Procurement officer	eemidhbg-cemr-jhr@nic.in

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 319787 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

विधायक ने वैष्णव दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 31 वे वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है। उत्सव के दूसरे दिन स्थानीय विधायक सह श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम ने आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया. सबसे पहले उन्होने मंदिर परिसर में माता के समक्ष अपना माथा टेका और क्षेत्र के सुख शांति की कामना की। इसके बाद उन्होने 22 फरवरी को होने वाले भंडारा को ले कर किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया और इस पर उन्होने संतोष प्रकट किया। कहा कि समिति के द्वारा आयोजन को भव्य बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 22 फरवरी को मध्याह्न 12 बजे से भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा। सचिव आशीष टैगोर व सह सचिव रंजीत कुमार ने बताया कि 22 फरवरी की रात्रि में धनबाद के सरोज कुमार लख्खा के द्वारा भगवती जागरण किया जायेगा। मौके पर समिति के द्वारा विधायक श्री राम को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहु, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, सुदामा प्रसाद गुप्ता, रंजीत कुमार साहू, विजय प्रसाद गुप्ता, अशोक दास, अंकित पांडेय, रंजीत कुमार, सतीष कुमार, प्रदीप प्रसाद, दीपक विश्वकर्मा व आकाश जायसवाल आदि मौजूद थे।

तैयारियों को लेकर चर्चा करते विधायक बैद्यनाथ राम।

दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया

31 वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया, पुरोहित त्रिभुवन पांडेय व रामानुज उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया. इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान पंकज कुमार गुप्ता व संतोष कुमार पिंटू सप्तनीक मौजूद थे। 22 फरवरी को प्रातः नौ बजे पूर्णाहुति व हवन किया जायेगा। इसके बाद नौ कन्या पूजन किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

24 फरवरी को प्रखंड क्षेत्र में मनाया जायेगा माता शबरी जयंती

बारियातु। 24 फरवरी को हर्षोल्लास के साथ माता शबरी जयंती मनाया जायेगा .जानकारी देते हुए अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष लाखो भुईयां ने बताया कि अगामी 24फरवरी को प्रखंड के सदर पंचायत बारियातु, डाढ़ा, फुलसु, बालुमाथ, गोनिया, शिबला, टोंटी, अमरवाडीह के विभिन्न गांव टोला में समाज के लोगों द्वारा माता शबरी जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धुमधाम व हर्षउल्लास के साथ मनाया जायेगा । साथ ही उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा है की 24 फरवरी को प्रखंड के डाढ़ा में प्रखंड स्तरीय आयोजित माता शबरी जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या मे भाग लें। माता शबरी जयंती समारोह की तैयारी जोरो पर है।

जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात

चंदवा। प्रखंड के सुदुरवर्ती जंगल से सटे ग्रामीण इलाकों में विगत दो वर्षो से अधिक समय से लगातार जंगली हाथियों का उत्पात बदस्तुर जारी है। जिससे ग्रामीण व किसान त्राहिमाम कर रहे हैं। मंगलवार की देर रात्रि प्रखंड के लाधुप पंचायत अंतर्गत दुधीमाटी गांव में आधा दर्जन की संख्या में जंगली हाथियों के झुड ने गांव में दस्तक दी व किसान भिखारी गंझु पिता स्व. भोला के खेत में लगे गेंहू व मटर की फसल को रौद दिया। जिससे किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। किसान ने वन विभाग व जिला प्रशासन से मुआवजा देने के साथ हांथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर भगाने की गुहार लगायी है।

मां उग्रतारा अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन

बालूमाथ। बालूमाथ बस स्टैंड के समीप गैलेक्सी मार्केट में बुधवार को मां उग्रतारा अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक, दंत चिकित्सक, डॉ अलीशा टोप्पो, आयुष चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक नीतीश कुमार शुक्ला ने बताया कि यह सेंटर में सभी प्रकार का अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। बालूमाथ में अभी तक एक भी बैध अल्ट्रासाउंड नहीं होने के कारण यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि बृद्ध, गरीब ,असहाय लोगों को अल्ट्रासाउंड में विशेष छूट दी जाएगी। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक ने कहा कि बालूमाथ में अल्ट्रासाउंड सेंटर खोले जाने से अब यहां के लोग को रांची जाने से बचेंगे। इस मौके पर आलोक कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, आशीष कुमार, विपिन कुमार, सुशील कुमार, सोनू कुमार, समेत के लोग मौजूद थे।

तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न


किसानो को प्रमाणपत्र देते अतिथि।

चंदवा। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देशन में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार के तत्वावधान प्रखंड के चेटर पंचायत सचिवालय प्रागण में आत्मा समेति सहायता अनुदान योजना 2023-24 समेकित कृषि प्रणाली विषय पर चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन बुधवार को हो गया। कार्यक्रम में दौरान पुरे जिले के लगभग 60-70 किसानो ने भाग लिया, जिन्हे फसल, मात्स्यिकी, मृदा, पशुपालन, वर्मी कम्पोस्ट, मुर्गी पालन का अध्ययन एवं प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी किसानो को राज्य स्तरीय तकनिकी सलाहकार डॉ. विद्याधर सिंह मुंडा, सहायक तकनिकी प्रबंधक चंदवा रागनी कुमारी, मुखिया मोलो देवी, कायतास इंडिया के ग्राम निर्माण योजना के देवानंद भगत, विल्सन तिग्गा के द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि समेकित कृषि प्रणाली खेती करने की आधुनिक तकनीक है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

बैठक में निर्देश देती उपायुक्त।

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कृषि यांत्रिक योजना अंतर्गत प्रखण्डों से प्राप्त सूची के अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि यांत्रिक योजना अंतर्गत 10 स्वयं सहायता समूह को मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्र 80 प्रतिशत अनुदान पर देने के लिए जिला स्तरीय समिति के द्वारा अनुमोदन किया गया। इसी कमिटी द्वारा जिला में किसानों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर वितरण हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए 350 पंपिंग सेट के आवेदनों को अनुमोदित किया गया तथा 43 आवेदन प्रतिक्षा में रखे गए। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, विधि शाखा प्रभारी श्रेयांश, भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा उपस्थित थे।

झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ पंचायत कमिटी का किया गठन

बारियातू। झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ तत्वाधान मे डाढा पंचायत के ग्राम बचरा में संतोष प्रजापति की अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई वहीं पंचायत कमेटी का गठन भी किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में आए आनंद प्रजापति,सोनू प्रजापति, बनेश्वर प्रजापति, भीम प्रजापति, पुनेश्वर प्रजापति, गोविंद प्रजापति, अवध प्रजापति, डॉक्टर नित्यानंद प्रजापति, डॉ रणधीर प्रजापति ने अपने अपने विचार व्यक्त कर सामाजिक परिवर्तन के लिए कई अहम जानकारी दिया। जानकारी के दौरान भीम प्रजापति ने कहा कि अपने समाज को गांव स्तर से लेकर राज्य स्तर तक शिक्षा, आर्थिक, संगठित करने सहित अन्य मुद्दों पर मजबूत करने की आवश्यकता है। अंतिम व्यक्ति तक सामाजिकता, भाईचारगी, समानता के साथ समरसता की भावना भर सके जो समाज को मजबूत करने में बल प्रदान करे। इसी कड़ी में सर्व सहमति से डाढा पंचायत अध्यक्ष जतन प्रजापति, सचिव महेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष अभिनव प्रजापति को चयनित किया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष इंदु देवी, सचिव तारा देवी, उपाध्यक्ष गुलबी देवी, उप सचिव अनीता देवी को चयनित किया गया। मौके पर उगेशर प्रजापति, नागेश्वर प्रजापति, सुरेश प्रजापति, धनेशर प्रजापति, बसंत प्रजापति, मंगरू प्रजापति, बंधु प्रजापति, रीना देवी, बसंती देवी, चिंता देवी, बबिता देवी, शांति, रीता, बिना, गुंजन सहित काफी संख्या में प्रजापति समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे।

एक दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

➲ आजीविका के लिए उन्नत पशुपालन अपनाने तथा विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की कही बात

खबर मन्त्र संवाददाता

शिविर का उद्घाटन करते उपायुक्त व अन्य अतिथि।

लातेहार। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग गव्य प्रक्षेत्र द्वारा लातेहार पशुपालन विभाग के कार्यालय परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यकम को संबोधित करते हुए उपायुक्त द्वारा पशुपालन विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण हितग्राही मूलक योजनाओं, टीकाकरण की महत्ता तथा पशुधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आजीविका के लिए उन्नत पशुपालन अपनाने तथा विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गई। जिला पशुपालन विभाग में पदस्थापित पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशुओं के विभिन्न बीमारी के संबंध में जानकारी दी। वहीं बीमारी के इलाज व दवा के विषय में भी पशुपालकों को बताया गया। आयोजित प्रदर्शनी में उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी लगाई गई तथा स्टाल लगाकर पशुपालकों को पशु को पोषक तत्वों, पाचन क्रिया, बीमारी आदि से संबंधित दवा एवं पोषक तत्वों के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, विधि शाखा प्रभारी श्रेयांश, अन्य जनप्रतिनिधि एवं पशुपालन विभाग के आधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

एक नजर में

बालूमाथ में भाजपाईयों ने किया गौ पूजन

कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई।

बालूमाथ। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के बालूमाथ मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी के अध्यक्षता में ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार जिला कार्यक्रम प्रभारी गणेश प्रसाद साहू एवम किसान मोर्चा लातेहार जिला अध्यक्ष उमेश सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम के तहत बालूमाथ के जिलंगा गांव में ग्राम परिक्रमा एवं गौ पूजन किया गया। कार्यक्रम के शुरूवात में मुख्य अतिथि सह प्रभारी गणेश कुमार साहू एवम जिला अध्यक्ष उमेश सिंह को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए गणेश साहू ने बताया यह कार्यक्रम 12 फरवरी से आगामी 11 मार्च तक लगातार जारी रहेगा ।ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम में लोगों से संपर्क किया जाएगा। इसके साथ पदाधिकारियों के द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया जाएगा ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित कुमार, प्रदेश कार्यसमिति कामेश्वर भोक्ता, सुबोध सिंह, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष दसरथ ठाकुर, किसान मोर्चा बरियातू मंडल अध्यक्ष मुंशी साव, महामंत्री निर्मल सिंह मोर्चा जिला मंत्री राजकुमार महतो, मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, मनदीप, अर्जुन महतो, लखन महतो, सुधीर कुमार, भुनेश्वर महतो, गन्नू महतो, द्वारिका कुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट ने शादी में किया आर्थिक सहयोग

लातेहार। सदर प्रखंड के निवाड़ी पंचायत के अंतर्गत सोहदाग गांव में बसराज ताना भगत की बेटी में की शादी में उसकी मां को चेक सौंपा गया। जिला प्रभारी राजू सिंह बताया कि सुकन्या ट्रस्ट लातेहार में विगत 4 वर्षों से लगातार काम कर रही है, संस्था का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगो का मदद करना सबसे पहला उदेस्य है संस्था के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगरबत्ती मोमबत्ती पापड़ सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण भी देती है। ताकि महिलाएं अपने आप में अतमनिर्भार हो सके इस मौके पंचायत प्रभारी चांदनी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

जमीरा में जेल का फाटक टुटेगा, हेमंत सोरेन छुटेगा के नारे साथ निकली आक्रोश मार्च

आक्रोश मार्च में शामिल झामुमो कार्यकर्ता।

चंदवा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरूद्ध हो रहे कार्रवाई के खिलाफ केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा बुधवार को प्रखंड के जमीरा पंचायत में आक्रोश मार्च निकाली गयी। आक्रोश मार्च की अगुवाई झामुमो जिला उपाध्यक्ष सीतमोहन मुडा व प्रखंड सचिव मो. इजहार कर रहे थे। मार्च के दौरान झामुमो कार्यकर्ता जेल का फाटक टुटेगा हेमंत सोरेन छुटेगा, केन्द्र सरकार की मनमानी नही चलेगी, मोदी सरकार होश में आये जैसे कई नारे लगा रहे थे। मार्च को संबोधित करते हुये सीमतोहन मुंडा व मो. इजहार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार को राज्य की जनता ने जनादेश दिया था, जिसके बाद हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में गठबंधन सरकार राज्य विकास के पथ पर आगे ले जाने का कार्य रही थी, हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर केन्द्र सरकार ने जांच एजेंसियों को दुरूपयोग कर उन्हे फंसाने की साजिश की है। जिसका पुरे राज्य में पुरजोर विरोध किया जायेगा। आक्रोश मार्च में डब्लू प्रजापपि, युवा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, छोटू कुमार, रतनु गंझु, गोपाल प्रजापति, धीरज प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, मनिलाल यादव, बंधु उरांव, अनिल मुंडा, सुरेन्द्र यादव, भागरथी देवी, पार्वती देवी, शांति देवी समेत दर्जनो लोग शामिल थे।

दूसरे दिन पंचायतों में पेंशन के लिए उमड़ी भीड़

शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधि व कर्मी।

बरवाडीह। राज्य सरकार और जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर राज्य वृद्धापेंशन योजना को लेकर बरवाडीह प्रखण्ड के सभी पंचायतों में तीन दिवसीय पेंशन शिविर की शुरूआत मंगलवार से हो गई है। वही शिविर के दूसरे दिन बुधवार को पेंशन फ्रॉम भरने को लेकर पंचायत सचिवालयों में ग्रामीणों की भिड़ देखी गई। पंचायत सचिवालयों में पेंशन स्वीकृति को लेकर अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने मोरवाई पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों का पेंशन फ्रॉम भरने और स्वीकृत कराने में सहयोग किया। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को फ्रॉम भरने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर तीन दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है, जिसका आज दूसरा दिन हैं। यह शिविर कल 22 फरवरी दिन गुरुवार तक चलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने अपने पंचायत सचिवालय पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं। बताया कि 50 से 60 आयु के बीच सभी अनुसूचित जाति (एससी) और जनजाति (एसटी) को इस योजना का लाभ मिलेगा। मौके पर बाबूलाल सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

होटवाग पहाड़ी ढाबा में भाजयुमो ने की जिला स्तरीय युवा चौपाल की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक में मौजूद भाजपाई।

लातेहार। जिले के होटवाग स्थित पहाड़ी ढाबा में भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा के अध्यक्षता में जिला स्तरीय युवा चौपाल की आयोजन की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे। वहीं जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कार्यकताओं को बताया कि युवा चौपाल लातेहार के हर एक पंचायत में किया जाएगा जहां पर युवाओं को केंद्र के द्वारा चलाया जा रहे जनहित की योजनाओं को बताना है और नए मतदाताओं को अपने पक्ष में जोड़ना है। वहीं अतिथियों ने लातेहार विधानसभा के युवा चौपाल संयोजक सह युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्विनी सिंह और मनिका विधानसभा के युवा मोर्चा चौपाल के संयोजक सह जिला मंत्री अजय प्रसाद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं नई जिम्मेवारी की शुभकामनाएं दी साथ ही साथ राजद और कांग्रेस से आए दर्जनों कार्यकताओं ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक की संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री सूरज शाह ने की वही बैठक की समाप्ति की घोषणा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्विनी सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री बंशी यादव,युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री सह संयोजक आजाद शत्रु,पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह, मनिका ब्लॉक प्रमुख सह युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रतिमा देवी,युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश पाण्डेय, रवि सिंह, लोहरदगा जिला युवा मोर्चा प्रभारी रघुवीर यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची में जरूरतमंदो को किया गया दरकिनार

➲ मुखिया ने मुख्यमंत्री को भेजा आवेदन, ग्राम सभा को प्राथमिकता देने की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

ग्रामीणों के साथ चुंगरू मुखिया बलदेव परहिया।

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के चुंगरु पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास में लाभुकों के चयन में हुई गड़बड़ी को लेकर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नाम आवेदन मेल किया हैं। आवेदन में उन्होंने बताया है कि चुंगरू पंचायत में अबुआ आवास को लेकर जो प्राथमिकता सूची मिली है, उसमें कोटे के अनुसार पंचायत को कुल पचास (50) आवास आवंटित है। वहीं चुंगरू पंचायत अंतर्गत कुल छह गांव है, परंतु प्राथमिकता सूची में सिर्फ एक गांव हेहेगड़ा में लगभग 92% लाभुकों का नाम सूची में दर्ज है। जिस कारण बाकि बचे पाँच गांव के लोग जिन्हें आवास की अत्यंत जरूरत है, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस कारण पंचायत के लोगो में काफी रोष व्याप्त है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पंचायत में जो विशेष ग्राम सभा हुई है। जिसमें प्राथमिकता के अनुसार योग्य लाभुकों का चयन किया गया है, उसी को आधार मानकर एक नयी प्राथमिकता सूची तैयार की जाय ताकि पंचायत के सभी गांव के लोगो को इस कल्याणकारी अबुआ आवास योजना का लाभ मिल सके। इस पुनित कार्य के लिये पंचायतवासी सदैव आपका आभारी रहेंगे। वहीं मुखिया ने इसकी प्रतिलिपि विधायक रामचंद्र सिंह और उपायुक्त गरिमा सिंह के साथ-साथ बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज और जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह को भी दिया है।

पढ़ाई के साथ कला में भी प्रतिभावान हैं बच्चे : कविता खलखो

➲ चंदवा में जिलास्तरीय कविता पाठ एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

चंदवा। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान की पहल पर मंगलवार को स्थानीय राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय कविता पाठ एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य डीएसई कविता खलखो, अतिथि उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, बीईईओ राजश्री तुरी व लातेहार डाइट के मेघा रानी, ज्योति कुमारी, रवि कुमार, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित की। कार्यक्रम के दौरान वर्ग 3 से आठवीं तक एवं वर्ग 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कविता पाठ व चित्रांकन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों ने शील्ड व स्कूल बैग प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर डीएसई कविता खलखो ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी पढ़ाई के साथ कला एवं विभिन्न स्पधाओं में काफी निपुण हैं। अगर इन्हें मंच मिले तो क्षेत्र व राज्य का नाम रौशन करेंगे। वहीं उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के बीच बौद्धिक क्षमता का विकास होता है, कविता पाठ व चित्रांकन प्रतियोगिता से उनके अंदर छिपी प्रतिभा निखरती है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बिलाल अहमद व धन्यवाद ज्ञापन बीईईओ राजश्री तुरी ने किया। कार्यक्रम के मौके पर डीडीओ केदारनाथ महतो, बीआरपी प्रतीक कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार चंदेल, सीआरपी विकास कुमार समेत कई शिक्षक एवं काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों के साथ अतिथि।

सहजकर्ता दल तथा सोशल मोबलाइजर एवं फेसिलेटर को दिया गया प्रशिक्षण

अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ निर्धारित विषय वस्तुओं की दी गई जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

बीडीओ के साथ उपस्थित सहजकर्ता दल।

बरवाडीह। सोशल मोबलाइजर एवं फेसिलेटर की बैठक बुधवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की उपस्थिति में प्रखण्ड कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पंचायती राज विभाग के प्रखण्ड समन्वयक मंजीत कुमार ने उपस्थित लोगों को पहले दिन का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि प्रखण्ड के प्रत्येक पंचायत में पहले चार स्वयं सेवक कार्य कर रहे थे जिनमें से दो लोगों का चयन किया गया हैं। उन्हें उनके कार्यों से संबधित जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में इन सोशल मोबलाइजर और फेसिलेटर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जीपीडीपी के तहत किए जाने वाले कार्यों की सूचना उपलब्ध कराना फेसिलेटर का काम होगा और मोबलाइजर ग्राम सभा को संबोधित करेंगे साथ लोगों को मोटिवेट करने का काम करेंगे। इसके अलावा दूसरी पाली में पंचायत सहजकर्ता दल के दूसरा बैच का अंतिम दिन का प्रशिक्षण मास्टर प्रशिक्षक प्रखण्ड समन्वयक पंचायती राज मंजीत कुमार सिंह के द्वारा दिया गया। जिसमें ग्राम पंचायत छेचा, पोखरीकला, बेतला एवं चुंगरू एवं हरातु पंचायत के सहजकर्ता दल ने भाग लिया। तीसरे दिन के प्रशिक्षण के अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ विभाग द्वारा निर्धारित सभी विषय वस्तुओं पर विशेष जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत सभी आवश्यक दिशा निदेशों एवं कार्यक्षेत्र में काम आने वाले नियम-कानून से संबंधित जानकारी साझा करते हुए उन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रशिक्षण के पश्चात सभी पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम सभा करते हुए योजना तैयार करने का दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में आनंद कुमार गुप्ता, नरेश सिंह, मंटू कुमार, मो जावेद अनिल टोपनो, सुनील कुमार राम, मंजू कुमारी, रीना कुमारी, मालती देवी, चिंतामणि देवी, क्रिस्टीना कुमारी, अनिता कुमारी, रवि कुमार राम, बाबूलाल सिंह, अक्षय कुमार सिंह, सुनील भुइयां, अजय कुमार सिंह, मनोहर सिंह और सतीश कुमार समेत कई मोबिलजेजार एवं फेसिलेटर उपस्थित थे।

बीसीसीएल मे चार दशकों से नंबर वन है जनता मजदूर संघ का यूनियन : सिद्धार्थ

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। यूनियन की सबसे बड़ी पूंजी मजदूरों का विश्वास है। इन्हीं के बदौलत यूनियन आगे बढ़ती है। बीसीसीएल क्षेत्र में मजदूरों के विश्वास के बदौलत ही जनता मजदूर यूनियन पिछले चार दशकों से नंबर वन बना हुआ है। संघ का एक मात्र उद्देश्य मजदूरों को उनका हक अधिकार दिलाना है। यह बातें जनता मजदूर संघ के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने बुधवार को बेरमो के ढोरी के चपरी गेस्ट हाउस मे कही। उन्होंने कहा कि स्व. सूर्यदेव सिंह ने जिस सोच के साथ संघ का गठन किया था। उसे लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। महामंत्री श्री सिंह ने ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल से मिलकर मजदूर समस्याओं को विस्तार पूर्वक रखा। ढोरी प्रक्षेत्र के एडीओसीएम (अमलो), बीएंडके क्षेत्र के करगली गेट और खासमहल जमसं के मिलन समारोह में 51 किलो का माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समारोह में कई लोगो ने अपने समथर्कों के साथ जनता मजदूर संघ का दामन थामा। इन सभी का स्वागत करते हुए सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि उनके साथियों का कार्यशैली वास्तव में प्रसंशनीय है। इनके जुझारूपन को देख ऐसा लग रहा है कि अब संघ बीसीसीएल में ही नहीं सीसीएल में भी अपना पताका लहराएगी। समारोह को संबोधित करते हुए यूनियन के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह व जोनल सचिव सचिव ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि इमानदारी पूर्वक कार्य किया जाएगा। आने वाले दिन में, कथारा, ढोरी व बीएंडके आदि ही नहीं सीसीएल में यूनियन को नंबर वन बनाया जाएगा। बीएंडके एरिया अध्यक्ष राहुल कुमार, ढोरी एरिया अध्यक्ष धीरज पांडेय व सचिव विकास कुमार सिंह कथारा क्षेत्रीय सचिव कामोद यादव ने कहा कि संघर्ष ही मेरी पूंजी है। इसी के बदौलत मजदूर मुझपर विश्वास करते हैं। मजदूरों के हक अधिकार को ले लड़ाई का कारवा आगे भी जारी रहेगा। मिलन समारोह की अध्यक्षता जमसं सीसीएल के अध्यक्ष कमलेश सिंह व संचालन मोहम्मद खुर्शीद ने किया। इस अवसर पर संतोष कुमार, अभय कुमार सिंह, उज्जवल मुखर्जी, नवीन श्रीवास्तव, मोनू कुमार, शिबू कुमार, राजेश नायक, शशि सिंह, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

एक नजर में

खेल को हमेशा खेल के रूप में ही खेलने की जरूरत : माधवलाल

बेरमो/कथारा। कथारा आई बी एम ग्राउंड में माँ मनसा क्लब के द्वारा आयोजित स्व विनोद एवं सुंदर क्रिकेट मेमोरियल टूर्नामेंट का फाइनल मैच जूनियर माँ मनसा क्लब कथारा और मैक्स क्लब बाँध बस्ती की टीम के बीच खेला गया जिसमें मनसा क्लब की टीम ने जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा किया फाइनल मैच में माँ मनसा क्लब ने पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित ओवर में 113 रन बनाए जवाब में मैक्स क्लब बाँध की टीम ने 86 रन ही बना पाई माँ मनसा क्लब मैच को जीत लिया मैच में अपने बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए पवन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड बिहार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और ढेर सारी शुभकामनाएं दिए आयोजन करता मां मनसा क्लब के चंद्रशेखर यादव,राहुल,मुकेश यादव, दिलीप,दिनेश,विकाश,पंकज,मनीष ने अहम भूमिका निभाई मौके पर बाँध पंचायत के पंचायत समिति सदस्य चंद्रदेव यादव, अंकुश भंडारी,पंकज रवानी, अर्जुन यादव,आकाश कुमार, अमित कुमार,आदि उपस्थित है।

दामोदर घाटी निगम का दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट सम्पन्न

बेरमो। बोकारो थर्मल स्थित स्वामी विवेकानन्द स्टेडियम में हुए 20,21 दो दिवसीय ऑल 47वां अखिल घाटी एथलेटिक्स मीट कार्यक्रम में बंगाल के मेजिया थर्मल पॉवर स्टेशन प्रथम वा दुर्गापुर थर्मल पावर स्टेशन द्वितीय स्थान हासिल की। कार्यक्रम संपन्न के दौरान फ्रेंडली दौर में सीटीपीएस के मुख्य अभियंता प्रथम, बीटीपीएस परियोजना दुतिये वा डीजीएम तृत्ये स्थान हासिल की। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए परियोजना प्रधान ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेले जितने वा हारने वाले सभी बधाई के पात्र हैं,जिन्होंने इस मीट में भाग लिया। वही इस एथलेटिक्स मीट में दुर्गापुर, चंद्रपुरा, अंदाल, मैथन, मेजिया, कोडरमा, बोकारो थर्मल सहित ऑल वैली दामोदर घाटी निगम के खिलाड़ी मौजूद थे। कार्यक्रम में डीभीसी डीजीएम वी जी होलकर,सुनील कारण,राजू प्रसाद,विष्णु गोस्वामी, एस सरकार विनय कुमार आदि मौजूद थे।

भाजपा महिला जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन

बेरमो। बुधवार को सेंट्रल कॉलोनी मकोली ब्लॉक 29 उड़िया मोहल्ला में श्रीमती गिरिजा देवी भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व एवं दिनेश यादव अध्यक्ष फुसरो नगर , मदन श्रीवास्तव जिला कार्य समिति सदस्य श्रीमती वीणा देवी अध्यक्ष महिला मोर्चा फुसरो नगर की उपस्थिति में दर्जनों महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई। अनीता देवी पिंकी देवी रेखा देवी गायत्री कुमारी कलपतिया देवी आंगन बाई ईश्वरी देवी पार्वती देवी सोनी कुमारी अमन कुमारी कंचन कुमारी सावित्री देवी पांडी पोरोडा गुड़िया देवी सुमन देवी रवि कुमार अरुण पांडे शशि चौहान जय चौहान जीतो पारीडा एवं अन्य के नाम भाजपा मे शामिल होने वालो मे है।

बोकारो स्टील सिटी के खाली फील्ड की बुकिंग होगी ऑनलाइन

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के नगर प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के लिए खाली फील्ड के अस्थायी आवंटन करने की प्रक्रिया को और सुगम बनाने हेतु कंप्यूटर एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग की मदद से ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गयी है । अब विभिन्न प्रकार के आयोजनों के आयोजक खाली मैदान की बुकिंग बोकारो स्टील डॉट इन के पोर्टल पर कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत आवेदक दिए गए पोर्टल पर पहले अपने विवरण एवं आईडेंटिटी भरते हुए रजिस्टर करेंगे तत्पश्चात लॉगिन कर अपनी जरूरत के मैदान सेलेक्ट करेंगे फिर उसकी उपलब्धता के अनुसार आवेदन करेंगे। उक्त आवेदन की समीक्षा करने के पश्चात विभाग द्वारा सहमति प्राप्त होने पर ऑनलाइन पेमेंट पोर्टल पर पेमेंट करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। पुन: जिला प्रशासन के एसडीओ का परमिशन मिलने के बाद फाइनल अनुज्ञप्ति प्रदान कर दी जाएगी।

स्पीड न्यूज

केंद्रीय अस्पताल की समस्या को लेकर कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ ने दिया धरना

धनबाद। अस्तित्व का रोना रो रहे बीसीसीएल के केंद्रीय अस्पताल की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ ने अस्पताल के समक्ष 9 सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया। पूर्व घोषित धरने की अध्यक्षता हरिपद रवानी तथा संचालन आर एस तिवारी ने की। धरना में काफी संख्या में कोल कर्मी तथा सेवानिवृत्त कोल कर्मी शामिल थे। धरना के दौरान सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में 35 हजार स्थाई कर्मचारी व उनके परिवार के स्वास्थ्य को लेकर क्या कर रहे यह सोच का विषय है। इस धरना के माध्यम से बीसीसीएल प्रबंधन व उच्च प्रबंधन से कोल कर्मियों और उनके परिजनों की उचित चिकित्सा के लिए न्याय की गुहार लगाई गई है। धरना में मुख्य रूप से बिंदेश्वरी प्रसाद, अमरेंद्र चौधरी, श्रवण कुमार, चिमन कुमार, रामचंद्र पासवान, राम अवतार गोप अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद तथा मथुरा बैठा सहित अन्य शामिल थे।

बोकारो स्टील प्लांट में कार्यस्थल पर कार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

बोकारो। बीएसएल के सीआरएम एक एवं दो के पिकलिंग लाइन अनुभाग में शॉप कार्मिक द्वारा आयोजित कार्यस्थल पर कार्मिक कार्यक्रम में पीएफ ई नामांकन और ग्रेच्युटी नामांकन पृथक्करण आदेश दावा प्रपत्र अगले वित्तीय वर्ष के लिए भत्तों में बदलाव का विकल्प नाम परिवर्तन हेतु परिपत्र ऑनलाइन पेंशन फॉर्म भरना अनुकंपा पर रोजगार आईओडब्ल्यू और इसकी प्रक्रिया एमआईबी इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभाग के 05 अधिशासी तथा 18 कर्मचारियों ने भाग लिया और सभी ने अपने प्रश्नों को स्पष्ट करने और उस पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। कार्यक्रम में विभाग के जीएम संजीव मिश्रा सुप्रीत एके सिंह व कार्मिक मिल्स के डीजीएम अविनाश झा शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (कार्मिक संकार्य/ मिल्स) सुष्मिता सोरेन तथा प्रबंध प्रशिक्षु एचआर नितेश कुमार ने किया।

स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहा है सवाल, सीसीटीवी कैमरे पर चोरी की संपूर्ण वारदात हुई कैद

बेरमो। बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के डिजल नगर में अवस्थित क्रिएटिविटी वेस्ट टेक्नोलॉजी कंपनी के कार्यालय में पिछले 14 जनवरी को बहुत ही नाटकीय ढंग से चोरी की घटना को चोरो ने अंजाम दिया था। कार्यालय से नगद 04 लाख 30 हजार एव एलडी मॉनिटर टीवी वा अन्य सामानों को चोरी कर चोर आराम से चलते बने। दूसरी ओर चोरी की घटना का संपूर्ण वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, चोरी की ये घटना की लिखित सूचना आवेदन के माध्यम से स्थानीय पुलिस को दी गई,किंतु चोरी की घटना का यह मामला एक माह से भी ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद पुलिस इस घटना का उद्भेदन कर पाने में असफल रहा है। इस संदर्भ में एजेंसी धारक का कहना है कि इस कार्यालय से कई बेरोजगार युवाओं का रोजगार चलता है,जबकि खुद एजेंसी धारक दिल्ली के है अगर ये एजेंसी किन्ही कारणों से बंद हो जाती है तो कितने लोग बेरोजगार हो जायेंगे, भुक्तभोगी एजेंसी धारक का कहना है कि इस तरह की घटना का पूणाहुति ना हो। इस घटना में शामिल अपराधी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो इसे लेकर स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है।

शिक्षक उमेश महतो के असामयिक निधन से लोग हुए शोकाकुल

बोकारो/तालगड़िया। चास प्रखंड स्थित बिजुलिया पंचायत अंतर्गत सिंहडीह निवासी शिक्षक युवा मोटीवेशन स्पीकर व समाजसेवी उमेश महतो के ड्यूटी जाने के क्रम में बोकारो स्टेशन पर रांची के लिए ट्रेन पकड़ने हेतु प्लेटफॉर्म 2 पर जाने के लिए सीढ़ी चढ़ते वक्त उन्हें अचानक दौरा पड़ा। आनन फानन में उन्हें बीजीएच लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी शव यात्रा में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। मौके पर चंदनकियारी विधायक के प्रतिनिधि दिलीप महतो आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो जिप सदस्य प्रतिनिधि रामपद दास प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सृष्टिधर रजवार जेबीकेएसएस नेता अर्जुन रजवार शिक्षक लालमोहन महतो, मनोज महतो, नकुल महतो, मुखिया कालाचांद महतो, मंटू महतो, रजनीकांत महतो, सुरेन रजवार, उनके घर पहुंचे एवं शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया।

रामकथा में माता सती के पिता के अहंकार की कथा हुई

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। गौशाला अटल चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित सात दिवसीय रामकथा में बुधवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता अरविन्द गगाचार्य जी ने सती के अपने पिता दक्ष प्रजापति के घर आने का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि सती के पिता दक्ष को जब देवताओं में प्रजापति का पद मिला तो उसे अहंकार हो गया। वास्तव में पद, प्रतिष्ठा, धन जिसे मिल जाए वह अहंकारी हो जाता है। परंतु वही अहंकार उसके पतन का कारण बनता है हम सिकंदर के बराबर बलवान नहीं है। पर जब सिकंदर मरने लगता है तो कहता है जब मेरी अंतिम यात्रा निकालना तो मेरे दोनों हाथ कब्र से बाहर निकाल देना। ताकि लोग देख सके कि मैंने कितनों को लूटकर धन इकट्ठा किया पर आज वह मेरे साथ नहीं गया। संसार की कोई वस्तु सदा साथ नहीं रहती तो घमण्ड किस बात का करते हो। अंत में माता पार्वती और भगवान शंकर के विवाह से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। रामकथा में मुख्य रूप से बजरंग दल राष्ट्रीय धर्म प्रचारक यज्ञाचार्य आशीष नंद महाराज, आचार्य आशीष पांडे, अभिषेक पांडे, सोनू पाठक, रिसी पांडे, मुख्य यजमान राघव कु तिवारी, कौशल सिंह, शशि सिंह, गणेश सिंह, ललित चौबे, प्रभु सिंह, निपेंद्र झा, अनुभव, दिपु, भोला, अनिरुध सिंह, शंकर झा, सतेंद्र सिंह, उपेंद्र सहित समस्त मारुति नंदन यज्ञ कमिटी उपस्थित थे।

चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 11 में लगा पेंशन शिविर

चिरकुंडा। चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 11 स्थित तालडांगा हाउसिंग कालोनी के वार्ड विकास केंद्र में वार्ड 8 से 14 तक के लाभुकों के लिए मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर परिषद क्षेत्र के 50 से 59 वर्ष आयु वर्ग के महिलाओं एवं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के पुरुषों का पेंशन से संबंधित कुल 118 आवेदन प्रपत्र संग्रहण किया गया है। शिविर में अंचलाधिकारी एग्यारकुंड कुमार मरांडी, कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, सिद्धार्थ प्रामाणिक आदि थे।

जनकल्याण के विद्यालय में 24 को मनेगी संत रविदास जयंती

बोकारो। जनकल्याण सामाजिक संस्था द्वारा स्थानीय सेक्टर 12ए में संचालित भगवान बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय में कोषाध्यक्ष अक्षय लाल पासवान की अध्यक्षता में शिक्षकों और कमेटी के सदस्यों की संपन्न संयुक्त बैठक में स्कूल के संस्थापक सदस्य सचिव परशुराम राम ने कहा कि संस्था की ओर से 24 फरवरी दिन शनिवार को माघी पूर्णिमा स्नान दान के अवसर पर संत रविदास जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर बाल भोज कराया जाएगा। स्कूल के सभी बच्चों में पोशाक वितरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि हेल्पिंग हैंड के संस्थापक समाजसेवी गोपाल मुरारका होंगे। उक्त बैठक में हरिशंकर प्रसाद सोनी रवि कुमार दास जोगिंदर बिहार दास ममता सिंह गुड़िया देवी चंदेश्वर ठाकुर मुसाफिर ठाकुर विजय कुमार बबीता कुमारी अजय कुमार बृजकिशोर बैठा आदि उपस्थित रहे।

जनसंपर्क पदाधिकारी ने संभाला कामकाज

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूर गांवों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। योजनाबद्ध तरीके से जनसंपर्क का दायरा बढ़ाते हुए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना के प्रचार प्रसार में मीडिया की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर सूचनाओं का आदान प्रदान करते हुए मीडिया के माध्यम से सभी सूचनाएं जनता के साथ साझा की जाएगी। मौके पर एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह इकाई लिपिक राकेश रंजन सिन्हा झामुमो नेता संतोष कुमार चौरसिया मो सलाम आशुतोष कुमार मनोज सोरेन समेत अन्य मौजूद कर्मियों द्वारा निवर्तमान डीपीआरओ राहुल भारती को पुष्प गुच्छ/शॉल ओढ़ाकर विदाई दी गई। साथ ही नव पदस्थापित डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

लाखों रूपए खर्च के बाद भी जारंगडीह वासियों को नहीं मिली कोल डस्ट की समस्या से निजात

बेरमो। बेरमो कोयलांचल में कोल डस्ट की समस्या से लोग परेशान रहते हैं। सबसे ज्यादा फुसरो गोमिया मुख्य पथ के जारंगडीह में उड़ती कोल डस्ट से राहगीर और दुकानदार परेशान हैं, जबकि सीसीएल प्रबंधन कोल डस्ट से राहत के लिए पानी छिड़काव के स्प्रिंकल लगाया है। इस मद में लाखों रुपये खर्च की गई है लेकिन उसका सदुपयोग नहीं हो रहा है।

इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीर तथा जारंगडीह वासियों को जारंगडीह कांटा घर से लेकर जारंगडीह वीटीसी सेंटर तक सफर तय करना जंग जीतने की तरह होती है। महज 10 मिनट के सफर में साफ सुथरा व्यक्ति पहचानने लायक नहीं रह जाता है वहीं धूलकण की वजह से आंखों के सामने दिन में ही अंधेरा छा जाता है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने सीसीएल कथारा क्षेत्रीय प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीसीएल कथारा क्षेत्र के सिविल विभाग लूट में व्यस्त है। टेंडर के बाद जो काम होता है उस पर निगरानी नहीं होती है। जैसे तैसे कार्य को किया जाता है। महज कागजों पर कार्य किया जाता है, वास्तविक धरातल पर कार्य के नाम पर आईवॉश की जाती है। सीसीएल प्रबंधन द्वारा साफ सफाई के नाम पर लाखों रूपए की निविदा निकाली जाती है। लेकिन समस्या बरकरार है। वहीं जारंगडीह के रहने वाले भगवान सिंह ने चिंता जताते हुए कहा कि कोल डस्ट से जारंगडीह वासी सहित राहगीर तो परेशान हैं ही, साथ में सीसीएल कॉलोनियों में भी गंदगी फैली हुई है। समस्या से छुटकारा नहीं मिल रही है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सीसीएल में सतर्कता विभाग है लेकिन वह भी मूकदर्शक बनी रहती है।

जमसं (कुंती गुट) और मासस, झामुमो नेता सहित समर्थकों के बीच जमकर हुई मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। सेल टासरा के संवेदक कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के कोयला लदे दो वोल्वो को रोककर जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के टासरा शाखा अध्यक्ष बिरजू सिंह सहित ग्रामीणों और केटीएमपीएल के सहयोग में मासस नेता जीतू सिंह, झामुमो नेता गोवर्धन मंडल सहित कई ग्रामीण उलझ गए। इसको लेकर पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इसमें विनोद उर्फ दुखन सिंह, कालीपद मंडल, राजू सिंह उर्फ काली, रिक्की कुमार, राहुल सिंह, जमसं उपाध्यक्ष दीपक सिंह, बिरजू सिंह, अरुणा देवी, रोहित सिंह, डब्ल्यू सिंह सहित कई अन्य ग्रामीण घायल हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बुधवार को टासरा प्रोजेक्ट से पहले दिन दो वोल्वो से कोयला ट्रांसपोर्ट शुरू किया गया। इसका विरोध कर 13 सूत्री मांगों को लेकर पहले पक्ष जनता मजदूर संघ के शाखा सचिव बिरजू सिंह सहित ग्रामीणों ने केटीएमपीएल के दोनों वोल्वो वाहन संख्या जे एच 10 सी वी 4704 और जे एच 10 सी यू 6988 को झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर गौशाला बाजार में नारायण पेट्रोल पंप के समीप रोक लिया। वहीं दूसरे पक्ष केटीएमपीएल के सहयोग में मासस नेता जीतू सिंह, झामुमो नेता गोवर्धन मंडल सहित कई ग्रामीण पेट्रोल पंप के समीप पहुँचकर दोनों पक्ष में जमकर लाठी डंडे चले। सिंदरी अनुमंडल की पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों को गौशाला ओपी बुलाते हुए दोनों वाहनों को गौशाला ओपी में खड़ा कर दिया गया। इसको लेकर पहले पक्ष जमसं शाखा अध्यक्ष बिरजू सिंह ने कहा कि 13 सूत्री मांगों पर प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं हो सका है। इसको लेकर विरोध किया जा रहा है। वहीं दूसरे पक्ष मासस नेता जीतू सिंह ने कहा कि प्रोजेक्ट चलना चाहिए और ग्रामीणों को नियोजन मिलना चाहिए। इसका विरोध करने वाले का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

जनता मजदूर संघ का आंदोलन समाप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। जनता मजदूर संघ की ओर से सीसीएल के गोविंदपुर स्वांग परियोजना में संचालित आउट सोर्सिंग कम्पनी में रोजगार की मांग को लेकर पूर्व में दिए पत्र के अवलोक में दो बार विफल वार्ता के बाद जनता मजदूर संघ के द्वारा मंगलवार की सुबह लगभग छः बजे से सीसीएल गोविंदपुर में कार्यरत आरए माइनिंग आउट सोर्सिंग कम्पनी के खिलाफ अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन शुरू किया गया। जिसके बाद सीसीएल प्रबंधन एवं आउट सोर्सिंग कंपनी हरकत में आई और वार्ता के लिए जनता मजदूर संघ के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया। और पीओ कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें सीसीएल प्रबंधन की ओर से पीओ अनिल कुमार तिवारी, कार्मिक प्रबंधक समविराज सिंह उपस्थित रहें। वहीं जनता मजदूर संघ के जोनल सचिव करगली क्षेत्र के ओमप्रकाश उर्फ टीनू सिंह, कथारा क्षेत्रीय सचिव कामोद प्रसाद, अध्यक्ष किशोर महतो, सचिव दीपक वर्मा, उपाध्यक्ष प्रभु यादव सहित अन्य जनता मजदूर संघ के पदाधिकारी सामिल रहें। साथ ही आरए माइनिंग के प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष सिंह के बीच लम्बी वार्ता के बाद सहमत बनी। त्रिपक्षीय वार्ता बैठक में सर्व सहमति से लिए गए निर्णय के पश्चात आरए माइनिंग के प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष सिंह के माध्यम से यह आश्वस्त किया गया है की विस्थापित योग्य ग्रामीणों को आरए माइनिंग में नियोजन दिनांक 29 फरवरी 2024 को सुनिश्चित कर दिया जायेगा। जिसके बाद सुबह लगभग 6 बजे से शुरू अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। जिस पर जनता मजदूर संघ के पदाधिकारी टीनू सिंह ने कहा कि वार्ता में बहुत तरह की बातें हुई। हमलोग की मांग था नियोजन जो कंपनी के तरफ से लिख कर दिया गया है कि नियोजन देंगे। बात ऐसा है की मांग कुछ लम्बा था बड़ा था परंतु हमलोग पूर्ण संतुष्ट तो अभी नहीं हुए हैं। लेकिन आंशिक सफलता जरूर मिली है। और हमलोगो का आगे का रास्ता हुआ है। मौके पर जेएमएस के सह सचिव गणेश, उदय अग्रवाल, सोरेन, बसंत राय, कोषाध्यक्ष सुजय सिंह, गौरीशंकर, विरेश निषाद, विनय वर्मा, रितिक पासवान, रंजित ठाकुर, कौलेश यादव, हजरत अंसारी, इकबाल अंसारी, जगदीश राम, गुड्डू राम, धनेश्वर यादव, किशुन घाँसी,प्रेम कुमार, बृज लाल महतो,मनोज महतो, दीपक घोस, सहजद अंसारी, सहित अन्य कई कार्यकर्ता शामिल रहें।

पेज 1 का शेष

जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने दिया इस्तीफा

क्या था मामला : गत 28 जनवरी 2024 को राज्यभर में जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा आयोजित की गयी थी। परीक्षा के दौरान तीसरी पाली की परीक्षा के प्रश्न पत्र वायरल हो गया। अंततः परीक्षा को रद्द करनी पड़ी। प्रश्न पत्र लीक होने के बाद छात्रों का आंदोलन आयोग कार्यालय के सामने देखने को मिला। नाराज छात्रों ने जमकर तोड़फोड़ भी की। इस परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के कारण छात्रों में नाराजगी देखी गयी थी। छात्रों ने आयोग का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया था। स्थिति संभालने के लिए पुलिस को लाठियां भी चटकानी पड़ी थी। इससे आयोग की बहुत किरकिरी हुई थी। प्रश्न पत्र लीक होने के बाद एक तरफ जहां छात्र आंदोलनरत हैं और इसकी जांच सीबीआइ से कराने की मांग कर रहे हैं। वहीं दूसरी और विपक्ष के द्वारा लगातार झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिंहा पर कांड दर्ज कर उन पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही थी। ऐसे में आयोग के अध्यक्ष के रूप में नीरज सिंहा का इस्तीफा देना बड़ी बात है।

सभी समस्याओं हल हम निकाल लेंगे : कृषि मंत्री

किसानों की मांग : किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और कृषि मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफ करने, पुलिस में दर्ज मामलों को वापस लेने, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

हरियाणा पुलिस की निंदा : किसानों के विरोध प्रदर्शन पर कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने बोलते हुए कहा है कि "पुलिस फायरिंग के दौरान बठिंडा जिले के एक 23 वर्षीय व्यक्ति को गोली लग गयी। दुर्भाग्य से, ये सभी प्रदर्शनकारी पंजाब क्षेत्र में थे और उनमें से किसी ने भी कुछ गलत नहीं किया, लेकिन हरियाणा की पुलिस शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर जिस तरह की कार्रवाई कर रही हैं, वो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को किसानों के साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के खिलाफ पंजाब के थाने में एफआइआर की मांग कर डाली। उन्होंने कहा कि पुलिस फायरिंग हो रही है और ये गृह मंत्री हैं, इसलिए, ये उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। हालांकि अब तक हरियाणा पुलिस ने कहा है कि आज किसी भी शख्स की गोली से जान नहीं गयी है।

स्पीड न्यूज

बिहार विस के उपाध्यक्ष हजारी ने दिया इस्तीफा

पटना । विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है। राजनीति में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्हें नीतीश मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। जदयू नेताओं के अनुसार हजारी को जल्द ही मंत्री बनाया जायेगा। इस वजह से ही उन्होंने उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। हजारी पहले भी नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में भवन निर्माण मंत्री रह चुके हैं। महेश्वर हजारी जदयू से चार बार विधायक रहे है। पासवान जाति से आते हैं।

इजरायल का सीरिया की राजधानी में हमला

यरूशलेम। इजरायली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किये। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने कहा कि इजरायली सेना ने काफर सौसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया।

ब्रिटेन का बैलेस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण हुआ असफल

लंदन। ब्रिटेन की नौसेना का मंगलवार को ट्राइडेंट द्वितीय अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का प्रक्षेपण असफल रहा । द सन ने मंगलवार को सूत्रों एवं ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

उत्तराखंड में आदमखोर टाइगर पकड़ा गया

नैनीताल। कार्बेट पार्क से सटे गांवों में आतंक का पर्याय बने आदमखोर बाघ (टाइगर) को वन विभाग की टीम ने बीती देर रात को आखिरकार पकड़ लिया है। बाघ का डीएनए जांच के लिये हैदराबाद भेजा जा रहा है। कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के निदेशक धीरज पांडे ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बाघ को ढेला रेंज के पतरूवा पूर्वी बीट से बीती देर रात को रेस्क्यू किया गया। बाघ की उम्र सात से आठ साल बतायी जा रही है। उसे सुबह ढेला रेस्क्यू सेंटर लाया गया।

ओडिशा के पूर्व मंत्री पाणिग्रही भाजपा में

भुवनेश्वर। ओडिशा के पूर्व मंत्री एवं गोपालपुर विधायक प्रदीप पाणिग्रही सभी राजनीतिक अटकलों पर विराम लगाते हुए बुधवार को भाजपा में शामिल हो गये। ओडिशा भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल ने श्री पाणिग्रही का स्वागत किया और यहां राज्य पार्टी कार्यालय में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उन्हें पार्टी में शामिल किया।

अमेरिकी सीनेट का चुनाव लड़ेंगे कृष्णमूर्ति

न्यूयॉर्क। एक शीर्ष अमेरिकी पत्रिका में भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को 50 सर्वाधिक शक्तिशाली लोगों की सूची में रखा गया है। ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि कृष्णमूर्ति 2026 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। लेकिन, उन्होंने इसे सिरे से नकार दिया है। नई दिल्ली में जन्मे और इलिनोइस में पले-बढ़े डेमोक्रेट को शिकागो मैगजीन की हेवी हिटर्स सूची में 24वां स्थान मिला था, जिसमें इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर शीर्ष पर थे। 2016 में कांग्रेस के लिए चुने गए कृष्णमूर्ति अब अपने चौथे कार्यकाल में इलिनोइस के 8वें जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें शिकागो के पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी उपनगरों के साथ-साथ शहर का 41वां वार्ड भी शामिल है।

पाकिस्तान के पीएम बनेंगे शाहबाज, जरदारी राष्ट्रपति

पड़ोसी देश में सत्ता की दौड़ : पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच बनी सहमति

एजेंसी

▸▸ सरकार बनाने के लिए फिर हमराह बनेंगे बिलावल भुट्टो

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव में सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटों के आंकड़ों दूर दलों की जोड़तोड़ की कवायद आखिरकार कामयाब होती दिख रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेताओं ने राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार देर रात बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में पत्ते खोल दिए। इन नेताओं ने कहा अगले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ होंगे। आसिफ अली जरदारी को दोनों पार्टियां संयुक्त रूप से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करेंगी। पाकिस्तान के जिओ न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। जिओ न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौता कर लिया है। दोनों प्रमुख दलों के शीर्ष नेताओं ने पुष्टि की कि वे देशहित में सरकार बनाने के लिए एक बार फिर हमराह बनेंगे। पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के पास अब पूरी संख्या है और हम अगली सरकार बनाने की स्थिति में हैं। बिलावल ने कहा कि शहबाज अगले प्रधानमंत्री होंगे और जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए दोनों पार्टियों के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों दल देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए अगली सरकार बनाएंगे। सीनेट अध्यक्ष के रूप में पीएमएल-एन नेता इशाक डार के नामांकन के संबंध में एक सवाल पर, बिलावल ने जवाब दिया कि इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। आसिफ अली जरदारी ने कहा कि वह लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनका संघर्ष आपके, पाकिस्तान और आने वाली पीढ़ियों के लिए है। शहबाज ने कहा कि हमारे पास अगली सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या है।" उन्होंने बिलावल और जरदारी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। शहबाज ने भी कहा कि दोनों पार्टियों ने फैसला किया है कि जरदारी को राष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारा जाएगा। शहबाज ने कहा कि मंत्रालयों पर निर्णय पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और पीपीपी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में बाद में लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चुनाव में पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 92 सीट हासिल की हैं। पीएमएल-एन को 79 और पीपीपी को 54 सीटों पर संतोष करना पड़ा है।

बिहार के लखीसराय में भीषण सड़क हादसा, नौ मरे और पांच की हालत नाजुक

पटना। बिहार के लखीसराय जिले में रामगढ़ चौक थाना चौक क्षेत्र के झुलौना गांव के पास बुधवार अहले सुबह ट्रक और सीएनजी टैंपो की सीधी टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में घायल पांच लोगों की हालत नाजुक है। इस टक्कर में टैंपो के परखच्चे उड़ गए । टैंपो में कुल 14 लोग सवार थे। इनमें से आठ की मौत घटनास्थल पर हो गई । एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल से पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। मृतकों में टैंपो ड्राइवर मनोज कुमार भी शामिल है।

बिहार विधानसभा में विपक्ष के मुर्दाबाद के नारों पर भड़के नीतीश कुमार, कहा

मैं तुम्हें जिंदाबाद कहूंगा

खबर मन्त्र संवाददाता

अगले चुनाव में ज्यादातर लोग फिर नहीं जीतेंगे, तब निर्वाचन क्षेत्रों में शोर मचाने में बितायेंगे

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा उनके खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये जाने पर भड़क गए। बिहार विधानसभा में बुधवार को कार्यवाही शुरू होने के 30 मिनट के भीतर ही विपक्ष ने एक बीजेपी विधायक द्वारा मंगलवार को कथित तौर पर असंसदीय शब्दों का प्रयोग किए जाने के मुद्दे पर उनसे माफी की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। कई विपक्षी सदस्य वेषम में आ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सदन अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सभी से अपनी सीट पर लौटने की अपील की, लेकिन उसे भी अनसुनी कर दिया। विपक्षी के मुख्यमंत्री मुर्दाबाद के नारे पर कुमार अपनी सीट से खड़े हो गये और जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते रहो। मैं तुम्हें जिंदाबाद कहूंगा। लेकिन याद रखना अगले चुनाव में आप में से ज्यादातर लोग फिर से निर्वाचित नहीं हो पाएंगे। तब आप अपना समय अपने निर्वाचन क्षेत्रों में शोर मचाने में बिता सकते हो। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार ने बहुत कुछ किया है। लेकिन आप लोग जब भी सत्ता में आए गलत काम किए। मैं सब कुछ ठीक करने जा रहा हूं। कुमार ने अपर मुख्य सचिव केके पाठक को हटाने की मांग पर भी आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले आदेश दिया था कि शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में निर्धारित स्कूल का समय सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बजाय सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक किया जाए। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया था कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक ने मुख्यमंत्री द्वारा सदन के भीतर दिये गए आश्वासन की अवहेलना की है। मुख्यमंत्री ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि आप एक अधिकारी को हटाने की मांग कर रहे हैं। क्या आपको ऐसा करने का अधिकार है? आप सबसे ईमानदार अधिकारी को स्थानांतरित कराना चाहते हैं। नीतीश ने कहा कि एक बार जब मुझे स्कूल के नये समय के खिलाफ शिकायतें मिलीं तो मैंने इसे तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया। कुमार ने सदन को बताया था कि स्कूल की समय अवधि में बदलाव किया जाएगा। इसके एक दिन बाद संशोधित समय की घोषणा करते हुए अधिसूचना जारी की गई।

चाचा ने पलटने का बनाया रिकार्ड : तेजस्वी

मोतिहारी । बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा नीतीश चाचा ने पलटने का रिकार्ड बनाया। पहले कहते थे,कि मीडिया को मोदी जी ने हाईजैक कर लिया है।अब तो वे खुद ही हाइजैक हो गये। यह तंज उन्होंने नीतीश पर कसते हुए परिभाषित किया कि वे अक्सर मीडिया वालो से बोलते थे कि आप लोगों को मोदी जी ने हाईजैक कर लिया है। इसलिए आप लोग मेरी बात न तो ठीक से छापते है और नही चलाते है। श्री यादव अपने जन विश्वास यात्रा के दुसरे दिन मोतिहारी के स्पोर्टस क्लब के मैदान में एक महत्ती जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार बीजेपी के साथ थे तो कहते थे कि नौकरी असंभव है। लेकिन, महागठबंधन में आये तो हमने 17 महीने में पांच लाख लोगों को नौकरी दी। उन्होंने कहा कि न जाने वे क्यों पटली मार कर बीजेपी के साथ चले गये। आने वाले समय में लोग इसका हिसाब लेंगे।

इवीएम की पारदर्शिता हर कीमत पर रहेगी बरकरार

खबर मन्त्र संवाददाता

लोकसभा चुनाव

स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा आयोग : सीइसी

पटना। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि निष्पक्ष लोकसभा चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की पवित्रता और पारदर्शिता हर कीमत पर बरकरार रखी जाएगी।

श्री कुमार ने लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में प्रशासनिक तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से आयोजित समीक्षा बैठक के बाद बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। सीईसी ने विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा ईवीएम पर अक्सर उठाए जाने वाले संदेह से संबंधित सवाल पर कहा कि यह कोई नई बात नहीं है लेकिन कुछ राजनीतिक दल ईवीएम पर सवाल उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग ने ऐसी शंकाओं को दूर करने के लिए सभी कदम उठाए हैं। कुमार ने कहा कि समय-समय पर अदालत के फैसलों सहित सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने निष्पक्ष मतदान के लिए ईवीएम की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कदम उठाए हैं और इससे संबंधित विवरण आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में ईवीएम की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों के सुझावों के अनुसार भी कदम उठाए जाएंगे। सीईसी ने कहा कि चुनाव आयोग विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए ईवीएम के परिवहन के दौरान सभी राजनीतिक दलों के एजेंटों को सूचित करेगा, वे जब चाहें तब गिनती करें। कुमार ने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों को मतदान को प्रभावित करने के लिए नकदी और शराब की तस्करी पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। बैंकों को केवल कार्यालय समय के दौरान नकदी का परिवहन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है।

नयी दिल्ली में ई-बुक का अनावरण और ब्रोशर जारी करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सर्बानंद सोनवाल

जीवन पद्धति का प्रमुख हिस्सा है आयुर्वेद : मुंडा

एजेंसी

सार्वजनिक स्वास्थ्य पर संयुक्त पहल से आदिवासी छात्रों को लाभ होगा : सर्बानंद सोनवाल

नयी दिल्ली। केंद्रीय जनजातीय कार्य, कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय आयुष, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक संयुक्त पहल की घोषणा की। इस परियोजना का लक्ष्य एनीमिया, हीमोग्लोबिनोपैथिस, कुपोषण और तपेदिक पर विशेष ध्यान देने के साथ देश के 14 राज्यों में चिन्हित 55 ईएमआरएस में कक्षा 6 से 12वीं में नामांकित 10-18 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति की जांच करना है। मुंडा ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय जीवन पद्धति का एक प्रमुख हिस्सा है। भारत की जो परम्पराएँ आदिकाल से रही हैं, उसको नए तरीके से लोगों के बीच जागरूकता के साथ सतही तौर पर नीचे तक पहुंचा जा सके उसकी यह पहल है ।आयुष मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय की संयुक्त अनुसंधान और विकास और सार्वजनिक स्वास्थ्य की यह पहल देश के विभिन्न जनजातीय क्षेत्रों में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के मिशन में मील का पत्थर साबित होगी । उन्होंने एकलव्य विद्यालयों से भी आग्रह किया कि जिस प्रकार एकलव्य विद्यालय में पोषण वाटिका बनाए गए हैं वैसे ही औषधीय पौधों की वाटिका बनाई जाए और इसकी शिक्षा भी साथ ही साथ दी जाए।

शाहरुख खान को मिला दादा साहब बेस्ट एक्टर का पुस्कार



मुंबई। दादा साहब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार के रूप में जाना जाता है। यह पुरस्कार समारोह हाल ही में मुंबई में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के मशहूर कलाकारों ने शिरकत की। इस अवॉर्ड समारोह का एक्टर साल भर तक इंतजार करते हैं। इस साल बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया। बॉबी देओल और संदीप रेड्डी वांगा को फिल्म एनिमल के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड और दक्षिण फिल्म उद्योग के कलाकार भी शामिल हुए। इस इवेंट में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, बॉबी देओल, शाहिद कपूर, विक्की कौशल और नयनतारा नजर आए। आइए अब जानते हैं कि किस फिल्म के लिए किसने जीता अवॉर्ड...दादा साहब फाल्के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव मुंबई के ताज लैंड्स एंड में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड और दक्षिण फिल्म उद्योग के कलाकार भी शामिल हुए। इस इवेंट में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, बॉबी देओल, शाहिद कपूर, विक्की कौशल और नयनतारा नजर आए। इस दौरान शाहरुख खान ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।उन्होंने रानी मुखर्जी के साथ पोज देकर भी सुर्खियां बटोरी।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – शाहरुख खान (जवान), सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - नयनतारा (जवान), सर्वश्रेष्ठ खलनायक - बॉबी देओल (एनिमल), निर्देशक - संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल)।

कोहली और अनुष्का के घर आया मेहमान

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने बेबी बॉय का स्वागत किया अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने एक बच्चे का स्वागत किया है। आखिरकार बुधवार को एक्ट्रेस ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए दूसरी बार मां बनने की प्यारी खबर अपने फैंस के साथ शेयर की है। अनुष्का शर्मा ने 15 फरवरी को एक प्यारे से बेटे को जन्म दिया।

राहुल गांधी के करीबी निकेत भाजपा में शामिल

एजेंसी

कांग्रेस को झटका

▸▸ राम मंदिर मुद्दे पर पार्टी के रवैये से नाराज थे पटेल

▸▸ सुरत में दो सौ से अधिक कार्यकर्ताओंने थामा दामन

सूरत। राम मंदिर मुद्दे पर उदासीन वाले रुख से कांग्रेस में भगदड़ सी मची है। लोकसभा चुनाव से पूर्व बड़े नेता से लेकर पार्टी के ग्रास रूट लेवल के कार्यकर्ता तक कांग्रेस छोड़कर केसरिया खेस धारण कर रहे हैं। बुधवार को सूरत में कांग्रेस के सीनियर नेता और राहुल गांधी के नजदीकी माने जाने वाले निकेत पटेल ने भी कांग्रेस छोड़कर अपने दो सौ से अधिक कार्यकताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सूरत शहर कार्यालय में बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल की मौजूदगी में निकेत पटेल ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का केसरिया खेस पहन लिया। इस अवसर पर निकेत पटेल ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर मुद्दे पर अपना रुख साफ नहीं कर पाई। राम मंदिर के निर्माण की बात हो या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, इन सभी पर कांग्रेस अपनी बात स्पष्टता से नहीं कह सकी। इसका उन्हें बहुत दुख था। पटेल ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी पहले की तरह ही है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर काफी समय से उनका मन व्यथित था। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व पार्षद सुनील पटेल भी भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा से प्रेरित होकर नए कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री जो बोलते हैं, वह करते हैं। देश के लोग उन पर विश्वास करते हैं। पहले देश में परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति थी लेकिन आज नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास की राजनीति स्थापित की है। महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण का काम किया है।

भारत-यूनान के बीच व्यापार होगा दोगुना

नयी दिल्ली। भारत और यूनान ने आपसी संबंधों को आधुनिक स्वरूप देने के लिये मिलकर कई नयी पहल करने तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के विस्तार का निश्चय किया है। दोनों देश परस्पर व्यापार को 2030 तक दो गुना करने की दिशा में अग्रसर हैं। दोनों देशों के नागरिकों को एक-दूसरे के यहां आने-जाने में आसानी के लिये चल रही बातचीत को जल्द से जल्द सम्पन्न करना चाहते हैं। यह जानकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत यात्रा पर आये यूनान के प्रधानमंत्री मित्सो-ताकिस के साथ बातचीत के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने वक्तव्य में दी।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran–II	₹ 120	Hindi Vyakaran–II	₹ 120
English Grammar – II	₹ 120	English Grammar – II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!